kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-74 | मंगलवार, 15 अप्रैल 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

हमारे संविधान के प्रमुख निर्माता और सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के लिए एक अथक योद्धा के रूप में, डॉ. अम्बेडकर ने अपने विवेक, दृढ़ विश्वास और हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के माध्यम से भारतीय इतिहास की दिशा बदल दी। **जगदीप धनखड़**

नेताओं ने अंबेडकर जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की 11

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लोगो' एवं 'शुभंकर' का हुआ अनावरण 12

संक्षेप

सलाहकार कंपनी ने दिया नोटिस का जवाब, परीक्षण शुरू

लखनऊ। निजीकरण के लिए सलाहकार बनाई गई कंपनी ने नोटिस का जवाब पावर कॉरपोरेशन को दे दिया है। अब उसके जवाब का परीक्षण चल रहा है। सभी तथ्यों की पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारों की मानें तो पावर कॉरपोरेशन के नियमों में टेंडर में गलत दस्तावेज लगाने पर फर्म को दो से पांच साल तक काली सूची में डाला जा सकता है। सलाहकार बनाई गई कंपनी ग्रांट थॉर्नटन पर आरोप हैं कि उसने टेंडर के लिए जमा किए गए दस्तावेजों में बीते तीन साल में कोई कार्रवाई न होने की बात कही है, जबकि अमेरिका में उस पर बीते साल फरवरी में ही 40 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। टेंडर के लिए जमा किए गए दस्तावेजों में जुर्माने की बात छुपाने का मामला खुलने के बाद टेंडर मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष और पावर कॉरपोरेशन के निदेशक (वित्त) निधि कुमार नारंग ने कंपनी को नोटिस जारी कर के उसका जवाब मांगा था। जवाब के लिए 24 घंटे की मियाद दी थी। कंपनी ने तय अवधि बीत जाने के बाद पावर कॉरपोरेशन को जवाब दे दिया है।

आपदा निधि से 13 जिलों को 2.23 करोड़

लखनऊ। आपदा मोचक निधि से सहायता देने के लिए प्रदेश के 13 जिलों को 2.23 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

पेट्रोल से भी महंगा लखनऊ एयरपोर्ट पर पीने का पानी

लखनऊ। पेट्रोल के दाम लखनऊ में 94.69 रुपये प्रति लीटर हैं। वहीं, लखनऊ एयरपोर्ट पर आधा लीटर पानी की कीमत 70 रुपये, एक लीटर 140 रुपये है। यात्री इस पर सवाल उठा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी यह सवाल सोमवार को खूब उछला। एक लोक गायिका के पोस्ट पर किसी ने ग्रोक से मतलब पूछा। जवाब में एक्स के एआई ग्रोक ने बताया कि यह तंजिया पोस्ट है जो कि लखनऊ एयरपोर्ट के निजीकरण के बाद बढ़ी पानी, चाय, स्नैक्स की कीमत पर है। एक यात्री अतुल हांडा ने भी एक्स पर पोस्ट किया। लिखा कि एयरपोर्ट पर पानी के इंतजाम कहीं नहीं हैं। एयरपोर्ट पर जब से गर्मी बढ़ी है, पानी के लिए दिक्कत होने लगी है। गोलागंज में रहने वाले अर्शद को लखनऊ से वाया दिल्ली मेनचेस्टर की कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़नी थी। एक दिन पहले एयरपोर्ट पहुंचे तो गर्मी के कारण गला सूखने लगा। अर्शद ने बताया कि चेकइन क्षेत्र में कहीं वाटर कूलर नहीं दिखा। काउंटर संख्या 27 के पास एक वाटर डिस्पेंसर लगा था। बटन दबाने पर उसमें सामान्य पानी मिला। एक अन्य यात्री ने बताया कि ऐसा ही डिस्पेंसर दूसरे छोर पर लगा है। इतना लम्बा चलने की हिम्मत थी नहीं सो पानी 70 रुपये प्रति लीटर खरीद कर पिया। वहीं, नए टर्मिनल से कानपुर रोड करीब तीन और शहीद पथ ढाई किलोमीटर दूर है।

कांग्रेस ने संविधान की भावना से किया खिलवाड़ : मोदी

प्रधानमंत्री ने हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

एजेंसी

हिसार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को काँग्रेस पर हमला करते हुये कहा कि इस पार्टी ने संविधान की भावना से खिलवाड़ किया है और बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है।

प्रधानमंत्री यहाँ हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का शिलान्यास करने और हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की यह पवित्र धरती, जो भगवान श्रीकृष्ण और महाभारत के समय से जुड़ी है, अब सीधे श्रीराम की पावन भूमि अयोध्या से जुड़ गई है। उन्होंने इसे केवल हवाई कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया। श्री मोदी ने कहा कि यह वह भारत है, जो ल्ल हवाई चप्पल पहनने वालों को भी हवाई जहाज में बैठाने ङ्क का सपना लेकर चला था और अब उसे साकार कर रहा है। उन्होंने बताया कि हिसार जैसे शहर अब देश के उन धार्मिक और सांस्कृतिक केन्द्रों से सीधे जुड़ रहे हैं, जहाँ पहले पहुँचने में कई दिन लगते थे। इससे तीर्थयात्रा, पर्यटन, व्यापार और निवेश को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि हिसार एयरपोर्ट को आधुनिक बनाया गया है। नए टर्मिनल भवन के निर्माण से इसकी यात्री क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। शुरुआत में हिसार से अयोध्या, चंडीगढ़, अहमदाबाद और जम्मू के लिए सीधी उड़ानें शुरू की जाएंगी। भविष्य में इसे अन्य शहरों को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह हवाईअड्डे हर साल लगभग 21 लाख यात्रियों को सेवा देगा। उन्होंने इस अवसर पर यह भी उल्लेख किया कि 2014 तक देश में केवल 74 एयरपोर्ट थे, लेकिन आज यह संख्या 150 से अधिक हो चुकी है। उड़ान योजना के तहत 500 से अधिक रूट चालू हो चुके हैं, जिससे छोटे शहरों की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। उन्होंने बताया कि भारतीय एयरलाइंस कंपनियों ने अब तक 2,000 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर दिया है, जिससे लाखों रोजगार के अवसर पैदा होंगे। श्री मोदी ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान की आत्मा और उसकी भावना दोनों का बार-बार अपमान किया है। डॉ. अंबेडकर को दो बार जानबूझकर संसद में जाने से रोका गया। उनके विचारों को योजनाबद्ध तरीके से दरकिनार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के लिए संविधान में धर्म आधारित आरक्षण को बढ़ावा दिया, जबकि डॉ. अंबेडकर स्पष्ट रूप से इसके खिलाफ थे। श्री मोदी ने कहा, बाबा साहेब ने संविधान में धर्म ● शेष पेज 11 पर

मोदी ने 'डांटकर' रामपाल कश्यप को पहनाए जूते, 14 साल पहले खाई थी कसम

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को आंबेडकर जयंती के मौके पर हरियाणा के यमुनानगर पहुंचे। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया और कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एक खास शख्स से मुलाकात की और उन्हें जूते पहनाए। पीएम मोदी ने इसका वीडियो खुद सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'हरियाणा के यमुनानगर में आज कैथल के रामपाल कश्यप से मिलने का सौभाग्य मिला। इन्होंने 14 वर्ष पहले एक व्रत लिया था कि 'मोदी जब तक प्रधानमंत्री नहीं बन जाते और मैं उनसे मिल नहीं लेता, तब तक जूते नहीं पहनूंगा।' मुझे आज उनको जूते पहनाने का अवसर मिला। मैं ऐसे सभी साथियों की भावनाओं का सम्मान करता हूं, परंतु मेरा आग्रह है कि वो इस तरह के प्रण लेने के बजाए किसी सामाजिक अथवा देशहित के कार्य का प्रण लें। पोस्ट के साथ प्रधानमंत्री ने एक वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि जब रामपाल कश्यप पीएम मोदी से मिलने पहुंचते हैं तो प्रधानमंत्री उनसे पूछते हैं, 'अरे भाई, आपने ऐसा क्यों कर दिया?' इसके बाद वह प्रधानमंत्री को अपने संकल्प के बारे में बताते हैं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर होगा जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया पुष्पार्चन
- पिछले मुख्यमंत्री नहीं आए तो लोगों को लगा कि मैं भी नहीं आऊंगा
- अन्याय-अत्याचार व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने से ही बाबा साहेब के सच्चे अनुयायी कहलाएंगे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि उत्तर प्रदेश में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर होगा। यह कार्यक्रम इसी महीने आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने कांग्रेस के हाथों अपमान सहा लेकिन भारत को अपमानित नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों के सामुदायिक शौचालय को लेकर आश्वस्त किया कि यहां नियमित रूप से समिति को हर महीने मानदेय मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब व जोगेंद्र नाथ मंडल का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास की घटनाएं सबक होती हैं। बाबा साहेब को बहुत सारे लोगों ने लालच दिया, लेकिन वे टस से मस नहीं हुए। बाबा साहेब ने 'आदि से अंत तक भारतीय हूं' संकल्प का उद्घोष किया। उन्होंने अपमान सहा, लेकिन भारत को अपमानित नहीं होने दिया। इस महानता के कारण स्वतंत्र भारत उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। देश में बाबा साहेब की पूजा हो रही है, लेकिन जोगेंद्र नाथ मंडल के बारे में कोई नहीं जानता। इतिहास की गलतियां माफ नहीं करती हैं। समाज देश को कमजोर करने वाला कार्य कभी नहीं होना चाहिए। हमारा अस्तित्व तभी है, जब देश है। देश को कमजोर करने वाली ताकतें काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर अंबेडकर महासभा की तरफ से सोमवार ● शेष पेज 11 पर

तहव्वुर राणा ने मुंबई जैसे आतंकी हमले के लिए नयी दिल्ली को चिन्हित किया था: अदालत

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने अपने एक आदेश में यह उल्लेख किया है कि मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा ने इसी तरह के आतंकी हमले के लिए नयी दिल्ली को चिह्नित किया था और यह उस साजिश का हिस्सा था, जिसका दायरा भारत की भौगोलिक सीमाओं से परे तक फैला हुआ था।

एक सूत्र ने बताया कि विशेष एनआईए न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने 10 अप्रैल को पारित एक आदेश में कहा कि इस बारे में जांच एजेंसी द्वारा पर्याप्त सामग्री पेश की गई है कि वर्तमान मामले से जुड़े आरोप राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हैं। माना जाता है कि न्यायाधीश ने 12 पृष्ठ के आदेश में उल्लेख किया है कि, ''रिकॉर्ड पर पेश की गई सामग्री दर्शाती है कि इस साजिश का विस्तार भारत की भौगोलिक सीमाओं से परे तक था और राष्ट्रीय राजधानी सहित भारत के कई शहरों के विभिन्न स्थानों के रूप में कई लक्ष्यों को चिह्नित करने की कोशिश की गई थी। न्यायाधीश ने कहा कि मामले की तह तक पहुंचने और गहरी साजिश में निहित तथ्यों को उजागर करने के लिए (राणा से) लगातार हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता है। माना जाता है कि न्यायाधीश ने राणा को 18 दिन की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हिरासत में भेजने के आदेश में कहा, ''उसका गवाहों और फोरेंसिक और दस्तावेजी सबूतों के साथ आमना-सामना कराना चाहिए। न्यायाधीश ने कहा कि यह कवायद हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता को इंगित करती है। न्यायाधीश ने प्रत्यर्पण कार्यवाही में दिए गए आश्वासन से जुड़ी दलील पर भी गौर किया और एनआईए को हर 48 घंटे में राणा की चिकित्सा जांच ● शेष पेज 11 पर

लखनऊ और वाराणसी में बिछेगा सड़कों का जाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ और वाराणसी में 100 से अधिक सड़कें बनाने की योजना तैयार की है जिनका निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत सीसी रोड, इंटरलॉकिंग और नालियों का निर्माण बड़े पैमाने पर कराया जाएगा। इन कार्यों के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को कार्यदायी संस्था के रूप में नियुक्त किया गया है। निर्माण कार्यों की शुरुआत पर्यावरणीय मंजूरी और सभी आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां मिलने के बाद ही की जाएगी।राज्य सरकार की ओर से लखनऊ और वाराणसी के जिलाधिकारियों को इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए पत्र भेज दिया गया है। योजना का मकसद है शहरों में ट्रैफिक की परेशानी कम करना और जनता को बेहतर सड़कों की सुविधाएं देना। अधिकृत जानकारी के अनुसार लखनऊ और वाराणसी की कुल 100 से अधिक सड़कें बनाई जाएंगी। लखनऊ में 25 और वाराणसी में 77 प्रमुख सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के लिए नियमानुसार मंजूरी ● शेष पेज 11 पर

फॉरेंसिक विज्ञान के प्रयोग से दोष-सिद्धि-दर को दुनिया के उच्चतम स्तर पर ले जाने का लक्ष्य: शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि सरकार अपराधों की जांच में फॉरेंसिक विज्ञान का प्रयोग बढ़ा कर भारत में दोष-सिद्धि-दर को दुनिया के उच्चतम स्तर पर ले जाने तथा समाज में अपराधों पर अंकुश लगाने को प्रयासरत है।

श्री शाह राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय न्यायालयिक विज्ञान सम्मेलन-2025 को संबोधित कर रहे थे। उनके पास सहकारिता मंत्रालय का भी दायित्व है। वह सम्मेलन में मुख्य अतिथि थे। 'नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और आतंकवाद से निपटने में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी, राज्यसभा सांसद एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा, केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और एनएफएसयू के कुलपति डॉ. जे. एम. व्यास सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने एक नयी दृष्टि के साथ ने देश के आपराधिक न्याय प्रणाली के परिदृश्य को बदलने का काम किया। उन्होंने कहा कि बहुत से मामलों में आज अपराधियों के लिए क्षेत्रीय सीमाओं का कोई भेद नहीं रह गया है। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए फॉरेंसिक साइंस का उपयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने इस संबंध में फॉरेंसिक जांच की अवसंरचना और संसाधन बढ़ाए जाने की जरूरतों और इस दिशा में चल रहे प्रयासों का भी जिक्र किया। गृह मंत्री ने कहा कि देशभर में नेशनल फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के सात परिसर बन चुके हैं, छह महीने में नौ परिसर और बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एनएफएसयू से प्रशिक्षित मानव संसाधन, अनुसंधान और स्वदेशी टेक्नोलॉजी को बढ़ावा मिल रहा है। श्री शाह ने कहा कि आरोपी और फरियादी दोनों के साथ अन्याय न हो, इसके लिए फॉरेंसिक विज्ञान को फौजदारी न्याय व्यवस्था का हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दशक में दुनिया में ● शेष पेज 11 पर

कभी कर्मचारियों को वेतन देने के पैसे नहीं थे, आज यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट : सीएम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- मुख्यमंत्री ने फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक को किया संबोधित कहा, फिक्की ने निवेशकों के लिए सकारात्मक माहौल और ईकोसिस्टम बनाने में सरकार का साथ दिया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य और उपभोक्ता व श्रम बाजार, उद्यमियों का स्वागत करता है। उन्होंने इस अवसर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती है। जो उत्तर प्रदेश कभी अपने कर्मचारियों को वेतन देने की भी स्थिति में नहीं था, आज वह रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने फिक्की को उत्तर प्रदेश के विकास में एक महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए कहा कि इस संगठन ने निवेशकों के लिए सकारात्मक माहौल और ईकोसिस्टम बनाने में सरकार का साथ दिया है। विशेष रूप से, इन्वेस्टर समिट 2018 और 2023 को सफल बनाने में फिक्की का योगदान सराहनीय रहा है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भारत की जनसंख्या के हिसाब से सबसे बड़ा राज्य है, फिर भी यह लंबे समय तक 'बीमारू' राज्य के रूप में जाना जाता था। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के समय उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर थी, लेकिन धीरे-धीरे यह घटकर एक तिहाई रह गई। हालांकि, पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसे देश और दुनिया ने देखा है। नीति निर्माण में फिक्की जैसे संगठनों का सहयोग इस बदलाव का एक प्रमुख कारण रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू नहीं, बल्कि देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यह भारत का ग्रोथ इंजन बन चुका है और देश की ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) लखनऊ खंडपीठ के उद्घाटन कार्यक्रम में हुए शामिल

सुशासन की पहली शर्त है समयबद्ध और सहज न्याय सरकार की प्राथमिकता : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- मेरिट के आधार पर न्याय प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता
- योगी सरकार में भी कैट के भवन के लिए जमीन ट्रांसफर का काम शुरू हुआ : डॉ. जितेंद्र सिंह

लखनऊ। सुशासन की पहली शर्त है रूल आफ लॉ, यह समयबद्ध, सहज और सरल हो और एक कॉमन मैन के साथ सामान्य कार्मिक वहां तक पहुंच बना सके। उसकी समय पर सुनवाई और मेरिट के आधार पर मामलों का निस्तारण हो, यह जरूरी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) लखनऊ खंडपीठ के उद्घाटन कार्यक्रम में कही। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के संविधान के शिल्पी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पावन जयंती को दलित, वंचित और समाज के उपेक्षित वर्ग को न्याय दिलाने के महामानव के रूप में मनाते हैं। इसको लेकर सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है। हमारे न्यायालय में बहुत मामले लंबित पड़े हुए हैं। इन लंबित मामलों के लिए कोर्ट के अनावश्यक समय को जाया ना करना पड़े, इसके लिए ट्रिब्यूनल के स्तर पर मामलों की अलग से सुनवाई हो। इस मंशा के अनुरूप ट्रिब्यूनल ने देश में अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रिब्यूनल समयबद्ध तरीके से संबंधित पक्षों को मेरिट के स्तर पर न्याय प्रदान कर सके, यह सरकार की प्राथमिकता में है। कैट की भूमिका भी ऐसी ही है। केंद्रीय सरकार से जुड़े हुए विभिन्न सरकारी उपक्रम और शासकीय व्यवस्था से जुड़े हुए अधिकारियों और कार्मिकों को किसी स्तर पर न्याय नहीं मिल पाया, उनके लिए प्लेटफॉर्म देने और समय पर न्याय देने में कैट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि फुल बेंच हो या सर्किट बेंच अगर उनके पास कोई भी संसाधन नहीं है तो वहां दूसरों को न्याय प्रदान करने के लिए कितने एग्रेसिव तरीके से अपने कार्य को आगे बढ़ा पाएंगे, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां पर 16 जनपदों के केंद्रीय कार्मिकों के लिए कैट की व्यवस्था की गई है। यहां शानदार भवन बना कर तैयार हो गया है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप किसी मजबूरी में कार्मिकों यहां आना पड़ा तो उन्हें न्याय उपलब्ध कराने में कैट महत्वपूर्ण भूमिका का निर्माण करेगा।

पिछले 10 वर्षों में लखनऊ पीठ ने 6 हजार से अधिक मामलों को किया निस्तारण

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से 2025 के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप लखनऊ पीठ ने 10 वर्षों में कुल 6,700 मामलों में से 6,000 से अधिक मामलों का निस्तारण किया है, इसको अभी और तेज किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे मामलों में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठा कर सुना जाए तो ऐसे ही बहुत सारे मामलों का निस्तारण हो सकता है। प्रदेश में वर्ष 2017 में राजस्व के 33 लाख मामले लंबित थे। इनमें बहुत सारे छोटे मामले थे। इस पर सरकार ने इन मामलों को मेरिट के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इन मामलों को लेकर टाइम बाउंड किया गया। इसकी जवाबदेही के साथ ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जाने लगी। पिछले आठ वर्षों में 34 लाख मामलों को निस्तारण किया गया जबकि पिछले 8 वर्षों में 10 लाख नये मामले आए। इन मामलों को भी टाइमलाइन के अनुसार ● शेष पेज 11 पर

सामाजिक न्याय का राज आज की जरुरत: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 'सामाजिक न्याय का राज' आज की जरुरत है जिसका असली मतलब है संविधान की बराबरी की भावना और समता-समानता के सिद्धांतों की सही में स्थापना करना है और इसी से नागरिकों के अधिकारों की सही में रक्षा हो पायेगी।

श्री यादव ने सोमवार को कहा कि सामाजिक न्याय के राज से नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा होगी और सरकार की असीमित शक्तियां सीमित होंगी, जिससे उनकी मनमर्जी का राज ख़त्म होगा। फिर देश संविधान से चलेगा, मन-विधान से नहीं। सामाजिक न्याय के माध्यम से ही हम भेदभाव व सामाजिक असमानता को समाप्त कर सकते हैं और एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के सपने को पूरा कर सकते हैं। उन्होने कहा कि सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में शिक्षा और आर्थिक सुधार महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे हैं। इसीलिए 'शिक्षा और आर्थिक सुधार' के लिए लगातार कोशिश करनी होगी और इनके महत्व को समझकर 'पीडीए' समाज को और भी अधिक शिक्षित करना होगा, साथ ही आर्थिक साक्षरता को भी बढ़ाना होगा, जिससे कोई भी उनका सामाजिक व आर्थिक उत्पीड़न न कर सके।

श्री यादव ने कहा कि इससे समाज में व्यक्तिगत स्तर पर आत्म-सशक्तीकरण होगा। अंतिम छोर पर खड़े निर्बल और असहाय को जब ये भरोसा होगा कि सिर्फ़ देश का न्याय ही नहीं, सामाजिक न्याय भी उनके साथ है तो व्यक्ति पूरी शक्ति और उत्साह से देश के निर्माण में अपने स्तर का अंशदान करेगा। यही सच्ची देशभक्ति को जन्म देगा। सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए सबसे पहली शर्त ये है कि असमानता को दूर करने की शुरुआत अपने-अपने स्तर पर करनी होगी। हमें पढ़ाई-लिखाई के महत्व को समझना होगा और अपने 'पीडीए' समाज को लगातार आंतरिक संपर्क और संदेश के माध्यम से और भी अधिक जागरूक बनाना होगा। जिससे हम अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकर और भी सतर्क, सचेत व सजग हो सकें। इसके लिए हमें अपने सबको एकजुट होकर स्वयं संविधान का सम्मान करते हुए, उसे उसके मूल मूल्यों और भावना के साथ लागू करने के लिए 'पीडीए' समाज को अपनी एकता की शक्ति दिखाते हुए, सत्ता पर भी हर तरह से शांतिपूर्ण दबाव डालना होगा। उन्होने कहा कि हम सबको मिलकर सामाजिक सुधार के लिए काम करना होगा और सामाजिक ग़ैर बराबरी व 'पीडीए' समाज को क़ानूनी कवच भी देना होगा। जो सक्षम, समर्थ नहीं हैं, उनके साथ हर थाने-कचहरी में खड़े होकर उनके हौसले को बढ़ाना होगा। जब उत्पीड़नकारियों को लगेगा कि 90 प्रतिशत 'पीडीए' समाज सामूहिक रूप से इकट्ठा होकर उनका विरोध कर सकता है तो वो अत्याचार करने से पहले सौ बार सोचेंगे। श्री यादव ने कहा कि आज के समय में 'सामाजिक न्याय के राज' की आवश्यकता और भी अधिक है क्योंकि हमें अब वर्चस्ववादियों के अन्याय और पक्षपातपूर्ण राज में और भी ज़्यादा सामाजिक असमानता, अन्याय-अत्याचार, अपमान, बेइज़्ज़ती और ज़लालत का सामना करना पड़ रहा है। हमें संविधान में दिये गये बाबासाहेब के विचारों और आदर्शों को और भी ताक़त से लागू करवाना होगा और 'सामाजिक न्याय के राज' की स्थापना के लिए संकल्प उठाकर काम करना ही होगा, तभी नाइंसाफ़ी और ज़ुल्म का ये दौर नेस्तनाबूद होगा और 'पीडीए' के 'स्वाभिमान-स्वमान' का नया सवेरा आयेगा। हमें अपना भविष्य ख़ुद बनाना होगा।

समाज में अमन चैन के लिए निकलेंगे लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के साथी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाज में सद्भावना बनाए रखने करने के लिए लोगों को एक दूसरे के साथ समय निकालकर मिलना व बैठना पड़ेगा। तभी एक स्वस्थ और सुंदर समाज की संरचना संभव है। इस बात का निष्कर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के वर्ष 1998-99 बैच के छात्र छात्राओं द्वारा लगभग 26 वर्ष बाद एकत्र होने पर निकला।

वर्तमान में लखनऊ सिविल डिफेंस में सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर के पद पर कार्यरत मनोज वर्मा ने बताया कि गोमतीनगर में किसान बाजार स्थित मेल्टिंग प्वाइंट पर लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के दूसरे बैच के कई साथी जो वर्तमान में अलग अलग क्षेत्र में काम कर रहे हैं, लगभग दो दशक से भी ज्यादा समय बाद इकट्ठा हुए। सभी ने आपस में आपबीती सुनाई। इस अवसर पर पत्रकार साथी अखंड प्रताप शाही और भाजपा प्रवक्ता तरुणकांत त्रिपाठी व जगविशाल और सरिता वैश्य ने गजल, शायरी और कविताओं के माध्यम से माहौल को सुंदर बनाया।

अंत में सभी ने सर्वसम्मत से फैसला किया कि अपने अनुभवों का लाभ समाज को दिया जाए, समाज में फैल रहे द्वेष भावना को समाप्त करने के लिए अभियान चलाया जाए। जिसके लिए जल्द ही एक कार्ययोजना बनाकर उस पर कार्य किया जाएगा। सीतापुर से आए रणविजय, कानपुर से जगविशाल, सरिता वैश्य, शिक्षा जगत से रश्मि सिंह, लखनऊ आकाशवाणी के चंद्रप्रकाश, संजय प्रजापति, रामफ़ेर, श्रीमन शाह, भाजपा प्रवक्ता तरुणकांत त्रिपाठी, पत्रकार अखंड प्रताप शाही, सामाजिक कार्यकर्ता शालिनी रमन, संध्या सिंह, सिविल डिफेंस से मनोज वमा उपस्थित रहे।

हाथी पार्क चौराहे का नाम परिवर्तन कर 'बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर चौक' हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। रत्न' बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली नगर स्थित हाथी पार्क चौराहे का नाम परिवर्तन कर 'बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर चौक' किए जाने की पहल की है। उन्होंने इस आशय का अनुरोध पत्र नगर विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित किया है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि यह चौराहा रायबरेली नगर के हृदयस्थल पर स्थित है, जहां बाबासाहेब की विशाल प्रतिमा स्थापित है। यह स्थल वर्षों से जनमानस की आस्था और प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने अनुरोध किया है कि उक्त चौराहे को बाबा साहेब के नाम से विधिक रूप से नामित किए जाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए यह स्थल उनके योगदान की स्थायी स्मृति बना रहे।

मंत्री ने पत्र के माध्यम से पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि हाथी पार्क चौराहे पर स्थित बोधिसत्व बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा एवं उसके निकटवर्ती परिसर को एक प्रेरणास्थल और सांस्कृतिक स्मृति-स्थल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने लिखा है कि यह प्रतिमा बाबासाहेब के विचारों और संघर्षों का प्रतीक है, जिसे रायबरेली समेत समस्त आंबेडकरवादी समाज प्रेरणा के केंद्र के रूप में देखता है। इस स्थल के समग्र विकास हेतु संस्कृति मंत्रालय से वैधानिक स्वीकृति प्रदान कर आवश्यक धनराशि निर्गत करने की उन्होंने मांग की है, जिससे बाबासाहेब के व्यक्तित्व के अनुरूप यह क्षेत्र विकसित हो सके। मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली को पत्र प्रेषित कर उनकी विधायक क्षेत्र विकास निधि से 21 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराते हुए हार्थी पार्क चौराहे पर स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण एवं अधोसंरचनात्मक विकास कराया जाए। उन्होंने अपेक्षा की है कि यह कार्य किसी दक्ष, मान्यता प्राप्त कार्यदायी संस्था को नामित करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाए।

कांग्रेस ने बाबा साहब को चुनाव हरवाने का पाप किया है: मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब को चुनाव हरवाने का पाप किया है जिसे दलित एवं पिछड़ा समाज कभी माफ नहीं करेगा।

डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर तेलियरगंज अंबेडकर पार्क में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब को लोकसभा चुनाव में साजिश रचकर हरवाने का पाप किया है। उन्हें संविधान सभा की समिति में अपने गृह उत्तर प्रदेश से दूर किया था तब जाकर उन्होंने बंगाल राज्य से संविधान सभा की सदस्यता ली। बाबा साहब ने नेहरू मंत्रिमंडल से गरीबों और वंचितों के साथ हो रहे अन्याय के कारण इस्तीफा दिया था। कांग्रेस ने भारत रत्न को भी अपने परिवारवाद के एजेंट से चलाया जिसके कारण बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया था। उन्हें भारत रत्न 1990 में भारतीय जनता पार्टी की समर्थन वाली सरकार में प्राप्त हुआ था ।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बाबा साहब के सम्मान में पंच तीर्थ स्थल का निर्माण किया जो उनके जन्म, शिक्षा, साधना और उनके शरीर त्यागने की अंतिम स्थल से जुड़ा हुआ है। आज हम जब मतदान करते हैं तो उसका अधिकार बाबा साहब के संविधान के द्वारा हमें दिया गया है। जब आपने कमल का बटन दबाया तभी बाबा साहब के सभी अरमान पूरे हो रहे है। बाबा साहब का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने किया और पिछले लोकसभा के चुनाव में बाबा साहब की संविधान बदलने का पाखंड और दुष्प्रचार कर चुनाव तो भले ही कुछ जगहों पर जीत लिया पर तीसरी बार मोदी सरकार बनने से रोक नहीं पाए । मौर्य ने कहा कि बाबा साहब की प्रेरणा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास का मंत्र दिया और उस पर चलकर हमारी डबल इंजन की सरकार दलितों, गरीबों, पिछड़ों और वंचितों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं समर्पित हैं।

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती

रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती जनपद में मनाई गई। कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभागार में आयोजित गोष्ठी में भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती इस बार 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' थीम से मनाई जा रही है। जिसके अंतर्गत जनपद में 15 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर जातिवाद, संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा मानते थे। बाबा साहेब शोषित, दलित, महिलाओं,पिछड़े व सर्वसमाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करते रहे। उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हम सभी चाहे जिस पद पर हो वहां पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार एवं कलेक्ट्रेट परिवार के सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सूचना कार्यालय में मनाई गई अंबेडकर जयंती

रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ अंबेडकर की जयंती विकास भवन स्थित सूचना कार्यालय में भी मनाई गई। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने डॉ0 अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ा कर उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन उन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है जो अपने जीवन में संघर्ष कर रहे हैं। हमें उनके जीवन दर्शन से शिक्षा लेनी चाहिए। इस अवसर पर सूचना कार्यालय के कर्मचारी मो राशिद रियाज अंसारी,विकास, रंजीत उपस्थित रहे।

अज्ञात कारणों से लगी आग, 10 बीघा गेहूं की फसल को जलकर हुई खाक

बछरावां,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार दोपहर थाना क्षेत्र बछरावां के हरदोई गाँव में अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई। थोड़ी ही देर में लगभग 8 से 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक गेहूं के खेतों के बीच विद्युत पोल भी लगे हुए हैं। लोगों द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि बिजली की चिंगारी निकलने से आग लग गई। परंतु आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग लगने की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में एकत्रित हो गए और झाड़ियो के डंडे व लाठी से कड़ी मेहनत करने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, परंतु फायर ब्रिगेड देरी से पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय से पहुंच जाती तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता। रामसागर पुत्र बृजलाल की लगभग दो बीघा, हरिशंकर लगभग चार बीघा, संजू लगभग 10 बिसुवा कुल लगभग 8 से 10 बीघा की फसल जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर फसल के नुकसान का आकलन किया है ।

रालोद का सदस्यता अभियान आज से शुरुः त्यागी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने सोमवार को कहा कि आज से 15 अक्टूबर तक पार्टी सघन सदस्यता अभियान चलायेगी जबकि 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक पार्टी संगठन का चुनाव सम्पन्न होगा।

श्री त्यागी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि पार्टी अध्यक्ष जयन्त चौधरी ने आज अम्बेडकर जयन्ती के शुभ अवसर पर सदस्यता अभियान की घोषणा की है। रालोद बाबा साहेब , चौधरी चरण सिंह, सरदार पटेल के विचारों पर चलने वाला दल है क्योंकि सभी ने सामाजिक समरसता व हर वर्ग के शोषित वंचित तबकों के लिए आजीवन संघर्ष किया।

उन्होने कहा कि रालोद किसी भी कीमत पर सामाजिक ताने बाने को बिगड़ने नहीं देगा। किसानों तथा समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ राष्ट्रीय लोकदल खड़ा है। उनके हितों और हकों की लड़ाई के लिए संघर्ष करता रहेगा। दुकानों पर नाम लिखे जाने एवं सड़क पर नमाज न अदा किये जाने के जिला प्रशासन के फैसले का विरोध सबसे पहले राष्ट्रीय लोकदल ने किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से एक मुलाकात का जिक्र भी किया जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने पर धन्यवाद प्रस्तुत किया।

कांग्रेस ने कभी नहीं दिया डा अंबेडकर को सम्मान : जयवीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर तंज करते हुए कहा कि आज कुछ लोग संविधान की प्रति जेब में रखकर घूमते हैं।

उन्होने कहा कि इनकी सरकार इतने वर्षों तक रही लेकिन इन्होंने कभी बाबा साहेब को सम्मान नहीं दिया। वहीं, भाजपा की सरकार ने बाबा साहेब की विरासत को सम्मान देने के लिए पंच तीर्थ का विकास किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने समाज के दबे-कुचले, शोषित लोगों के लिए तमाम योजनाएं लागू की। उन्होंने स्टेट गेस्ट हाउस कांड का जिक्र कर पूर्व की सपा सरकार को भी घेरा। उन्होने कहा कि लखनऊ में गेस्ट हाउस कांड को जिस राजनीतिक दल के रहनुमाओं ने अंजाम दिया। आज वही पिछड़े -दलितों का मसीहा बनने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरुरत है। श्री सिंह ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी का सपना है कि बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलकर भारत आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक विकसित राष्ट्र बनें। बाबा साहेब ने भारत को जो संविधान दिया, वह केवल कानून की पुस्तक नहीं, बल्कि समानता, स्वतंत्रता और न्याय का जीता-जागता प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का संघर्ष आज भी हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है, जो सामाजिक बदलाव की दिशा में कार्यरत है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बाबा साहेब के संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा को अपना शस्त्र बनाया। अगर आप शिक्षा को शस्त्र बना लेते हैं तो कोई आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता। उन्होंने बताया कि आज संस्कृति विभाग की ओर से प्रदेश के सभी 75 जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

आग से बचाव हेतु सावधानियां बरतें लोग : राजेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह को लेकर अग्निशमन केंद्र कोरांव पथरताल के प्रभारी राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को आग से बचाव के तरीके अपनाते हुए सावधानियां बरतने की अपील की गई। अग्निशमन केंद्र पथरताल से रैली का शुभारंभ किया गया। जिसे पूरे नगर कोरांव में घुमाया गया। अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली के माध्यम से खलिहान तालाब के निकट या अन्य पानी के संसाधनों के निकट स्थापित करने, खलिहान के चारों ओर पानी के भरे घड़े व मिट्टी के ढेर उपलब्ध रखने समेत चिराग का प्रयोग करने के पश्चात पूर्ण रूप से बुझा देने, दुर्घटना के रोकथाम के लिए निम्नलिखित टोलियों का गठन करने की भी अपील की गई। जिसमें अग्निशमन टोली, संपत्ति बचाव टोली, प्रहरी टोली, जीवन रक्षक टोली इस दौरान अग्निशमन केंद्र के प्रभारी राजेश कुमार यादव ने कहा कि उक्त टोली के सदस्यों को अग्नि शमन केंद्र पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ग्राम सभा या ग्राम पंचायत घरों में अग्निशमन के निम्नलिखित यंत्र सर्वदा उपलब्ध रखे जाने चाहिए जैसे स्ट्रप पंप, बाल्टी, बेलचा, बड़ी कुल्हाड़ी, कुदाल, सीढ़ी आदि की व्यवस्थाएं होनी चाहिए। इसी तरह बिस्तर पर लेट कर धूम्रपान न करने, हुक्का पीने के पश्चात चिलम की आग को बुझा देने, रसोई घर का छाजन फूस के छप्पर से न बनाने, घी व तेल की आग पर पानी न डालने आदि के लिए भी प्रेरित किया गया। इस दौरान अग्नि शमन केंद्र के कई कर्मचारी शामिल रहे।

संविधान निर्माता अंबेडकर को क्षेत्रवासियों ने किया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा जो संविधान बनाया गया है उसी के तहत आज दलित शोषित पिछड़े व नौजवान तथा हर समुदाय का व्यक्ति इस संविधान के तहत न्याय पा रहा है। ऐसे संविधान निर्माता को हम सभी क्षेत्रवासी नमन करते हैं और उनके जन्मोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हैं कि ऐसे संविधान निर्माता के जन्म दिवस को मनाया जाए यह उदगार आज क्षेत्र के पूरे ढोंढ़े मजरे पाली गांव में अंबेडकर जयंती के अवसर पर उपस्थित हजारों की संख्या को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी बाबा राम केवल अनशनकारी संबोधित कर रहे थे। बाबा रामकेवल अंसनकारी समाज व देश हित के लिए दिल्ली में बड़े-बड़े आंदोलन व विशाल धरना प्रदर्शन किया तथा उनके धरना प्रदर्शन को देखकर दिल्ली तक की सरकारें हिला दी गई थी बाबा द्वारा मांगी गई मांगों को पूरा किया गया संविधान निर्माता बाबात्साहेबत्डात्भीमरावत्अंबेडकर जी का 134 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम ग्राम पूरे ढोंढ़े मजरे पाली महराजगंज में बड़े ही धूम धाम से शशांक मौर्य व धम्म गायिका शिल्पी शाक्य जी ने बुद्ध वंदना से शुभारंभ कर मनाया । जिसमें कई सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा छोटे बच्चो के द्वारा डांस प्रतियोगिता की गयी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनशनकारी बाबा रामकेवल जी ने जन्म दिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तो वहीं क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों में उप जिलाधिकारी सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, अधिशासी अभियंता ओपी सिंह, कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, राम आशीष ने भी अपने-अपने कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जन्म दिवस मनाया वही मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव जिला महामंत्री सरोज गौतम जिला पंचायत सदस्य आरती गौतम मंडल महामंत्री शिवम मिश्रा ग्राम छंगा मजरे बारी गोहन्ना में जन्मोत्सव मनाया वही सूर्य प्रकाश वर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल संतलाल लोधी उमेश कुमार उर्फ कुनू प्रधान विद्यासागर अवस्थी सहित अनेक भाजपा नेताओं ने जन्म दिवस मनाया इस मौके पर बाबा रामकेवल शशांक मौर्य शिल्पी शाक्य सुनील सर, मीरा रावत , जितेंद्र यादव प्रधान दुजई पासी प्रधान , छेदी लाल पासी प्रो. अनिल साहू , प्रो.अवधेश , सुरेश पासी, मनोज पासी, सुजीत, अरविंद यादव, रंजीत गौतम, अमित, अमर यादव, राजेंद्र यादव, हरिकेश यादव, अर्जुन पासी, सोनू पासी राम औतार मौर्य, राम प्रकाश, शितान्शु मौर्य जी बृजेश पासी, रमेश पासी, सिंह प्रताप मौर्य, बलदेव यादव, मान सिंह, पृथ्वी पाल सिंह, दिलीप मौर्य, राम फ़ेर मौर्य, रोहित पासी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अंबेडकर जयंती पर उनकी प्रतिमा लगाने के लिए किया गया भूमि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विकासखंड कोरांव के देवघाट ग्राम पंचायत में उनकी प्रतिमा लगाने के लिए भूमि पूजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष विनोद चंद्रा ने गांव में भूमि उपलब्ध कराने की बात कही। जिस पर ग्राम प्रधान ने आआरसी सेंटर के बगल में 10 फीट जमीन देने की घोषणा कर दी। जिसके बाद अंबेडकर जयंती के दिन ही ग्राम प्रधान शिवलाल कनौजिया व अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष विनोद चंद्रा ने अन्य ग्रामीणों के साथ जिस स्थल पर प्रतिमा लगनी है। उसी स्थल पर सोमवार को दोपहर 12 बजे के करीब अंबेडकर जयंती मनाई और प्रतिमा लगाने के लिए भूमि पूजन भी किया। इस दौरान विनोद चंद्रा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा गांव में जब स्थापित हो जाएगी तो प्रत्येक वर्ष बाबा साहब की जयंती उनके प्रतिमा स्थल पर ही मनाई जाएगी। ग्राम प्रधान शिवलाल कनौजिया ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की गांव में प्रतिमा स्थापित कराने हेतु प्रेरित करने के लिए अपना दल एस के नेता का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से दिलीप कुमार, इंद्रजीत आदि लोग मौजूद रहे।

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के लखनऊ पीठ के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी; पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभारतथा प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गोमती नगर विस्तार स्थित सेक्टर-7 में नवनिर्मित केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के लखनऊ पीठ के न्यायालय सह कार्यालय परिसर का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 1985 से लेकर 2015 तक कैट में लंबित मामलों की कुल संख्या लगभग 9 लाख थी, जिसमें से तीन लाख मामलों का निस्तारण केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पिछले 10 वर्षों में हुआ है जो कि कुल लंबित मामलों का लगभग 35 प्रतिशत है। डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण जबलपुर पीठ को 2021 में नई इमारत मिली, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण की मुंबई पीठ के इमारत का पुनः निर्माण 2023 में हुआ, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण गुवाहाटी पीठ को 2025 में और केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण लखनऊ पीठ को 2025 में अपना स्वयं का भवन प्राप्त हुआ। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोविड के बावजूद भी जम्मू को 2020 में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण की स्थाई बेंच मिली तथा 2021 में श्रीनगर को 2023 में पुडुचेरी को एवं 2024 में लेह और कारगिल में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण की सर्किट बेंच बनी।

बाबा साहब के संकल्पों को पूर्ण करने के लिए राष्ट्रीय लोकदल पूरी तरह से प्रतिबद्ध है : अनिल दुबे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर हजरतगंज लखनऊ स्थित उनकी प्रतिमा पर राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर दुबे ने कहा कि बाबा साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन शोषितों वंचितों, दलितों और कोटि-कोटि मानवों को उनका अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया था। वे साधारण मनुष्य नहीं, बल्कि एक महामानव थे।

बाबा साहब के संकल्पों को पूर्ण करने हेतु राष्ट्रीय लोकदल पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और विपक्षी दलों की तरह केवल घड़ियाली आंसू नहीं बल्कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने सभी सांसदों विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को अपनी विधायक निधि का 33 प्रतिशत दलित बस्तियों के विकास पर खर्च करने का निर्देश दे रखा है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रजनी कांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष बी एल प्रेमी रमावती तिवारी, प्रीती श्रीवास्तव, अफसर अली, राघवेन्द्र कुमार यादव, प्रमोद कुमार शुक्ला, महेश पाल धनगर, रमेश कश्यप, विनोद सोनकर, सचिन सोनकर, मनोहर मौर्य, विश्वनाथ यादव, मयंक त्रिवेदी, सम्राट चौहान व पुनीत विश्वकर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

जल निकासी की मांग ना पूरी हुई तो नगर निगम का करेंगे घेराव: क्षेत्रवासी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुश्किलात बढ़ गई है हर जगह

जल भराव दिखाई देता है जिसकरण स्कूली बच्चों और वृद्धजनों को कहीं आने जाने मे काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता

लखनऊ। पिछले दिनों प्रकाशित रिपोर्ट में लखनऊ के दुबग्गा क्षेत्र स्थित शाहपुर भमरौली, फरीदीपुर और मुर्दापुर की बदहाल स्थिति को उजागर किया गया था। बस्तियों में जलनिकासी की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जगह-जगह बने गड्ढों में ई-रिक्शा पलटने की घटनाएं आम हो गई हैं। और सड़क व नाली निर्माण जैसे बुनियादी काम पूरी तरह ठप पड़े हैं।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक कई बार ज्ञापन सौंपे और मीडिया में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से न तो कोई स्थलीय निरीक्षण हुआ और न ही सुधार कार्यों की शुरुआत। अधिकारियों द्वारा सिर्फ परंपरागत जवाब जांच कराएंगे बजट आते ही काम होगा–देकर मामले को टाल दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें अब केवल उम्मीद की एक चिंगारी ही बची है। भरोसा लगभग खत्म हो चला है।

क्षेत्र की महिलाएं, किसान संगठन और अन्य नागरिक समूह अब विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। इनका कहना है कि अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करेंगे।

पुलिस मुठभेड़ के बाद 25 हजार के दो ईनामी डकैत को किया गिरफ्तार,भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के भेदुवा गांव में बीस दिन पहले किसान के घर डैकेती का प्रयास करने वाले 25-25हजार रूपये के ईनामी दो शातिर डैकेतो से बीते सोमवार की देर रात पुलिस व क्राइम की संयुक्त टीमो से मुठभेड़ हुयी,पुलिस ने घेराबंदी की तो मौके से बाइक से भागे बदमाशो ने पुलिसकर्मियो पर फायर झोक दिया,जिसके बाद जबाबी फायरिंग में दो डैकेतो के पैर में गोली लगी जिसके बाद घायल बदमाशो को पुलिस इलाज के लिये ट्रामा टू लेकर गयी जहा भर्ती कर दोनो डैकेतो का इलाज जारी है।

मुठभेड़ की सूचना के बाद डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल व एडीसीपी अमित कुमावत,एसीपी रजनीश वर्मा मौके पर पहुंचे। 20दिन पहले मोहनलालगंज के भेदुवा गांव में किसान के घर डैकेती डालने गये बदमाशो ने? परिजन समझकर अपने गैंग के सरगना को मारी थी गोली,मौत होने पर रेलवे ट्रैक पर शव फ़ेककर हुये थे फरार डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भेदुवा गांव में 24-25मार्च की मध्यरात्रि किसान गंगाराम के घर डैकेती डालने गये बदमाशो ने परिजनो के जगाने पर अपने ही एक साथी को गोली मार दी थी ओर मौके से घायल साथी को लेकर फरार हो गये थे.पीड़ित किसान की तहरीर पर अज्ञात डैकेतो पर मुकदमा दर्ज कर घटना के सफल अनावरण के लिये प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह के नेतृत्व में पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीमो को लगाया गया था जांच के दौरान दो डैकेतो कमलेश निवासी डेमन बेलवा जनपद सीतापुर व छोटू उर्फ राम निवासी निवासी डेमन बेलवा जनपद सीतापुर का नाम प्रकाश में आया था जिसके बाद पुलिस टीमें दोनो की तलाश में जुटी थी सोमवार की देर रात मुखबिर ने पुलिस को किसानपथ से पुरनपुर जाने वाले रास्ते पर बाइक से दोनो डैकेतो के आने की सूचना दी। जिसके बाद इंस्पेक्टर अमर सिंह के नेतृत्व में अतिरिक्त निरीक्षक राम बाबू सिंह,एसएसआई यशवंत सिंह,उपनिरीक्षक साजिद अली, अनूप सिंह व संजय कुमार,गुड्डू प्रसाद ने पुलिस व सर्विलांस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तो बाइक सवार दोनो बदमाश पुरनपुर जगंल की तरफ जाने वाली सड़क पर भगाने लगे ओर पुलिस टीम पर तमंचे से फायर झोक दिया।इस दौरान पुलिस की जबाबी फायरिंग में शातिर डकैत कमलेश व उसके साथी छोटू उर्फ राम के पैर में गोली लगी ओर दोनो घायल हो गये।जिसके बाद पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर इलाज के लिये ट्रामा टू भेजा।पुलिस को मौके से बदमाशो की एक बाइक जिसमें फर्जी नम्बर प्लेट लगी ओर आर्मी लिखा हुआ था बरामद की व दो अवैध देशी तमंचे व दो अदद खोखा फायर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया मुठभेड़ की सूचना के बाद डीसीपी निपुण अग्रवाल व एसीपी अमित कुमावत,एसीपी रजनीश वर्मा ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली।डीसीपी ने दोनो डैकेतो को गिरफ्तार करने वाली पूरी पुलिस टीम को बंधाई दी।

घायल साथी की मौत होने पर रेलवे ट्रैक पर फ़ेका था शव

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया पुछताछ में डकैत कमलेश ने अपने साथी छोटू व गैंग के सरगना सुशील चौहान समेत आधा दर्जन साथियो के साथ 24मार्च को किसान गंगाराम के घर डैकेती डालने गये थे जहां परिजनो के जगाने पर घर के अंदर घुसे सुशील के छत पर भाग कर आने लगा तो परिजन समझ कर उसे गोली मार दी थी जिसके बाद घायल को मौके से साथ लेकर भागे थे ओर उसकी रास्ते में मौत होने पर गोपालखेड़ा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर शव फ़ेककर भाग निकले थे।जिसके बाद मोहनलालगंज पुलिस को अगले दिन रेलवे ट्रैक पर एक शव मिला था जिसकी पहचान ना होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था।मृतक सुशील चौहान जानकीपुरम क्षेत्र में अपनी पत्नी संग रहता था ओर गैंग का सरगना भी था।

रैकी कर देते थे घटनाओ को अजांम

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि पुछताछ के दौरान डकैत कमलेश ने बताया डैकेती व चोरी की घटनाओ को अजांम देने से पहले उनके कुछ साथी गांवो में बाइको से जाकर किनारो पर पड़ने वाले घरो की फ़ेरी वाले बनकर रैकी करते थे जिसके बाद गैंग के सदस्यो के साथ घरो में जाकर डैकेती व चोरी की घटनाओ को आसानी से अजांम देकर फरार हो जाते थे। मोहनलालगंज के पुरनपुर जगंल में दो डकैतो को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार,एक बाइक व दो अवैध तंमचे व दो खोखा फायर व एक जिंदा कारतूस बरामद,फरार चार डकैतो की तलाश में जुटी पुलिस टीमें दबोचे गये दोनो ही डकैत गैंग के साथियो के साथ सीतापुर,लखीमपुर व लखनऊ जनपद में तीन दर्जन से अधिक घटनाओ को दे चुके है डकैत कमलेश पर 32मुकदमें व साथी छोटू पर 13 मुकदमें व मृतक गैंग के सरगना सुशील चौहान पर डैकेती व चोरी समेत अन्य धाराओ में 16 मुकदमें दर्ज है।फरार चार डैकेतो की सरगर्मी से तलाश जारी है।

बाबा साहब की जयंती पर आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति का भव्य कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के तत्व ज्ञान में 13 अप्रैल और 14 अप्रैल बाबा साहब की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाया,सभी विभागों के संयोजक मंडल द्वारा प्रातः 9 बजे बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मारक गेट नंबर 1 के सामने एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति संयोजक ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया एवम बाबा साहब द्वारा बनाई गई संवैधानिक व्यवस्था के प्रति दृढ़ संकल्पित होकर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने पर ज़ोर दिया ।

सभी आरक्षण समर्थक कार्मिकों ने पूरे प्रदेश में आरक्षण को बचाने का संकल्प लिया और कहा किसी भी हालत में निजीकरण नहीं होने देंगे क्योंकि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने हमेशा से ही कहा था बिजली विभाग हमेशा सरकारी क्षेत्र में रहना चाहिए ऐसे में बिजली विभाग के निजीकरण पर भी आरक्षण समर्थकों का पूरे प्रदेश में फूटा गुस्सा कहा आरक्षण को समाप्त करने के लिए निजीकरण किया जा रहा है जिससे बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था खत्म हो या वर्तमान सरकार द्वारा बाबा साहब के विचारों पर करारा हमला है। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति की और से सुबह 10:00 बजे से ही 10 कुंतल फलदान भोजन दान व मिष्ठान का वितरण लगातार किया गया।

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजकों अवधेश कुमार वर्मा, डॉ रामसबद जैसवारा के बी राम आरपीसी अनिल कुमार श्यामलाल एसपी सिंह मनोज सोनकर अजय कुमार पीएम प्रभाकर लेख राम बिंदा प्रसाद सुशील कुमार वर्मा वेद प्रकाश हरिचंद वर्मा बनी सिंह एक प्रभाकर दिनेश कुमार देवेंद्र पचोरिया आदर्श कौशल प्रेमचंद जितेंद्र कुमार श्रीनिवास राव प्रभाकर सिंह बृजमोहन धीरेंद्र कुमार रमेश चंद्र सुनील कनौजिया ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश की आरक्षण समर्थक कार्मिकों में भारी उत्साह है सब एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं और मिष्ठान वितरण करके एकजुट होकर बाबा साहब के बताये हुए रास्ते पर बढ़ने का संकल्प लिया जिससे बाबा साहब की बनाई गई संवैधानिक व्यवस्था हमेशा सुरक्षित रहे और देश अखंड होकर बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था पर मजबूत बना रहे। 2 दिन से लगातार चल रहे कार्यक्रम में प्रसिद्ध भीम गीत गायक विशाल गाजीपूरी व सपना बौद्ध ने देर रात तक पूरे अंबेडकर स्मारक को भीम मय कर दिया लोग उत्साह से झूमते नाचते रहे और बाबा साहब के जन्मदिन पर एक दूसरे को बधाइयां देते रहे।

इलेक्ट्रिक स्कूटर के उपयोग की वृद्धि वातावरण को करेगी प्रदूषण मुक्त : कौशल किशोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दुबग्गा में इलेक्ट्रिक स्कूटर की कंपनी बीगॉस के एक और नए शोरूम की शुरुआत हुई। बीगॉस के नए डीलर के. एम. ऑटो सेल्स एंड सर्विस के भव्य शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि इलेक्ट्रिक स्कूटर के उपयोग की वृद्धि वातावरण को प्रदूषणमुक्त करेगी। वहीं इस दौरान इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने वाले ग्राहकों को फ्री बीमा और रजिस्ट्रेशन के साथ एक्सटेंडेड वारंटी को भी पूरी तरह से फ्री कर दिया गया है। हाई टेक्नोलॉजी फीचर्स के साथ इनकी शुरुआत एक्स शोरूम प्राइस में 95999 रूपए से है। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मलिहाबाद जय देवी, संजय गुप्ता और बीगॉस ऑटो प्राइवेट लिमिटेड से हेड विक्टर सिरोही, दीपक मक्कड़ नेटवर्किंग हेड व नितिन ठाकुर मौजूद रहे।

कन्हैया माधवपुर वार्ड मे मनाया गया बाबा साहब जयंती पर भव्य कार्यक्रम

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पश्चिम मंडल दो के वार्ड कन्हैया माधवपुर द्वितीय में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती का कार्यक्रम वार्ड के, वार्ड अध्यक्ष दुर्गा शंकर मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष डॉ मनमोहन उपविजेता पार्षद प्रमोद प्रजापति नगर मंत्री अनुसूचित मोर्चा गोविंद रावत ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुमित गुप्ता गोलू अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज रावत शक्ति केंद्र संयोजक रामकिशोर मौर्य विनीत लोधी श्याम किशोर महाराज रमेश राजेश विद्यावती एवं अन्य क्षेत्रीय कार्यकर्ता ने उपस्थित होकर पुष्पमाला पहनाकर, पुष्पांजलि करके और मिष्ठान का भोग लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाया और बाबा साहब डाक्टर भीम राव अम्बेडकर के आदर्शों पर चलने की बात कही।

रायबरेली के हाथी पार्क चौराहे का नाम 'बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक' करने तथा स्थल के समग्र विकास हेतु की पहल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली नगर स्थित हार्थी पार्क चौराहे का नाम परिवर्तन कर 'बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर चौक किए जाने की पहल की है। उन्होंने इस आशय का अनुरोध पत्र नगर विकास मंत्री को प्रेषित किया है। उन्होने पत्र में मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली को निर्देश दिया है कि उनकी विधायक क्षेत्र विकास निधि से 21 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराते हुए हाथी पार्क चौराहे पर स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण एवं अधोसंरचनात्मक विकास कराया जाए। उन्होने जनपद रायबरेली में हाथी पार्क स्थित 'भारत रत्न' बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव संयुक्त समिति' द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने चौराहे का नाम बदले जाने एवं स्थल के समग्र विकास की बात कही।

नवयुग कन्या महाविद्यालय में ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवयुग कन्या महाविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक आयोजन में आधुनिक साहित्य में मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं की अभिव्यक्ति पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. अनीता सिंह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने नाटक के माध्यम से 20वीं शताब्दी में मानव अनुभव की अभिव्यक्ति पर व्याख्यान दिया। वहीं दूसरी वक्ता प्रो. निशि पांडे लखनऊ विश्वविद्यालय ने 20वीं शताब्दी के उपन्यासों के माध्यम से मानव अनुभव को विश्लेषित किया। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के प्राचार्या प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

एकेटीयू में मनाई गई बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्हें याद करते हुए देश के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते हुए प्रति कुलपति प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि बाबा साहब का पूरा जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओ पी सिंह ने कहा की बाबा साहब द्वारा निर्मित भारत का संविधान इतना जनकल्याणकारी है कि उसका अनुपालन कर समाज के सभी वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा की जा सकती है और राष्ट्र को निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रखा जा सकता है। कार्यक्रम में छात्र हर्ष पांडे, नमन कुमार, अखिलेश कुमार, सोनल पांडे ने भी बाबा साहब के जीवन और दर्शन पर विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन सहायक कुलसचिव सौरभ सिंह ने किया।

कोटेदार पर लगाया गया मनमानी व घटतौली का आरोप

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज इलाके के गांव सेमरा पितापुर के कोटेदार जयचंद तिवारी पर मनमानी करने के साथ ही घटौती करते हुए कार्ड धारकों को कम राशन देने का आरोप लगाया गया है।इस मामले में उसी गांव के निवासी कल्लू की ओर ओर से 1076 पर प्रदेश के मुख्य मंत्री मुख्यमंत्री को शिकायत भी गई थी और मामले की जांच माप नाम विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक सौंपी गई है।शिकायत कर्ता के अनुसार अन्त्योदय कार्ड धारक श्रीकांती को कोटेदार ने राशन देने से इन्कार कर दिया तो भी पी एल कार्ड धारक गुड़िया व शान्ती को भी राशन देने से मना किया। शिकायत कर्ता के अनुसार कोटेदार की ओर से तीनों उपभोक्ताओं से कहा गया कि उनका राशन उसके पास नहीं है। शिकायतकर्ता की ओर से कोटेदार पर गाली गलौज करने की बात भी कही गई है। शिकायत कर्ता कल्लू के मुताबिक कोटेदार तौल में गड़बड़ी करके सभी उपभोक्ताओं को एक किलोग्राम से अधिक राशन कम देता है।

सपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई डाक्टर अम्बेडकर जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बहरु,वनीनगर,चौखड़ी खेड़ा, संन्यासीबाग,काकोरी, असत्यखेड़ा सहित अन्य गांवों में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमाओं श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।जगह जगह पर भंडारा आयोजित कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सपा नेत्री विजय श्री गौतम,निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया ने कहा कि बाबा साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन शोषितों वंचितों,दलितों और कोटि-कोटि मानवों को उनका अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया था।वे साधारण मनुष्य नहीं,बल्कि एक महामानव थे।बाबा साहब के संकल्पों को पूर्ण करने हेतु सपा पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।और सत्ताधारी दलों की तरह केवल घड़ियाली आंसू नहीं बल्कि राष्ट्रीय अखिलेश यादव ने अपने सभी सांसदों विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को अपनी विधायक निधि का पीडीए समाज के विकास पर खर्च करने का निर्देश दे रखा है।इस अवसर पर मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य,ब्लाक अध्यक्ष इशहाक गाजी,प्रधान गुरुदयाल,जमशेद अली,दशरथ यादव,राम नारायण रावत,रामचन्द्र रावत,नीरज गौतम,ऐजाज जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार गुड्डू,विमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने नमन किया।

अंबेडकर जयंती पर भीम रैली व भंडारों का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर क्षेत्र में कई स्थानों पर भीम यात्राएं निकाली गई । इस उपलक्ष्य में कई जगहों पर भंडारों का आयोजन किया गया।

सोमवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद कुमार के नेतृत्व में भीम यात्रा अर्जुनगंज सब्जी मंडी से चुंगी, सरसवां, कुल्लीखेड़ा अहिमामऊ होते हुए एचसीएल पर समापन किया गया।इस मौके पर शैलेन्द्र मणि ने बाबा साहब के जीवन प्रकाश डाल कर सभी को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहब ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया। इस अवसर पर शैलेन्द्र मणि , विनोद चौधरी, अजय सिंह रावत(रिंकू), जय सिंह यादव(बब्बू) सतीश यादव(सोनू) आलोक आनंद अंजनी धीमान बैजनाथ रावत सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही एचसीएल से कोडरा गोसाईंगंज तक भीम रैली निकाली गई।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से मनाई गई जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर कैनविज टाइम्स । आज भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर लहरपुर तहसील क्षेत्र के स्थित ग्राम सभा रिहार में अंबेडकर पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की वही बाबा साहब ने कहा था शिक्षित बनो आप यदि शिक्षित ऱहोगे तो अपने कर्तव्यों से विचलित नहीं रहेंगे भारत माता के महान सपूत बोधिसत्व भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि वह आदि से अन्त तक भारतीय, उन्होंने स्वयं अपमान सहा लेकिन भारत को कभी अपमानित नहीं होने दिया, इसी महानता के कारण स्वतंत्र भारत उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता भारत एकता के सूत्र में बंधकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा, यह भारत के संविधान के कारण सम्भव हो पाया ।

विकास के नाम पर हो रहा जमकर भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मनरेगा बनी प्रधान सचिव की कमाई का जरिया जब कि संबंधित अधिकारियों का कहना जितने लोगों की फोटो उतनी ही लग सकती है हाजिरी फिर कैसे लग रही फर्जी हाजरी

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को को पलीता लगा रहे प्रधान व सचिवथ

मछरेहटा - सीतापुर । भ्रष्टाचार तो इन दिनों हर ग्राम पंचायत की कड़ी बन चुकी है । योगी सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही लेकिन कामयाब होने में संबंधित अधिकारी पलीता लगाने का काम कर रहे है । वही सरकार की महत्वपूर्ण योजना महात्मा गाँधी मनरेगा योजना जिसके जरिये ग्राम प्रधान व पंचयात सचिव अपनी तिजोरी भरने में सक्षम है। हम बात कर रहे विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत बारेपारा की जहाँ प्रधान व पंचायत सचिव तिगड़ी मिलकर नया इतिहास रचने का काम कर रही है। ग्राम पंचायत में बना *सरदार भगत सिंह अमृत सरोवर तालाब जहाँ मनरेगा में दिनांक 14 अप्रैल को नाम मात्र मजदूरों सर कार्य कराया जा रहा है। जिसमे 26* मजदूरों की हाजरी दर्शायी गयी।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी के नाम पर 08 मार्च 2024 को लगभग 130000 रुपये व पुनः लगभग 13000 का भुगतान कराया गया। जिसमे अनिमितायो का भंडार बना हुआ है। वही ग्राम पंचायत में स्वछता पर व्यय के नाम पर 34500 रुपयों का भुगतान कराया गया । ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम में गंदगी का भंडार बना हुआ है। यही नही नल मरम्मत , नाली निर्माण , प्राथमिक विद्यालय में शौचालय मरम्मत , ग्राम पंचायत स्वच्छता पर व्यय , ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी स्थापना , प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर में दिव्यांग शौचालय निर्माण , सामुदायिक केंद्र का सुंदरीकरण हो या ग्राम पंचायत में कोई भी कार्य क्यों न कराया गया हो सब मे जमकर भ्रष्टाचार किया गया है जिसकी ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है, अब देखना यह है कि क्या जांच कर उचित कार्यवाही होती है या फिर हमेशा की तरह भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जाता रहेगा।

भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के जन्म दिवस पर निकली भव्य शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद की इस यात्रा में पहली बार ऊंट और घोड़े सहित बग्घी ने लगाया शोभा यात्रा में चार चांद

नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने शोभा यात्रा का आरती कर व झंडी दिखा कर किया शुभारंभ।

सीतापुर। भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के जन्म दिवस पर जहां समूचे देश में कार्यक्रम आयोजित हुए इसी क्रम में में सीतापुर जनपद के खैराबाद नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता अधिशाषी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता व सभासद विष्णु गौतम द्वारा किया गया शोभा यात्रा को वार्ड माखूपुर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने झंडी दिखा कर रवाना किया जो कि नगर में प्रमुख मार्गों से निकाली गई ।हजारों लोगों ने नगर की सड़कों पर निकल कर यात्रा को सफल बनाया और जगह जगह इस शोभा यात्रा का फूल मालाओं के साथ नगरवासियों के द्वारा स्वागत किया गया हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान टैग लाइन के साथ देश भर में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का आज जन्म दिवस मनाया गया ।खैराबाद नगरपालिका के सामने नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने यात्रा का फूलों से स्वागत किया।

इस सम्बन्ध में नगरपालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा बाबा साहब ने जिस संविधान को बनाया वो हमारे देश की मजबूत नींव और देश की धड़कन है आज भारत के लोकतंत्र की पूरे विश्व में चर्चा है और ये सब हमारे देश के संविधान की वजह से है हमारे देश में सभी वर्ग एक समान है।और सभी को बराबरी का दर्जा मिला हुआ है ये सब बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है। देश में संविधान से बड़ा कुछ नहीं है हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ,सफाई इंस्पेक्टर मनोज राणा, संदीप गुप्ता ,प्रदीप बाबू, पुनीत सिंह गौरव अग्रवाल ,संदीप मिश्रा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला। स्वयंसेवकों का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां । सोमवार को पथ संचलन से पहले कस्बे के ऐतिहासिक रामलीला मैदान मेला में प्रांत के घोष प्रमुख संतोष जी ने देश के संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह अपने पूरे जीवन बहुत सारी सामाजिक कुरीतियों का सामना करते हुए जीवन भर संघर्ष किया। वर्तमान में आज भारत फिर से विश्व गुरु बनने जा रहा है। संघ में जाति धर्म पंथ में विभाजित नहीं है। भारत के एक प्रचारक का पूरे विश्व में डंका बजा रहा है। शाखा, संघ की आत्मा है। संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसके उपरांत पथ संचलन प्रारंभ हुआ जो रामलीला मैदान से निकल कर बस स्टॉप बिसवां, काला गेट,काजीटोला, मगरहिया बाजार हजीरा रायगंज बड़ा चौराहा से पोस्टर नगर पालिका से होते हुए पुनः रामलीला मैदान में आकर समाप्त हुआ।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने झेरखापुर मण्डल में मनाई अम्बेडकर जयंत्री

भाजपा जिलाध्यक्ष ने बाबा साहब व गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

झेरखापुर (सीतापुर)।हरगांव विधान सभा के झेरखापुर मंडल के अरीखेमाजितपुर गांव मे डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने आयोजित कार्यक्रम मे पहुंचकर बाबा साहेब अम्बेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित किए। भाजपा जिलाध्यक्ष ने भीमराव अंबेडकर के जीवन गाथा पर प्रकाश डाला।उन्होने बताया जिसने हमें अधिकार दिए, सोचने की आजादी दी और समानता का रास्ता दिखाया- ऐसे महान व्यक्तित्व डॉ. भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देना हम सबका कर्तव्य है। हर साल 14 अप्रैल को पूरा देश अंबेडकर जयंती मनाता है, जिसमें न सिर्फ बाबा साहेब के जन्मदिन बल्कि उनके विचारों और संघर्षों को भी याद किया जाता है। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर हो रही बौद्ध कथा के समापन पर बच्चों द्वारा की गयी गौतमबुद्ध,भीम राव अंबेडकर,संत रविदास की झांकी पर पुष्प अर्जित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, भाजपा नेता अनुज शुक्ल,बेचेलाल गौतम ,विक्रम सिंह,रामजीवन गौतम,रंजीत कुमार,अनिल गौतम,चंद्रभाल कनौजिया,तथा सैकडों भाजपा कार्यकर्ता व जनसमुदाय मौजूद रहा।

यूज 6 सुभासपा कार्यकर्ताओं ने मनाई अंबेडकर जयंती

पीलीभीत। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पीलीभीत द्वारा पार्टी कार्यालय मैं डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। कैफ रजा कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा मंच ने कहा कि भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महापुरुषों मैं से एक बड़ा नाम है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माता और एक महान सामाजिक सुधारक थे और उनके कार्यों को याद करने उनके विचारों से प्रेरणा लेने और उनके द्वारा स्थापित सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का दिन है डॉ अंबेडकर ने अपने जीवन में जातिवाद सामाजिक भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ अथक संघर्ष किया उन्होंने दलितों और वंचित समुदायों के लिए शिक्षा समानता और न्याय की आवाज उठाई उनकी अथक मेहनत और समर्पण के कारण भारतीय संविधान मैं सभी के लिए समानता और स्वतंत्रता का अधिकार सुनिशचित किया गया। और कैफ रजा ने कहा भारतीय संविधान हर व्यक्ति को पढ़ना चाहिए हर घर में होना चाहिए यह समझने की जरूरत है की संविधान को तैयार करने के पीछे आखिर विचार क्या थे इसलिए अनिवार्य तौर पर सबको पढ़ना चाहिए जानिए भारतीय संविधान मैं क्या कहा गया मौजूद रहे जुल्फिकार अली प्रदेश उपाध्यक्ष, वेद प्रकाश, राजू वर्मा, शहजली खान, नसीमुद्दीन, अफसर,नादिर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

नाबालिग किशोरी के अपहरण का मामला, पुलिस ने आरोपित को किया गिरफ्तार

जालौन। डकोर थाना क्षेत्र के एक गांव में देर रात एक 12 वर्षीय किशोरी के अपहरण करने का प्रयास करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित लोकेंद्र उर्फ लुक्का को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरु कर दी है।

बता दें कि, मामला डकोर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहाँ 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी अपने नाना के घर आई हुई थी। रात के समय वह घर के बाहर चारपाई पर सो रही थी। इसी दौरान गांव निवासी लोकेंद्र उर्फ लुक्का उसे उठाकर ले जाने का प्रयास किया। जैसे ही किशोरी जागी, उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर घर के अन्य सदस्य बाहर आए, तो लोकेंद्र किशोरी को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता के नाना ने डकोर थाने में आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जाँच कर अपहरण और छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया। डकोर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौहान ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहन जाँच कर रही है और सम्बंधित धाराओं में आरोप पत्र दाखिल करेगी।

नई शिक्षा नीति के तहत एलएलएम कोर्स की जल्द होगी शुरुआत

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह एलएलएम (मास्टर ऑफ लॉ) कोर्स की शुरुआत होने जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसी सत्र से इस कोर्स को प्रारम्भ करने की योजना बनाई है। विद्या परिषद की बैठक में इस कोर्स को मंजूरी मिल चुकी है। कोर्स में कुल 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। छात्रों को प्रवेश के लिए पीयूकैट परीक्षा देनी होगी। परीक्षा

सीतापुर को शिक्षा के क्षेत्र में मिली नई दिशा: पेंगुइन टावर में 'आकाश मेडिकल, IIT-JEE फाउंडेशन' का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने किया दीप प्रज्वलन, कहा ऽ "अब प्रतिभाओं को नहीं छोड़ना होगा अपना शहर

सीतापुर, । सीतापुर के होनहार छात्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और ऐतिहासिक शुरुआत हुई है। पेंगुइन टावर में प्रतिष्ठित 'आकाश मेडिकल, IIT-JEE फाउंडेशन' कोचिंग संस्थान का आज विधिवत उद्घाटन हुआ। जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, छात्र एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शहर में ही मिलेगी राष्ट्रीय स्तर की तैयारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा, ल्लसीतापुर जैसे उभरते जिले के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। अब हमारे छात्र नीट, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी अपने ही शहर में कर सकेंगे। इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि छात्रों को मानसिक रूप से भी अधिक सहज और आत्मविश्वासी बनाया जा सकेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि आकाश जैसी प्रतिष्ठित संस्था का आगमन इस बात का संकेत है कि सीतापुर अब शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

सस्ती फीस, श्रेष्ठ सुविधाएं

कोचिंग सेंटर की सबसे खास बात यह है कि यहाँ पर गुणवत्ता के साथ-साथ थद्धद्धधन्दथथ्द्धद्यद्बध्भ यानी सस्ती फीस पर भी खास ध्यान दिया गया है। विद्यार्थियों को अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग सपोर्ट और नियमित मॉक टेस्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को भी समान अवसर मिल सकेंगे।

अभिभावकों और छात्रों में उत्साह

इस पहल से छात्रों और अभिभावकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। एक छात्रा के पिता ने कहा, ल्लअब हमें लखनऊ या दिल्ली भेजने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। यहीं रहकर बच्चे सुरक्षित और बेहतर तरीके से पढ़ सकेंगे।

शहर को मिलेगी नई पहचान

विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे प्रतिष्ठित संस्थानों की मौजूदगी से न केवल छात्रों को लाभ होगा, बल्कि सीतापुर की पहचान एक शैक्षणिक हब के रूप में भी बनेगी। आने वाले समय में अन्य कोचिंग और शैक्षणिक संस्थान भी यहां निवेश कर सकते हैं, जिससे शिक्षा का परिदृश्य पूरी तरह बदल सकता है कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और छात्रों के बीच निःशुल्क परामर्श सत्र के साथ हुआ। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि भविष्य में स्कॉलरशिप टेस्ट और कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्रों को फायदा मिल सके।

अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ ने 11 पौंड का केक काटकर मनाई बाबा साहेब की जयंती

मुरादाबाद। अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ ने पीतलनगरी मुरादाबाद में सोमवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव राम आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर 11 पॉड का केक काटकर बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ ने सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। संगठन ने पहले बुद्ध वंदना की, इसके बाद बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर 11 पॉड का केक भी काटा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुरादाबाद लोकसभा से सपा सांसद रुचि वीरा, अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा विधायक रितेश गुप्ता, मेयर विनोद अग्रवाल, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व राज्यसभा सदस्य वीर सिंह मौजूद रहे।

हर्षा रिछारिया की 'हिंदू जोड़ो पदयात्रा' वृंदावन से हुई शुरू, अलीशा हुई पदयात्रा में शामिल

एजेंसी

मथुरा वृंदावन से संभल तक 175 किमी की 'हिंदू जोड़ो पदयात्रा' सोमवार को महाकुंभ की वायरल साध्वी के नाम से मशहूर हर्षा रिछारिया के नेतृत्व में शुरू हुई। इस धार्मिक पदयात्रा ने पहले ही दिन चर्चाओं का केंद्र बनते हुए सामाजिक समरसता और धार्मिक जागरूकता दोनों के संदेश दिए। पदयात्रा की खास बात यह रही कि इसमें एक मुस्लिम युवती अलीशा खान ने भी भाग लिया, जिन्होंने सनातन धर्म में नारी को दिए गए सम्मान की सराहना की।

पदयात्रा की शुरुआत 14 अप्रैल को वृंदावन से हुई। हर्षा रिछारिया ने सुबह भगवान शिव और श्रीराम के मंदिरों में पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जलाभिषेक के बाद मंत्रोच्चार के साथ वैदिक विधि से पूजा संपन्न हुई। इसके बाद राम दरबार में साष्टांग प्रणाम कर यात्रा की सफलता के लिए भगवान से प्रार्थना की।

पूजा के दौरान ही मंदिर परिसर में हर्षा की चप्पल खो गई, लेकिन उन्होंने इसे ईश्वर की इच्छा मानते हुए नंगे पैर यात्रा शुरू कर दी। यात्रा की शुरुआत जय श्रीराम, हर-हर महादेव और बांके बिहारी की जयघोष के साथ हुई। साधु-संतों और सैकड़ों समर्थकों ने उनके ऊपर फूल बरसाए और भक्ति गीतों के साथ यात्रा को आगे बढ़ाया। रास्ते में लोग जगह-जगह यात्रा में शामिल हो रहे हैं और यात्रा का स्वागत कर रहे हैं। वृंदावन में यमुना पुल पर पदयात्रा पहुंची तो हर्षा ने यमुना मैया को प्रणाम किया। वहीं इस यात्रा में एक अनोखा दृश्य उस समय देखने को मिला जब मथुरा के कृष्ण जन्मस्थान के पास रहने वाली मुस्लिम युवती अलीशा खान ने नकाब पहनकर और माथे पर टीका लगाकर यात्रा में भाग लिया। अलीशा ने बताया कि उन्होंने 8 महीने पहले सचिन नाम के युवक से लव मैरिज की है और अब वह सनातन धर्म के प्रति आकर्षित हैं। अलीशा ने कहा कि सनातन में महिलाओं को लक्ष्मी स्वरूप माना जाता है, जबकि हमारे यहां लड़कियों को बंद करके रखा जाता है। वहां इज्जत नहीं है। अलीशा ने बताया कि सनातन में महिलाओं को जो सम्मान मिलता है, वही मुझे इस पदयात्रा में खींच लाया है।

हर्षा रिछारिया ने इस यात्रा को 'हिंदू जोड़ो पदयात्रा' का नाम दिया है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य उन युवक-युवतियों को सनातन धर्म से जोड़ना है, जो पाश्चात्य संस्कृति और आधुनिक विचारधारा के कारण अपने मूल धर्म से दूर हो गए हैं। उनका कहना है कि इस तरह की धार्मिक यात्राएं युवाओं में जागरूकता लाने और उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का सपना अब सिर्फ विचार नहीं, एक जनआंदोलन बन चुका है। सनातन धर्म को समझने और अपनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। इस यात्रा को संत समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है।

उज्जैन से आईं किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर माता सतीनंद गिरी ने कहा कि आज का युवा सनातन धर्म से भटक गया है और उसे वापस मार्ग पर लाने के लिए ऐसे प्रयास आवश्यक हैं, उन्होंने हर्षा को अपनी बेटी समान बताते हुए कहा कि वह इस धार्मिक आंदोलन में पूरी तरह साथ हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने भी यात्रा को समर्थन दिया है।

उन्होंने कहा कि संघ से जुड़े कार्यकर्ता यात्रा के पूरे मार्ग में सहयोग करेंगे और यात्रियों का स्वागत करेंगे। इस यात्रा में एक विशेष रथ भी शामिल है जो सबसे आगे

सामूहिक विवाह में 21 निर्धनों के हाथ हुए पीले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। पूर्वांचल में अपने विशिष्ठ सामाजिक कार्यों की बदौलत जन-जन के बीच अपनी एक खास पहचान बना चुके के 0 डी0 शाही जन जागृति-संस्थान द्वारा आयोजित निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत आज सोमवार की शाम को यहाँ के ऐतिहासिक गुप्तकालीन सूर्यमन्दिर के परिसर में 21(इक्कीस) समाज के अतिनिर्धन युगल जन्म-जन्मान्तर के लिये एक दूसरे के जीवन संगिनी बने।इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की सुखद कामना की।विवाहोपरान्त संस्थान द्वारा सभी नवयुगलों को घर-गृहस्थी से सम्बन्धित जीवनोंपयोगी सामान देकर उनको परिजनों के साथ ससम्मान विदा किया गया।

विदित हो कि पूर्वांचल में सामाजिक कार्यों के लिए ख्यातिप्राप्त जनपद कुशीनगर के तुर्कपट्टी स्थित के0 डी0 शाही जन-जागृति संस्थान द्वारा विगत दो दशकों में अबतक 650 समाज की अतिनिर्धन कन्याओं का विवाह कराया जा चुका है।इस सामूहिक विवाह की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें जनपद कुशीनगर के अलावा पड़ोसी जनपदों व बिहार प्रदेश के सनातन तथा इस्लाम धर्म के युगलों का उनके रीति-रिवाज के अनुसार सगाई सम्पन्न कराया जाता है।इसी कड़ी में आज सोमवार को 21 निर्धन नवयुगल जन्म -जन्मांतर के लिये एक-दूसरे के जीवनसाथी बन गये।इसके पूर्व शाम होते ही पंजीकृत नवयुगल अपने -अपने परिजनों के साथ सूर्यमन्दिर में आयोजित विवाह स्थल पहुँचे जहाँ संस्थान के आयोजक सुधीर कुमार शाही,अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, संयोजक डा0 सी वी सिंह सेंगर, शैलेन्द्रदत्त शुक्ला व स्वागताकांक्षी अमित वर्मा ने संगठन के सहयोगियों के साथ उनका स्वागत कर उन्हें मन्दिर परिसर में सुसज्जित विवाह मंच पर पहुँचाया गया।शहनाई की धुन तथा रंग-विरंगे आकर्षक जगमगाती रोशनी के बीच उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों के समक्ष नव-युगलों का वैदिक रीति-रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ।पाणिग्रहण के समय पर उपस्थित इस शुभ अवसर पर पधारीं अनेक महिला आगन्तुकों ने नवयुगलों को वस्त्र,आभूषण,घड़ी,श्रृंगार सामग्री व अन्य मांगलिक वस्तुएं प्रदान कर उनके सुखमय जीवन की कामना करते हुए शुभाशीष दिया।संस्थान द्वारा सभी आगंतुकों के अलावा प्रत्येक युगलों के परिजनों सहित सभी बारातियों के लिये जलपान,भोजन एवं ठहरने की अलग-अलग व्यवस्था की गयी थी।इस अवसर पर पधारे अतिथियों एवं गणमान्य लोगों ने अपने सम्बोधन में कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि लगातार 23 वें वर्ष में सफलतापूर्वक सम्पन्न होने वाला यह कार्यक्रम वर्तमान समय समाजिकता का सबसे अनुपम उदाहरण है।संस्थान द्वारा किया जा रहा यह अद्वितीय कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा व एक सकारात्मक संदेश देने वाला साबित हुआ है।कार्यक्रम के आयोजक सुधीर कुमार शाही ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह सामाजिक संस्थान बिना कोई सरकारी अनुदान लिये केवल जनसहयोग से विगत दो दशकों से इस सामाजिक कार्य के दौरान अब तक 650 निर्धन कन्याओं का सामूहिक पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न करा चुका है।उन्होंने कहा कि इस आयोजन के लिये समाज के सकारात्मक सोच वाले लोगों का प्रोत्साहन हम सभी का मनोबल बढ़ाता है।इस अवसर पर आये अनेक विधा के कलाकारों ने मंगलगीत,सोहर एवं विदाई गीतों को प्रस्तुत कर लोगों को भावविह्वल कर दिया।वही प्रसिद्ध रंगकर्मी मानवेन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में मूल भोजपूरी संस्कृति पर आधारित ''शिव-पार्वती विवाह'' का नाट्यमंचन किया गया।विवाहोपरांत सभी नवयुगलों को घड़ी,सायकिल,वस्त्र, आभूषण,बक्शे ,विस्तर,पलंग,कुर्सी सहित अन्य जीवनपयोगी वस्तुएं प्रदान कर ससम्मान विदा किया गया।इस दौरान आसपास गाँवों के हजारों ग्रामीणों के अलावा क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित थे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुन्ना शाही,नवीन शाही,पुरुषोत्तम वर्मा, रामप्रवेश यादव,मोहन स्वर्णकार, मुटूर यादव, राजेश मद्धेशिया, सुरुजलाल व प्रेम रौनियार आदि का विशेष सहयोग रहा।

भवं भवानी साहित्य परीषद की 163 वीं मासिक कवि गोष्ठी सम्पन्न

राजापाकड़ /कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तमकुहीराज क्षेत्र के गोसाईंपट्टी छिहुला ब्रह्म स्थान स्थित शिव मंदिर परिसर में भवं भवानी साहित्य परिषद की 163वीं मासिक कवि गोष्ठी सम्पन्न हुई। कवियों ने अपनी रचना पढ़कर वाहवाही बटोरी। कवि गोष्ठी की शुभारंभ कवि रामपति रसिया की वाणी वंदना शारदा के कर जोरि बिनती करबानी, करतानी माई के गोहार जी... से हुई। अध्यक्षीय कविता पाठ करते हुए रसिया ने कहवां धरम बा लुकाईल ए बिचारी भाई, कहंवा धरम बा लुकाईल.. व्यंग्य रचना सुनाकर सबको झकझोर दिया। विद्रोही तेवर के कवि नंदलाल विद्रोही ने गांव गांव गली गली में नफरत के बीज बोआईलबा, जे दिहल जान देश की खातिर नाम ओकर गद्दार धराईल बा। बापू! ई कईसन राष्ट्रवाद आईल बा सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी। बिहार से पधारे श्री कृष्ण सिंह चुलबुल ने पश्चिम से जब आधी चलल धा-धा गेंहू पर परल। काटल पसई उड़ाके ले गईल अकाशे, डाकू से तनिको कम नईखे बनल बदमासे..सुनाकर वाहवाही बटोरी। कवि भुआल कुशवाहा ने धरती के स्वच्छ बनाव मोरे भाई हो, तबे जीवन सुखी रहि पाई हो..सुनाकर अच्छा संदेश दिया। कवि दीपराज दीपक ने ईंट अटारी सिर सजल,बुझी नींव का भीर, चीलम समझे आगि के,कईसन होला पीर.. दोहा पढ़कर तालियां बटोरी। कवि पारसनाथ पाण्डेय ने चहुंओर अट्टहास करे दुःशासन। वो किस किस से पार पायेंगे, बिनती करना छोड़ द्रौपदी,आज कृष्ण नहीं आयेंगे.. सुनाकर सोचने पर विवश किया ।गजलकार अंगद उदास ने हो तबीयत तेरी तो ये मौसम भी बदल जायेगा, देखते-देखते ये पत्थर भी पिघल जायेगा.. सुनाकर कवि गोष्ठी को उंचाई दी। आयोजक रमापति रसिया ने सभी कवियों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रापए के मंडलीय मंत्री अजय कुमार सिंह, अंजनी सिंह, मुनेश्वर यादव, तपन ठाकुर, हरिमोहन प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

सरकार की मंशा जन जन तक पहुँचे स्वास्थ्य सुविधाएं : सदर विधायक

पड़रौना,कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के स्थापना के 7वी वर्षगाँठ पर आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन जनपद के सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर किया गया। इसी क्रम में सीएचसी विशुनपुरा के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर दांदोपुर पर भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की जंयती के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सदर विधायक पड़रौना माननीय मनीष जयसवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जन जन तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुँचाया जाये। ऐसे में ही माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा 14 अप्रैल 2018 में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का उद्घाटन किया गया जिसकी आज सातवीं वर्षगाँठ है। उन्होंने कहा कि आज ऐसे महापुरुष का जन्मदिवस भी है जिन्होंने हर वर्ग के लिये शिक्षा एवं समानता की बात करते थे। मैं उन्हें नमन करते हुये आप सभी को बताना चाहता हूँ कि हमारी सरकार स्वास्थ्य को लेकर तमाम योजनाएं चला रही है जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति इलाज के अभाव में दम न तोड़े। उन्होंने ने कहा कि आयुष्मान कार्ड से पाँच लाख तक इलाज फ्री हो रहा। हमारी सरकार ने गाँव गाँव तो जो आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बनायी है उसका लाभ सभी को मिल रहा है।

विद्युत वायर के चपेट में आने से दो की मौत, दो की हालत नाजुक

पडरौना,कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के बसहियां बनवीरपुर जमाली रोड मार्ग स्थित एक परिवार के वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान टेंट लगा रहे मजदूर ग्यारह हजार विद्युत के तार के चपेट में आने से झुलस गए । ग्रामीण को सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंची,जहां चिकित्सकों ने दो लोगों की मौत हो जाने की पुष्टि की है। जबकी बुरी तरह से झुलसे दो लोगों का इलाज अभी जारी है। मृतकों में मुबारक पुत्र तैयब उम्र 36 निवासी पडरौना गुप्ती शाहिद मजार का रहने वाला अपने ससुराल बसहिया बनवीरपुर के नौका टोला निवासी मजनू दीवान के घर अपनी पत्नी तेतत्री खातून के साथ पूरे परिवार के साथ रहकर मजदूरी करने का कार्य करता था। जबकि दूसरी ओर मृतको में बसहियां बनबीरपुर निवासी टोला पिपरा मुस्तफा पुत्र अकबर उम्र 20 बताया जा है। इसके अलावा झूम से नूरमोहम्मद पुत्र राजमुहम्द 18 और मोसाहेब पुत्र शुक्रउल्लाह उम्र 30 की हालत नाजुक बनी है, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटनास्थल पर भी एसडीएम सदर व्यास नारायण उमराव क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप अजेय पहुंचे थे। बताया जाता है कि कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र के बसहियां बनवीरपुर के जमाली रोड स्थित निवासी मैनुद्दीन पुत्र किताब के घर सोमवार की रात्रि रुबीना की शादी थी। सोमवार की सुबह मेहमानों के लिए टेंट लगाने का कार्य मजदूर कर रहे थे। इसी दौरान 11 हजार विद्युत वायर की चपेट में आ गए थे।

शोषित व वंचित समाज के प्रखर स्वर रहे बाबा साहब अंबेडकर : विनय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। भारतीय संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर की जन्मदिवस पर सोमवार को नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने नगर के कठकुइयाँ मोड़ तिराहे पर स्थापित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित किया। इसके पूर्व नपा कर्मचारियों द्वारा हर दिन की भांति बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा की धुलाई और सफाई की गई।

बतादे कि बाबासाहेब की जन्मजयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं संग नपाध्यक्ष ने उनकी प्रतिमा के समक्ष दीपोत्सव का आयोजन कराया था। कार्यक्रम के बाद श्री जायसवाल ने कहा कि भारत के सर्वसमावेशी संविधान के शिल्पकार, उत्कृष्ट विधिवेत्ता, अशक्त, शोषित व वंचित समाज के प्रखर स्वर रहे बाबा साहब भारतीय संविधान की आत्मा हैं। साथ ही बाबा साहेब के संविधान की दूरदृष्टि के कारण ही समाज का हर व्यक्ति एकसूत्र में बंधा हुआ है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नपा पडरौना विगत आठ वर्षों से लगातार नगर में मौजूद सभी राष्ट्रपुरुषों व महापुरुषों की प्रतिमाओं की प्रतिदिन धुलाई, सफाई और माल्यार्पण कर इन हुतात्माओं को सम्मान देता आया है। साथ ही उन्होंने बताया कि बाबा साहब के संविधान को समय समय पर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप मजबूती प्रदान करने के लिए उन्होंने पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से कोऑपरेटिव बैंक अजित बरनवाल, नवल किशोर त्रिपाठी, रामाश्रय गौतम के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

पिपराघाट से लखनऊ वाया तुर्क पट्टी रोडवेज बस सेवा शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। विधानसभा फाजिलनगर अन्तर्गत धार्मिक नगरी तुर्कपट्टी बाजार में विधायक सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने सोमवार को तमकुहीरोड के पिपराघाट से लखनऊ तक रोडवेज बस संचालन के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ज्ञात हो कि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर रोडवेज बस संचालन के लिए क्षेत्रीय लोगों द्वारा जनप्रतिनिधियों से बार-माँग किया जा रहा था।जनता की माँग को संज्ञान में लेते हुए विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा परिवहन मन्त्री दयाशंकर सिंह से मिले तथा यात्रियों की सुविधा के लिए तत्काल इस मार्ग पर रोडवेज बस संचालन करवाने का आग्रह किया।विधायक की पहल कारगर साबित हुआ और जनपद के भौगोलिक क्षेत्र से भलीभाँति अवगत परिवहन मंत्री ने तत्काल बस संचालन शुरू करने का निर्देश दिया।उक्त बस के संचालन का शुभारम्भ सोमवार को विधायक ने हरी झंडी दिखा कर किया।इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक कहा कि योगीराज में निर्मित अच्छी सड़कों पर यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज बसों के संचालन की आवश्यकता है जिसे आज शुरू किया गया।इस बस के संचालन से सुदूर दियारा से तुर्कपट्टी आने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी साथ ही यहाँ के लोगों को कसया,गोरखपुर, लखनऊ और कानपुर तक यात्रा करना अब आसान हो जायेगा।इस सम्बन्ध में एआरएम जयराम शर्मा ने बताया कि सुबह सात बजे से तुर्कपट्टी से रवाना होने वाली यह बस रवाना शाम तक राजधानी लखनऊ पहुँचा देगी।इस अवसर पर प्रमोद पाण्डेय, चमन यादव,शैलेन्द्र कुमार शाही,कन्हैया कुमार,राजन रौनियार,लल्लन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

काम, क्रोध, मद व लोभ की अधिकता पतन का बनता है कारण : स्वामी प्रज्ञानन्द

गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। काम,क्रध , मद व लोभ की अधिकता मानव के पतन का कारण बनता है इसलिए लिए इस पर संयम व नियंत्रण होना चाहिए । गोपी व कृष्ण का संवाद यह दर्शाता है कि प्रेम स्वार्थरहित होना चाहिए । उक्त बातें पादरी बाजार के सेवेन रिंग्स मैसेज हाल निकट फ़ातिमा अस्पताल पर आयोजित श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ के छठे दिन वृंदावन से पधारे स्वामी प्रज्ञानन्द जी महाराज ने श्रीमुख से अमृत वर्षा करते हुए कही । कथा व्यास ने आगे कहा कि गुरुवार भगवान श्रीकृष्ण का दिन है इसलिए इसदिन भूल कर भी कोई मदिरा व मांस का सेवन न करें । कथा व्यास ने आगे कहा कि जीवन मे सत्संग का एक अलग ही महत्व है जो करता व सुनता है ,उसपर भगवान की असीम कृपा होती है । कथा के अध्यक्ष इंजी विजय कुमार यादव व कथा प्रभारी पार्षद प्रतिनिधि सुधीर यादव ने बताया कि 8 अप्रैल से शुरू हुआ यह कथा यज्ञ 14 अप्रैल तक सांय 4 बजे से प्रभु इच्छा तक चला । हवन व विशाल भंडारा आज यानी 15 अप्रैल दिन मंगलवार को है । कथा के मुख्य यजमान पार्षद सरिता यादव के ससुर वीरेंद्र प्रताप यादव ,सास श्रीमती अमलावती देवी है । मुख्यदानी अतुल त्रिपाठी के सौजन्य से मैरिज हाल निःशुल्क श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ के लिए प्रयोग किया जा रहा है । कथा में मुख्य रूप से डॉ आरसी चौधरी,भोरिक यादव,उमेश यादव,रामप्रवेश गिरी, अनमोल तिवारी,आलोक यादव,प्रेमप्रकाश तिवारी,अशोक सिंह,पवन श्रीवास्तव, सागर गौड़,देवेन्द्र चौहान,राकेश कुमार श्रीवास्तव आदि का विशेष सहयोग प्रतिदिन मिल रहा है । कथा भगवान श्रीकृष्ण योग पीठ समिति गोरखपुर के तत्वाधान से चल रहा है ।

बांगरमऊ विधायक ने भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

बांगरमऊ उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बांगरमऊ संविधान निर्माता,भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने बेहटा कच्छ, लहरापुर, हरदासपुर, रायपुर नेवादा,काली मिट्टी चौराहा,आलवक बुद्ध विहार बांगरमऊ,गोशा कुतुब में अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। रायपुर नेवादा के मजरा देवरिया में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक न्याय के पुरोधा थे।उन्होंने समाज में भेदभाव मिटाने का काम किया,बाबा साहेब का लोकतंत्र में अटूट विश्वास था।उनका मानना था कि कोई भी राज्य तब तक लोकतान्त्रिक नहीं हो सकता जब तक समाज लोकतांत्रिक न हो।उनके विचारों से हम सबको प्रेरणा लेकर एक अच्छे समाज का निर्माण करके विकसित भारत बनाना है। इस अवसर पर अंकुश गौतम, फतेहपुर चौरासी ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद,संदीप लोधी,सूरज गौतम,सुनील गौतम,नीरज गुप्ता, अरुणेंद्र पटेल,जयपाल पटेल,अखिलेश सिंह,महिपाल कटियार मौजूद रहे।बाद में बाबा बोधेश्वर धाम बांगरमऊ में आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आचार्यो व बटुको को सम्मानित करके विधायक ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि को तौर पर पहुंचे सौरभ तिवारी किया नमन

उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत रत्न, बाबसाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर आज ग्राम पंचायत उदशाह व दुर्गा खेडा में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा प्रणित सौरभ तिवारी कार्यक्रम में पहूच कर उनके मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके महान विचारों व योगदान को कृतज्ञता सहित नमन किया।बाबा साहब न्याय व समता पर आधारित समाज के लिए सदा प्रयत्नशील रहे एवं उनके महान व्यक्तित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद रहे बार एसोसिएशन अध्यक्ष सफीपुर आदरणीय रामखेलावन जी प्रधान रामनारायण कुशवाहा प्रदीप सिंह उर्फ पिटू विपिन कनौजिया विकास सिंह लीला गौतम विजय प्रकाश राम-लखन अजय मास्टर कालीचरण यादव आदि लोग मौजूद रहे।

मछली पालक के तालाब से दो मोटर चोरी, ग्रामीणों में दहशत

राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के बरवा राजापाकड़ गांव में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार और रविवार की रात अज्ञात चोरों ने एक मछली पालक के दो तालाबों पर लगे मोटर चोरी कर लिए। इस घटना से न केवल पीड़ित को आर्थिक नुकसान हुआ है बल्कि पूरे गांव में चोरो के भय का माहौल बन गया है। बता दें कि बरवा राजापाकड़ के बहुरिया टोला निवासी नंदलाल चौहान लंबे समय से मछली पालन का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। तालाबों की सिंचाई और जल प्रबंधन के लिए मोटर उनकी मुख्य आवश्यकता है।

व्यक्ति में ढूढें ईश्वर का स्वरूप : अभिरामदास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पादरी बाजार, गोरखपुर। भगवान कृष्ण जब कुवालाया पीड़ हाथी का उद्धार किया , जिसके पास दस हाथियों का बल था , उसके भगवान तत्क्षण उद्धार किये । इससे लगा कि यह शिशु रूप में भगवान ही जन्म लिए है । उसके बाद कंस को पता चल गया कि अब हमारी मौत निश्चित है जो इन्ही के हाथों होनी है । उद्दव जब पत्रवाहक के रूप में नंद बाबा के पास पहुचे तो नंद बाबा व यशोदा माता का आंसू देख करके उन्हें आभास दिलाया कि यह आपका पुत्र कान्हा कोई मामूली संतान नही है बल्कि वह परमपिता परमेश्वर का रूप है । इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक मानव में ईश्वर का रूप देखना चाहिए । उक्त बातें पादरी बाजार के ओपेन स्काई रिजॉर्ट में श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर अभिरामदास जी महाराज ने कहा । बद्रीनारायण मन्दिर लक्ष्मण घाट अयोध्या से पधारे कथा व्यास ने कहा कि भगवान के संस्कृतर्न मात्र से प्राणी का उद्धार व सद्गति प्राप्त होती होती है । कथा के मुख्य यजमान ओपेन स्काई रिजॉर्ट के डायरेक्टर गिरीश कुमार उपाध्याय सपत्नीक संध्या उपाध्याय है । कथा में मुख्यरूप से विष्णुओम पाण्डेय,अभिषेक गुप्ता,रमेश मणि त्रिपाठी, प्रवीण ,नारायण अग्रवाल, अनिल कुमार केजरीवाल,चंचल सहित सैकड़ों भक्तों ने कथा का रसपान किया । आयोजक मंडल ने बताया कि कथा के अंतिम दिन सोमवार को कथा विश्राम के बाद हवन पूर्णाहुति व विशाल भंडारा दिन के 12 बजे से शुरू होकर हरिइच्छा तक चलता रहा ।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर महामंत्री श्री विनोद राय की अध्यक्षता में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारी एवं सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी सम्मिलित हुए। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री फिरोज़ उल हक, दीपक चौधरी, सूरज गुप्ता, कारखाना मंडल के अध्यक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर, मंडल मंत्री कुलदीप मणि त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त किया। अपने विचार व्यक्त करते हुए महामंत्री विनोद राय ने कहा कि संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताएं आदर्शों पर चलकर ही हम एक स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकते हैं। महामंत्री विनोद राय ने सभी पदाधिकारियो का आह्वान किया कि कर्मचारी समस्याओं के प्रति जागरूक रहें पूर्वोत्तर रेलवे के किसी भी कर्मचारी को कोई समस्या आने पर यूनियन पदाधिकारी तुरंत सक्रिय होकर उस समस्या के समाधान हेतु तत्पर रहे। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ कारखाना मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक चौधरी, सूरज गुप्ता, फिरोज़ उल हक, शमशाद अहमद, कौशल कुमार सिंह, लक्ष्मी श्रीवास्तव जयप्रकाश सिंह , अशरफ अली, परमात्मा सिंह कारखाना मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री ईश्वर चंद्र विद्यासागर मंडल मंत्री श्री कुलदीप मणि त्रिपाठी कोषाध्यक्ष बृजपाल सिंह, युवा अध्यक्ष देवेश सिंह, सतीश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, अंशुमाल पाठक, अजय त्रिपाठी, अवध बिहारी पांडे, अभिषेक गुप्ता, राजू रावत, दीपक प्रजापति, नूरे आलम, नंदन चौधरी, हरकेश बहादुर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, कैलाश राजभर, गंगेश राजवंशी, अल्बर्ट पीटर, राजकुमार गुप्ता, धीरज यादव, उमेश कुमार, राजकुमार निषाद, योगेंद्र पाल, मनीष चौधरी, ओ पी मीना, संजय श्रीवास्तव , प्रदीप कुमार इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे।

कम्पोज़िट मुस्तफाबाद में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मियांगज, उन्नाव। विकासखंड मियागंज जनपद उन्नाव के कंपोजिट विद्यालय मुस्तफाबाद में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान शिवभान सिंह द्वारा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया । अपने उद्बोधन में मनींद्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में नामांकन को बढ़ाए जाना,ठहराव में वृद्धि और छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास है साथ ही छात्रों में आत्मविश्वास,अनुशासन और टीम वर्क की भावना विकसित करने के लिए अभिभावकों और समुदाय को भी प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है जिससे बच्चों को स्कूल छोड़ने से रोका जा सके। शारदा कार्यक्रम का लक्ष्य किन्हीं कारणों से ड्रॉप आउट हुए बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। इस अवसर पर समारोह में छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को शिक्षण सामग्री किट के साथ विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इसी दौरान मुख्य अतिथि द्वारा लर्निंग बाय डूइंग कक्ष का उद्घाटन किया गया । समारोह का संचालन शैलेन्द्र कुमार ने करते हुए शारदा संगोष्ठी पर विस्तृत प्रकाश डाला । इसके पूर्व मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मियागंज मनींद्र कुमार , नोडल शिक्षक संकुल राघवेन्द्र सिंह,ग्राम प्रधान शिवभान सिंह,एस एम सी अध्यक्ष कैलाश चंद्र आदि का स्वागत करते हुए माल्यार्पण किया गया। समारोह के अंत में प्रभारी प्रधान शिक्षक मोहम्मद ज़ुबैर अख़्तर ने गोष्ठी में आए हुए सभी अतिथियों और अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

बाबा साहब के दिखाए गए रास्तों पर चलकर होगा एक अच्छे व्यक्ति और बेहतर समाज का निर्माण : निषाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चौरी चौरा, गोरखपुर । चौरी चौरा विधायक ई. सरवन निषाद ने सोमवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के विशंभरपुर में बाबा साहब डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण किया और आमकोल में भव्य बाइक रैली में शामिल हुए और नगर पंचायत चौरी चौरा में अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण किए और संबंधित करते हुए कहा कि बाबा साहब एक महान विचारक, समाज सुधारक और संविधान निर्माता थे जिन्होंने जीवन भर सामाजिक कार्य किए और समाज में फैली छुआछूत, जातिवाद, असमानता, ऊंच-नीच और भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाइयां लड़ीं। उनका जीवन संघर्ष भरा हुआ था लेकिन वह कभी हार नहीं माने और समाज को अपना योगदान दिया हम सबको बाबा साहब के सिद्धांतों और उनके सोच को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दीपू जयसवाल मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर जयसवाल , राजदेव पासवान , दिलीप यादव , सुरेन्द्र पासवान , भाजपा नेता अविजित जायसवाल लवी, रामदयागर निषाद, सुनील कुमार निषाद, बलदेव निषाद , मुकेश निषाद , अनिकेत निषाद , पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा सहित हज़ारों की संख्या में लोग मौजूद रहें।

अंबेडकर के योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता : आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर आयुक्त,देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने कमिश्नरेट सभागार में तथा जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा पूर्वक नमन किया।उन्होंने डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती के अवसर पर जनपद में भव्य कार्यक्रम के आयोजित किया गया।आयुक्त ने सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारी अधिवक्ताओं से कहा कि बाबा साहब के मूल मंत्र ''शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो'' पर अमल करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे,बल्कि सामाजि क न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रबल पक्षधर भी थे। आज का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि समतामूलक समाज की स्थापना के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना है।और उनके विचार आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम डॉ0 अम्बेडकर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं और एक सशक्त,समान और समावेशी भारत के निर्माण में योगदान दें।कार्यक्रम के दौरन जिलाधिकारी ने डॉ0 अम्बेड कर के जीवन, उनके संघर्षों एवं संविधान निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर जी का जीवन हमें समानता,न्याय और अधिका रों के प्रति जागरूक करता है। हम सब यहां भारत रत्न डॉ0भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं।यह दिन न केवल एक महापुरुष के जन्मदिवस का प्रतीक है, बल्कि यह हमें उनके विचारों, संघर्षों और उनके द्वारा दिए गए

भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर के द्वारा किए गए कार्यों से सीख लेने की जरूरत -जिलाधिकारी

सामाजिक संदेशों को आत्मसात करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने जीवन भर शोषण, भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी। बाबा साहब का मानना था कि ल्लशिक्षा वह शस्त्र है जिससे कोई भी व्यक्ति अपना जीवन बदल सकता है।ल्ल उन्होंने शिक्षा को अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य के रूप में देखा। हमें भी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, सामाजिक समरसता और न्याय के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम सब मिलकर एक ऐसे समतामूल क,न्यायप्रिय और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सहयोग करें, जैसा डॉ.भीमराव अंबेडकर ने सपना देखा था।

क्या बच्चों के एमडीएम के पैसे से खरीदा प्लांट

सुल्तानपुर। एमडीएम डीसी सुल्तानपुर के पद पर कार्यरत संदीप यादव पर मध्यान्ह भोजन योजना करोड़ों का घोटाला, आय से अधिक संपत्ति और कूट रचना के लगे गंभीर आरोप। सुल्तानपुर में एमडीएम के सफल संचालन के लिए लगभग 17 वर्ष पहले कई संविदा कर्मी डीसी की नियुक्ति जिलाधिकारी की स्वीकृति की उपरांत हुई थी। एमडीएम डीसी संदीप यादव को छोड़कर सारे संविदाकर्मी डीसी को धीरे धीरे हटा दिया गया। क्या मजबूरी थी की नौनिहालों के भोजन को खा जाने वाले संविदा कर्मी संदीप यादव को इतने लंबे समय तक डीसी बनाए रखा गया? शिकायत बृजेश सिंह आदि ने आरोप लगाया कि संदीप यादव मिड डे मील योजना में करोड़ों रुपए का घोटाला कर सुल्तानपुर के पदारथपुर उपाध्याय में दो कृषि जमीन अपने और भाइयों के नाम से लिया। दो प्लाट दरिया पुर में अपने नाम से लिया और दो प्लाट अपनी पत्नी नंदिता सिंह के नाम मोलनापुर और दो प्लाट दरियापुर में लिया है। इस प्रकार संदीप यादव 28000 रुपया मानदेय पाते हुए जादुई तरीके से कुल आठ भूखण्ड की रजिस्ट्री करवा चुके हैं। सुल्तानपुर और लखनऊ के कई प्लाट अभी अज्ञात हैं। संविदा कर्मी संदीप यादव ने अपने नियुक्ति वर्ष से ही अपने चहेते विद्यालय अशासकीय स्कूल, बेसिक के प्राइमरी एवं जूनियर स्कूल में मांग से अधिक कन्वर्जन राशि/खाद्यान्न भेजने के बाद के बाद छात्रों की उपस्थिति अधिक दिखाकर प्रधानाध्यापक से मासिकवार पैसा भी वसूलते हैं। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अप्रैल 2015 में पहली बार मध्याह्न भोजन रजिस्टर का वितरण किया गया था, जिस रजिस्टर में संविदा कर्मी संदीप यादव ने मार्च 2015 में मध्यान्ह भोजन की कुल अवशेष राशि का न करते हुए अपने तरीके से काल्पनिक राशि का अप्रैल 2015 माह के प्रारंभ में अंकन कर लगभग करोड़ों रुपए का मध्याह्न भोजन में घोटाला एक साल में किया।

वन्यजीव के हमले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वन विभाग व तहसील प्रशासन के अधिकारी

बहराइच । प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आज प्रातः लगभग 04:30 बजे से 05:00 बजे के बीच सूचना मिली की विकास खण्ड महसी के ग्राम बग्गर में कोई जानवर घनश्याम नाम के बच्चे को उठा ले गया। सूचना मिलते ही वन विभाग व तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामवासियों के साथ बच्चे का इलाज कराया। डीएफओ ने बताया कि उनके द्वारा स्वयं गांव का भ्रमण किया गया। डीएफओ ने बताया कि बच्चा जीवित है और स्वस्थ भी है। गांव के भ्रमण के दौरान बच्चे की माँ ने बताया कि वह बगल में सोई थी, लेकिन बच्चा कब ले गया उसे पता नहीं चला। गांव के अन्य लोगों से पूछताछ करने पर बताया गया कि किसी ने किसी जानवर को बच्चा ले जाते नहीं देखा। डीएफओ ने बताया कि मात्र एक महिला ने बताया कि कोई जानवर बच्चे को उठाकर ले जा रहा है। डीएफओ ने बताया कि मौके पर किसी जानवर के पैरों के निशान नहीं मिले हैं। लेकिन किसी डाग फैमली का जानवर हो सकता है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की मनाई जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल नानपारा के तत्वावधान में नगर मंडल अध्यक्ष रेखा पाण्डेय की अध्यक्षता में धनीराम गली में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई जिसमें पुष्पांजलि के साथ नगर अध्यक्ष रेखा पाण्डेय ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन सभी कार्यकर्ताओं को करवाया एवं बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया द्य इस मौके पर जिला प्रतिनिधि अजय गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता अशोक जायसवाल, जिला संयोजक अनिल पाण्डेय, मंडल महामंत्री आनंद रस्तोगी, विनय प्रकाश आर्य, सर्राफा व्यापार कमेटी अध्यक्ष कैलाश नाथ सोनी, सर्राफा संरक्षक संगम लाल रस्तोगी, विपिन सिंह, तीरथ राम साहू, बूथ अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता, गोपाल चौरसिया, सेक्टर संयोजक अतुल जायसवाल, पूर्व सभासद अजय गुप्ता, अभिनव मित्तल, सेक्टर संयोजक निखिल जायसवाल, कमलेश सोनी, प्रमोद नाग, पुनीत श्रीवास्तव, वसीम हसन राजा, अनिल सोनी, तनुज गुप्ता, विवेक रस्तोगी, बूथ अध्यक्ष नवीन जायसवाल, उमेश गुप्ता, प्रदीप सोनी, राहुल शर्मा, पिंटू सोनी, सुनील कनोजिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे द्य तत्पश्चात सेक्टर महर्षि कश्यप के सेक्टर संयोजक दिनेश श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष रवि गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इसके उपरांत सेक्टर नगर पालिका के संयोजक निखिल जायसवाल के प्रतिष्ठान पर बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया साथ ही साथ मंडल नानपारा के अन्य सेक्टरों पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र मुजेहना ब्लॉक के गांवों में मनरेगा में चल रहा फर्जी मस्टररोल का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । मनरेगा में फर्जी मास्टररोल और फर्जी भुगतान के मामले में मुजेहना,मनकापुर,छपिया,और झंझरी ब्लॉक का नाम सबसे पहले सामने आता था।लेकिन एक कहावत गांव में कही जाती है कि तरबूज को देख कर खरबूज भी रंग बदलता है।ठीक उसी तरह मुजेहना ब्लॉक भी उन ब्लॉ कों की तरह मनरेगा कार्यों में फर्जी मास्टर रोल और उनके भुगतान कराने के लिए सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंबर पर अपनी जड़े जमाने में जुटा है।

यह है पूरा मामला

हम बात कर रहे हैं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की।जिसके तहत केंद्र और राज्य सरकार त माम निचले स्तर के गरीबों और असहाय मजदूरों को वर्ष में मनरेगा योजना के तहत 100 दिन का कार्य देने के लिए कटिबद्ध है।परंतु देखा जा रहा है कि केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र का ब्लाक मुजेहना ब्लॉक ग्राम प्रधा नों सचिवों और एपीओ के भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है।केंद्र सरकार की

महत्वकांक्षी योजना मनरेगा के नि यमों को ताक कर रख कर खुद की खाऊ कमाऊ नीति से उसकी गाइडलाइन के विपरीत फर्जी मस्टरोल का सहारा लेकर फर्जी भुक्तान कराने में लगे हुए हैं।जानकारों की माने तो दस अप्रैल बृहस्पतिवार को आसमान में घने बा दल छाए हुए थे आंधी और पानी जो सुबह से ही हवा के झोंके के साथ चल रही थी और सभी लोग अपने - अपने घरों में दुबक कर बैठे रहने को मजबूर थे तो ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव भी बाहर निकले के लिए सोचते हों गे।लेकिन इस भयंकर आंधी तूफान में भी ग्राम प्रधान और सचिव गांवों में मनरेगा के मस्टरोल से खेल करने में जुटे थे ब्लॉक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर लाखों का वाय रा न्यारा कर रहे थे।

इन गांवों में चल रहा थी फर्जी मस्टर रोल का खेल

बृहस्पतिवार दस अप्रैल 2025 महावीर जयंती के दिन आं धी तूफान तेज बारिश में इन गांव में फर्जी तरीके से चल रहे थे मास्टरोल।बछईपुर गांव में दो प्रोजेक्ट पर 86 मज दूर,बनकटी सूर्यबली सिंह में एक प्रोजेक्ट में 45 मजदूर, ग्राम पंचायत छजवा में एक प्रोजेक्ट पर 31 मजदूर,ग्राम पंचायत दुर्जनपुर में दो प्रोजेक्ट पर 85 मजदूर,ग्राम पंचा यत जैतापुर में एक प्रोजेक्ट पर 8 मजदूर,ग्राम पंचायत

जमुनहीं में एक प्रोजेक्ट पर 30 मजदूर,ग्राम पंचायत कोल्हुवा में एक प्रोजेक्ट पर 28 मजदूर, ग्राम पंचायत मतवारिया में दो प्रोजेक्ट पर 44 मजदूर, ग्राम पंचायत

मेंघंवा में तीन प्रोजेक्ट पर 96 मजदूर, नव्वागाँव में एक

प्रोजेक्ट पर 38 मजदूर,ग्राम पंचायत रयगाँव में दो प्रोजेक्ट पर 96 मजदूर,सिसई भिखापुर में दो प्रोजेक्ट पर 56 मज दूर,ग्राम पंचायत सोहास में एक प्रोजेक्ट पर 40 मजदूर अदृश्य तरीके से काम कर रहे थे।यह तो महज एक बानगी है।तमाम अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना में यही खेल जारी है।गांवों में फर्जी तरीके से मस्टररोल चालू कर ब्लॉक व विकास भवन में बैठे अधिकारियों के साथ मिली भगत कर मनरेगा मजदूर अदृश्य होकर जॉब कार्डों में अप नी हाजिरी लगा कर प्रतिदिन तकरीबन दो लाख 15 हजा र 750, रुपए केंद्र सरकार को चपत लगा कर भुगतान क राने में लगे हैं।

क्या कहती हैं विकास अधिकारी!

इस बारे में बात करने पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान नहीं में है।अगर ऐसा कोई भी मामला मेरे संज्ञान में आता है तो जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के क रोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएंगे और शायद ब्लॉक भी सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा।ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं।

हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान की ओर से हुई काव्य गोष्ठी

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । सोमवार को हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान की ओर से बैसाखी और नवसंवत्सर नव वर्ष के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि डॉ आनंद अग्रवाल की अध्यक्षता में एक काव्य गोष्ठी आयोजित हुई जिसमें डॉ दिनेश चन्द्र ने श्रृंगार रस की कविता सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में प्रकाश वीर गुप्ता ने वीर रस की कविता सुनाई और डॉ अशोक गुप्ता ने वियोग रस पर एक कविता सुनाई। गोष्ठी के दौरान प्रति वर्ष होने वाले कवि सम्मेलन पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर रजनीकांत मिश्रा, धर्मेंद्रकांत श्रीवास्तव, प्रेम नाथ मिश्रा, मुक्तेश्वर पोद्दार, राकेश गुप्ता, राजेन्द्र प्रकाश मित्तल, आनंद श्रीवास्तव, जशवंत मिश्रा, डॉ वीरांगना कांत श्रीवास्तव, श्वेता सिंह, खूशबू शर्मा, मनोज कुमार गुप्ता सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

श्रीराम मंदिर की फोटो के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में उमरीबेगमगंज पुलिस ने राम मंदिर की फो टो से छेड़छाड़ करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी सैय्यद अली उर्फ ननके खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर राम मंदिर की एडिट की हुई फोटो पोस्ट की थी।उसने मंदिर के मंडप पर लगे भगवा झंडे को हटाकर इस्लामिक झंडा लगा दिया था। हिंदू संगठन के हरीश सिंह ने कल थाने में शिकायती पत्र दिया था। इसके बाद पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया।पुलिस ने आरोपी को हनुमं त नगर उमरी से गिरफ्तार किया।उसे पहले मेडिकल जांच के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। फिर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष नरेंद्र राय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानू नी कार्रवाई की जा रही है।क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।स्थानीय लोग इस घटना से नाराज थे और कड़ी कार्र वाई की मांग कर रहे थे।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

12 वर्षीय बालक लापता, परिजनों ने कोतवाली और चाइल्ड लाइन को दी सूचना

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के हजरतगंज निवासी 12 वर्षीय बालक गुड्डू कही लापता हो गया है, परिजनों के काफी खोजबीन करने के बाद न मिलने पर परिजनों ने कोतवाली और चाइल्ड लाइन को सूचना दी है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर उसकी गुमसुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हज़रतगंज शिवपुर रोड, नानपारा देहाती निवासी मुन्नन पुत्र गोबरे ने कोतवाली नानपारा और चाइल्ड लाइन को सूचना देकर बताया कि उनका 12 वर्षीय पुत्र गुड्डू 13 अप्रैल 2025 को सुबह लगभग 10 बजे से लापता है। परिजनों के अनुसार, गुड्डू सफ़ेद शर्ट और आसमानी रंग की पैंट पहनकर घर से निकला था, लेकिन इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। काफी तलाश के बावजूद जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन को जानकारी देकर मदद की गुहार लगाई है।

आम्बेडकर जयन्ती पर शहीद पार्क एवं आम्बेडकर पार्क पहुंची जिलाधिकारी

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की जयन्ती के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ शहीद पार्क एवं आम्बेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र तथा स्वतन्त्रता संग्रम सेनानी शिला स्तम्भ पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

16 अप्रैल को आयोजित होगा किसान दिवस

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 16 अप्रैल 2025 को पूर्वान्ह 12:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

रूतिका पाण्डेय मिस व लक्ष्मीकांत मिश्र मिस्टर फ़ेयरवेल चुने गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुस्तकालय कक्ष में बीएससी अंतिम वर्ष का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें रूतिका पाण्डेय को मिस फ़ेयरवेल व लक्ष्मीकांत मिश्र को मिस्टर फ़ेयरवेल चुना गया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी संस्थान की पहचान होते हैं। पढ़ाई पूरी करके वह जहां जहां जायेंगे वहां वहां महाविद्यालय का नाम जगमगायेगा। स्वागत असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ प्रीति प्रकाश व आभार ज्ञापन विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ शिशिर श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ पुष्कर प्रताप तिवारी, डॉ जीतेन्द्र यादव, गोरखनाथ चौरसिया , विपिन सिंह व शिवानी पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

टीएमटी की चैम्प्स प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

सुलतानपुर। हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन सुलतानपुर के अध्यक्ष हैदर अब्बास खान की अगुवाई में तौहीदुल मुस्लमीन ट्रस्ट लखनऊ की तरफ से कक्षा 4 से 11 तक के 4 कटेगरी में छात्र छात्राओं का एक चैम्प्स प्रतियोगिता 14 अप्रैल 2025 को हुसैनिया नौतामीर अमहट में करायी गयी। जिसमें 114 छात्र छात्राओं ने आनलाइन फार्म भरा था और 92 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसके आबजर्वर अफजाल हुसैन रहे परीक्षा कक्ष निरीक्षक हसन अब्दुल कासिम नकी अब्बास खान एमएच खान गौरी एडवोकेट फातमा बेगम मंतशा बुतूल अनकबूत जहरा जहीन फातमा नर्जिस खातून निशात फातमा के कुशल नेतृत्व में परीक्षा करायी गयी। इसका मेन उद्देश्य छात्र छात्राओं के अंदर प्रतिभा की खोज करना प्रतिभाशाली बनाना और शिक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक करना इस प्रतियोगिता में जो छात्र छात्राऐं उच्च स्थान प्राप्त करेंगे उनको पुरस्कार दिया जायेगा।

डीएम सख्त:गलत प्रमाण पत्र जारी करने वाले 11 लेख पालों पर गिरी गाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन के दौरान गलत आय एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए 11 लेखपालों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।जांच में कुल बारह प्रकरण सामने आए, जिनमें संबंधित लेखपालों की संलिप्तता प्रमाणित हुई है।जिला धिकारी ने इस मामले में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं, जिससे कार्यवाही की प्रगति पर निरंतर निगरानी रखी जा सके।गौरतलब है कि समन्वित बाल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद की 17 आंगनबाड़ी परियोजनाओं में कुल 231 पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू की गई। जिला प्रशासन ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से

संभावित चयन परिणामों को सूचना पट्ट पर सार्वजनिक किया गया, जिससे आमजन की आपत्तियाँ प्राप्त की जा सकें। इन आपत्तियों की गंभीरता से जाँच कर, संबंधित दस्तावेजों का स्थलीय सत्यापन कराया गया।जाँच के दौरान सदर तहसील से छह मनकापुर से एक तरबगंज से तीन और करनैलगंज से दो मामलों में लेखपालों द्वारा गलत प्रमाण पत्र जारी करने की पुष्टि हुई।इन दस्तावेजों के माध्यम से चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था।डीएम नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि ऐसी लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।भविष्य में यदि कोई भी कर्मचारी या अधिकारी इस प्रकार की अनियमितता में संलिप्त पाया गया,तो कड़ी अनुशासनात्म क कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इन लेखपालों पर हुईं करवाई

अभिजीत कुमार तैनातीः अनंतपुर,राम बहादुर यादव ऽ पदोन्नत राजस्व निरीक्षक, वर्तमान में हरदोई में प्रशिक्षण रत; दोषी प्रकरण,हिमांशु कुमार तैनातीः गिलौली संगीता गौड़ तैनातीः गोविंद पारा,प्रवीण कुमार तैनाती बनवरिया ज्ञान प्रकाश मिश्रा वर्तमान पदः राजस्व निरीक्षक, खिरौरा मोहन, तहसील सदर,पवन कुमार तिवारी तैनातीः रामापुर दीपक त्रिपाठी तैनातीः वजीरगंज,मनोज चौबे-- तैनातीः दुर्जनपुर डिक्सिर,प्रभात कुमार तैनातीः निंदूरा, करनैलगंज रामनाथ ऽ वर्तमान में राजस्व निरीक्षक,तहसील उतरौला, जनपद बलरामपुर पर कार्रवाई हुई है।

134वीं जयन्ती पर याद किये गये बाबा सांहब डा. भीमराव आम्बेडकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी की जयन्ती के अवसर पर सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन दर्शन, उनके द्वारा सामाजिक न्याय के लिए किए गए संघर्ष, भारतीय संविधान निर्माण में उनकी भूमिका तथा उनके विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर विषय विशेषज्ञों, अधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विस्तृत विचार प्रस्तुत किये गये। कलेक्टेझ्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

आम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करती हुईं जिलाधिकारी

14 से 28 अप्रैल 2025 तक समारोहपूर्वक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

मोनिका रानी ने कहा कि शासन के निर्देश पर स्वतन्त्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर 14 से 28 अप्रैल 2025 तक सम्पूर्ण प्रदेश में उत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। जनपद में 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' की टैगलाइन के अन्तर्गत विविध कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किए जायेंगे।

डीएम ने कहा कि समतामूलक समाज की स्थापना तथा विश्व के सर्वश्रेण्ठ संविधान के निर्माण में बाबा साहब का योगदान अविस्मरणीय हैं। डीएम ने कहा कि हमारा संविधान के मौलिक अधिकारों में जहां सभी को समानरूप से विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य के अवसर प्रदान किये गये हैं वहीं हमारे लिए कर्तव्यों को भी रेखांकित किया है। आज हमें मौलिक अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना होगा। डीएम ने कहा कि आज हम जिस भी मुकाम पर हों, हमें बिना किसी भेदभाव, ऊंच-नीच, धर्म, वर्ग एवं जाति से ऊपर उठ कर मानव कल्याणार्थ कार्य करना बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डीएम ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े और विस्तृत संविधान के निर्माण में योगदान देने के साथ-साथ बाबा साहब ने नारी सशक्तिकरण, न्याय, बन्धुता, समता और स्वतन्त्रता से युक्त समाज की स्थापना का सपना देखा था जिसे पूरा करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बाबा साहब के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्यप्रदेश में हुआ था। उन्होनें देश का संविधान भी लिखा है। उन्हीं के प्रयास से मजदूरों की ड्यूटी 14 घंटे से घटाकर 08 घंटे की गयी थी। मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया। उन्होनें बंगाल से चुनाव भी लड़ा था। बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटी में उनकी पूजा भी होती है।

नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान के निर्माण में बाबा साहब के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने कहा कि 09 भाषाओं का ज्ञान तथा 62 डिग्री रखने वाले बाबा साहब ने संविधान निर्माण से पूर्व 07 अलग-अलग देशों के संविधान गहन अध्ययन किया था। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर हम बाबा साहब को सच्ची श्रृद्धांजलित दे सकते हैं। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी तथा कलेक्ट्रेट के पटल सहायक मौजूद रहे।

अमेठी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अम्बेडकर जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर जी की जयंती जनपद में बड़े हर्षोल्लास, उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। तहसील गौरीगंज के परिसर से ''हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'' थीम पर आधारित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई प्रभात फ़ेरी को जिलाधिकारी निशा अनंत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी निशा अनंत, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बेसिक,माध्यमिक शिक्षा विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा संविधान पर आधारित वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें बच्चों द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं द्वारा भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।विकास क्षेत्र तिलोई के साथ ही तहसील तिलोई और गांव पूरे बसावन दास एवं मनी मनोहर में अम्बेडकर प्रतिमा एवं चित्र पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने पुष्प अर्पित किया। ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने अम्बेडकर जयंती पर पुष्प अर्पित किया तो परिषदीय विद्यालयों में भी अम्बेडकर जयंती मनाई गई। सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कस्बा अहोरवा भवानी में अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया वहीं भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा ने मत्तेपुर में आयोजित कार्यक्रम में पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव

हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम पर विद्यालयों में बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभात फ़ेरी

ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जीवन पर प्रकाश डाला

अंबेडकर जी की जयंती पर जिला स्तरीय पुरुष,महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में किया गया। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, सात्विक श्रीवास्तव, पंकज कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश द्विवेदी, राकेश त्रिपाठी,मोहम्मद इलियास, अमिता गौतम, पंकज अवस्थी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

ब्लॉक प्रमुख ने कार्यालय और आवास पर मनाई अंबेडकर जयंती उपस्थित रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।विकासखंड अमरिया के ब्लॉक प्रमुख निशांन सिंह उर्फ श्याम सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह ने कहा की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के अनुरूप आज हम लोग कार्य कर रहे हैं। सभी को भारतीय संविधान का सम्मान करना चाहिए। इस मौक पर बिलासपुरमुख ने सभी को संविधान की शपथ दिलाई है।संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्जित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया हैं। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह उर्फ श्याम सिंह,खंड विकास अधिकारी संजय कुमार यादव,एडीओ पंचायत अतुल पाठक,एडीओ कृषि,प्रधान पलविंदर सिंह उर्फ पम्मी,ब्लॉक प्रमुख कार्यालय प्रभारी मनोज कुमार, अफरोज खान,भाजपा युवा नेता कुलदीप सिंह कग,भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद कश्यप,मंडल उपअध्यक्ष आशीष गुप्ता,नरेश कुमार,वीरेश कुमार शर्मा, विशाल गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

फर्जी बैनामा कराने के साजिशकर्ता ने शिकायतकर्ता को दी जानमाल की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी,थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव आशापुर रूरू में कूट रचित दस्तावेज तैयार कर बेशकीमती जमीन का बैनामा कराने के मामले में अब डराने धमकाने का मामला सामने आया है।पीड़ित महिला ने साजिशकर्ता समेत एक अन्य युवक के खिलाफ स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है और पीड़ित परिवार काफी डरा सहमा हुआ है। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुये मोहनगंज पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव आशापुर रूरू निवासिनी रजिया ने रविवार को एक बीघा जमीन कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से बैनामा करने का आरोप लगाते हुये राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह से न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़ित महिला रजिया की मानें तो रविवार की रात में इस मामले के साजिशकर्ता के साथ

मोहनगंज पुलिस ने पीड़ित महिला के शिकायती पत्र की छानबीन में जुटी

एक अन्य युवक द्वारा उसके घर पर पहुंचकर जान माल की धमकी दी गई जिससे पीड़ित परिवार काफी डरा सहमा हुआ है। बताते चलें कि तिलोई तहसील क्षेत्र में कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने का यह कोई पहला नही है इसके पूर्व में भी गड़ेहरी गांव में फर्जी बैनामा पर स्थानीय पुलिस एक महिला समेत आठ लोगों को जेल भेज चुकी है लेकिन यह मनबढ़ लोग अपनी करतूतों से बाज नही आ रहे हैं। बताया तो यहां तक जाता है कि अगर निबंधक कार्यालय तिलोई का औचक निरीक्षण किया जाय तो कई मठाधीश बेनकाब हो सकते हैं लेकिन उन रसूखदार लोगों को रजिस्टार का खुला संरक्षण प्राप्त है जो कि स्याह को सफ़ेद कराने का ठेका ले लेते हैं। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने भी तहसीलदार के साथ ही मोहनगंज के थानाध्यक्ष को जांचोपरांत दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया था लेकिन तहसील प्रशासन नौ दिन चले अढ़ाई कोस की तर्ज पर कार्य को अंजाम देकर कच्छप गति से मामले को डकारने की फिराक में लगा हुआ है। अब देखना यह है कि इस हाई प्रोफाइल मामले में ऊंट किस करवट बैठता है फिलहाल यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला द्वारा तहरीर दी गई है जांच पड़ताल की जा रही है जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी।

अमरिया क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं रो रही है बदहाली के आंसू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।विकासखंड अमरिया क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाली के आंसू रो रही है।सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि विकासखंड अमरिया क्षेत्र में कई हॉस्पिटल और पैथोलॉजी लैब बिना किसी वैध पंजीकरण और तय मानकों के बिना धड़ले से संचालित हो रहे हैं।यह संस्थान ना सिर्फ स्वास्थ्य विभाग की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। बल्कि आम जनमानस के भी स्वास्थ्य से खुला खिलवाड़ कर रहे हैं।स्थानीय लोगों की माने तो कई अस्पतालों के बाहर लगे होर्डिंग पर बड़े-बड़े डिग्रीधारकों डॉक्टरो के नाम से लेकर फोटो सहित बैनर लगे हुए हैं।परंतु हकीकत में इन डिग्रीधारक डॉक्टरो की वहां पर कोई उपस्थित नहीं होती।वही इसके विपरीत इलाज करने वाला स्टाफ ना ही योग्य होता है।और ना ही प्रशिक्षित।जिससे मरीजों की जान जोखिम में डाल दी जाती है।वहीं क्षेत्र में स्थित पैथोलॉजी लैबों की स्थिति भी

कुछ ऐसी ही है,बिना किसी लाइसेंस और तकनीकी मंजूरी के चल रही इन लैबों में मनमानी तरीके से जांच की जाय तो हकीकत कुछ और ही नजर आएगी है। मरीजो से ?मोटि रकम भी वसूल की जा रही है।इन सभी अवैध तरीकों से संचालित लैबो एवं अस्पतालों में खास बात यह है।कि यहां कोई आधुनिक जांच उपकरण और ना ही प्रशिक्षित टेक्नीशियन उपलब्ध है।जिससे की जांच रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर कोई भी सवाल खड़ा हो सके।विभागीय सूत्रों के अनुसार जब जब यहां विभागीय टीम छापेमारी के लिए पहुंचती है। सूचना लीक कर देते हैं।तब तक यहां सटर गिरने के साथ-साथ सन्नाटै भी छाए जाते हैं।क्षेत्र में यह आम चर्चा का विषय बना हुआ है। कि कुछ जिम्मेदारों की मिली भगत से यह संस्थान निर्भीक एवं निडर होकर यह कार्य कर रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार जल्द ही स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता इन अवैध संचालित अस्पतालों में पैथोलॉजी लैबों की एक सूची बनाकर प्रदेश के डिप्टी सीएम से इस संबंध में मिलकर शिकायत करेंगे।ताकि अवैध संचालित अस्पतालों एवं पैथोलॉजी लैबों के संचालकों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जा सके और आम जनमानस को इन सभी अवैध संचालित अस्पतालों एवं पैथोलॉजी लैबों के संचालकों से सुरक्षा एवं मनको के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सके।

पुलिस ने चरस और तमंचा के साथ हिस्ट्रीशीटर को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने ग्राम पंचायत जुगराजपुर के एक हिस्ट्रीशीटर को एक सौ ग्राम चरस एवं एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना शिवरतनगंज के प्रभारी निरीक्षक सच्चिदानंद राय मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान कुलदीप तिवारी पुत्र स्वर्गीय गिरधारी तिवारी निवासी ग्राम जुगराजपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को ग्राम जुगराजपुर के पास से समय करीब पांच बजे शाम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से एक सौ बारह ग्राम चरस व एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बारह बोर बरामद हुआ है।इस सम्बंध में थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले पूर्व से ही दर्ज हैं।

अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने निकाली शोभा यात्रा उमड़ा जन सैलाब

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधानसभा क्षेत्र के गाव माधोटाडा में भारत रत्न भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजकुमार ''राजू''राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा ने पब्लिक इंटर कालेज प्रांगण मे एवं बाबा साहेब की मूर्ति अनावरण व विशाल शोभा यात्रा में सहभागिता कर उपस्थित जनों को संबोधित किया.साथ ही ग्राम मल्लपुर एवं ग्राम चोखापुरी माधोटांडा सहित दर्जनों कार्यक्रमो एवं जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर केक काटकर एवं माल्यार्पण कर अपने विचार रख नमन किया बाबा साहेब के विचार और संघर्ष आज भी हमें संविधान,समानता और सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में ब्लॉक परिसर में मनाई गई अंबेडकर जयंती

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा ने विकास खण्ड सभागार में भारत रत्न डॉ भीम राव आंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई।इस मौके जिसमें ब्लॉक स्तर के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी व विकासखंड क्षेत्र की जनता भी उपस्थित रही हैं। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 15 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ एवं सरकार के द्वारा बाबा साहब के आदर्श पर चलते हुए जनता के लिए कल्याणकारी योजना का शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य रूप से किसान सम्मन निधि,प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,मुख्यमंत्री आवास योजना,उज्ज्वला योजना,वृद्धा विधवा पेंशन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।

अम्बेडकर जयंती पर हुआ परिषदीय विद्यालय में भव्य आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मरौरी विकास खंड के कोहना के प्राथमिक विद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यकम का आयोजन किया गया। विद्यालय में बाबा भीमराव अम्बेडकर जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गयी। सुबह बच्चों के द्वारा प्रभात फ़ेरी निकाली गयी इसके बाद,बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी तथा बच्चों को शिक्षिका शिल्पी मिश्रा ने बच्चों को बताया कि बाबा साहब एक महान समाज सुधारक थे। वे भारतीय संविधान के निर्माता कहे जाते है।उनका देश के लिए योगदान अविस्मरणीय योगदान है। डॉ. अंबेडकर के आदर्शों और उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान और समाज सुधार के कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।इस अवसर पर विधालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रही है।

अमेठी में एसपी ने अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । फायर स्टेशन अमेठी में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा कर्तव्य के पथ पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को याद कर पुष्प चक्र अर्पित करते हुये श्रद्धांजलि दी गई तथा अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। बताते चलें कि चौदह अप्रैल 1944 को मुम्बई बंदरगाह के विक्टोरिया डॉक पर खड़े हुये फोर्ट स्टीकिन नामक मालवाहक जहाज में अचानक आग लग गयी थी जिसमें रूई के बण्डल, विस्फोटक सामग्री एवं युद्धक उपकरण भरे होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और अग्नि विभिषिका में तब्दील हो गयी अत्यधिक टेम्प्रेचर होने के कारण कई भयानक विस्फोट हुये जिसमें अदम्य साहस, कठिन परिश्रम और शौर्य का परिचय देते हुए उत्कृष्ट कर्तव्य निष्ठा से अग्निशमन कार्य कर रहे छाछठ अग्निशमन कर्मी आग एवं विस्फोट के चपेट में आने के कारण वीरगति को प्राप्त हो गये।अपने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपनी जान की शहादत देने वाले इन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिये चौदह अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा आग से बचाव के उपाय बताने के लिये गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह चौदह से बीस अप्रैल तक मनाया जाता है। अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र, सीएफओ तबारक हुसैन, एफएसओ शिवदरस प्रसाद, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण द्वारा फायर स्टेशन अमेठी में अग्निशमन सेवा के अमर शहीद जवानों को याद किया गया तथा पुष्पचक्र,श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये श्रद्धांजलि दी गई।

उत्साह वर्धन से बच्चों का होता है मानसिक विकास : डॉ रवि त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बच्चों की मनोदशा को समझना एक शिक्षक का मूल कर्तव्य है। शिक्षकों को बच्चों की रुचि का ध्यान देना चाहिए जिससे वह शिक्षा को अच्छे ढंग से ग्रहण कर सके। 13 अप्रैल 2025 को आर एस सनशाइन पब्लिक स्कूल विवेक नगर सुल्तानपुर में सत्र 2024-25 में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर रवि त्रिपाठी, डॉक्टर पूजा शुक्ला त्रिपाठी, वरुण मिश्रा एडवोकेट और विजय कुमार जायसवाल सभासद आदर्श नगर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभ आरंभ से पहले डॉक्टर रवि त्रिपाठी के द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्वलित किया

गया। कार्यक्रम की शुरुआत मकसूद सिंगर के द्वारा गए देशभक्ति गीत, कर चले हम फिदा जाने तन साथियों, से किया गया। इसके पश्चात सभी बच्चों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। बच्चों के साथ आए उनके अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में हर्षोल्लास के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का समापन मकसूद सिंगर द्वारा गाए गए गीत तेरी उंगली पकड़ कर चला मां वो मां ने सबको भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजय कुमार पांडेय, प्रधानाचार्या अपर्णा श्रीवास्तव तथा सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रबंधक संजय कुमार पांडेय द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

भारत रत्न बाबासाहब जी की 134वीं जयन्ती के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। भारत रत्न, बाबासाहब डा0 भीमराव रामजी आम्बेडकर की 134वीं जयन्ती के अवसर पर डीएम कुमार हर्ष, जनप्रतिनिधिगण व अधिकारियों की उपस्थिति में तिकोनिया पार्क स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्जन कर श्रद्धा, सुमन अर्पित किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ0 भीमराव रामजी अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्जन अर्पित किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जयन्ती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर भारत रत्न बाबासाहब डा0 भीमराव रामजी आम्बेडकर के द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों पर विस्तृत चर्चा कर उनके द्वारा सुझाये गये मूल्यों व सिद्धान्तों को जीवन में अपनाने की बात की गई। उपस्थित सभी लोगों ने भारत रत्न डा0 भीमराव रामजी आम्बेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इसी प्रकार जनपद के समस्त कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, तहसील व ब्लाक स्तर पर भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव रामजी आम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर वृहद कार्यक्रम आयोजित किये गये।

बल्दीराय तहसील में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयन्ती

बल्दीराय/सुलतानपुर। 14 अप्रैल को तहसील क्षेत्र के कई स्थानों पर भारतरत्न बाबासाहब डा0 भीमराव रामजी अम्बेडकर की 134 वीं जयन्ती उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्जन कर, श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बल्दीराय तहसील प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार अरबिंद तिवारी, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर डॉ0 भीमराव रामजी अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्जन अर्पित किया। इसीक्रम में थाना धनपतगंज में ग्रामसभा पाली, टीकर ,पडरे, मुडुवा तथा हलियापुर में प्र0प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह ने पुष्प व माल्यार्पण किया। गिरजामोड एवम डोभियारा में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर तहसील में आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार अरविंद तिवारी ,नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, न्यायिक लिपिक उमेश सिंह, मालबाबू राकेश कुमार, फौजदारी अहलमद कामता उपाध्याय, लेखपाल कमलेश यादव, प्रदीप वर्मा, तृप्ति सिंह, शालू व कई अधिवक्तागण तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। जयन्ती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर भारत रत्न बाबासाहब डा0 भीमराव रामजी अम्बेडकर के द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों पर विस्तृत चर्चा कर उनके द्वारा सुझाये गये मूल्यों व सिद्धान्तों को जीवन में अपनाने की बात की गई।

युवाओं ने मनाई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती

सुल्तानपुर। नया नगर सिरवारा रोड निकट महाकालेश्वर मंदिर के प्रांगण मे बाबा साहब जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे वार्ड सभासद की अगुवाई मे प्रतिनिधि सभासद देवेश सिंह, कृतेश सेन, रमेश कुमार, आलोक सिंह, राम गरीब, अजय कुमार व अन्य मोहल्लेवासियो की उपस्थिति मे चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया और एक दूसरे को लड्डू खिलाकर उनकी 134वीं जयंती मनाई। संविधान रचयिता बाबा साहब के जन्मदिन पर सभी ने शपथ लिया कि सभी को संविधान की रक्षा करनी चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान बनाकर समाज के हर तबके को आजादी से जीवन जीने का अधिकार दिया।

अध्यक्ष नगरपालिका ने संविधान में उल्लिखित संकल्प की दिलाई शपथ

सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद सुलतानपुर सभाकक्ष में भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती का कार्यक्रम पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं सभासदगण की उपस्थिति में अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज के संयोजन में पालिका के अधिकारियों व कर्मचारीगण के साथ आयोजन किया गया, जिसमें माल्यार्पण कार्यक्रम उपरान्त पालिका अध्यक्ष द्वारा सभी को भारत के संविधान में उल्लिखित संकल्प की शपथ दिलायी गयी। 'इस अवसर पर सभासद प्रवीण मिश्र द्वारा बाबा साहब की सम्पूर्ण जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियों एवं सामाजिक योगदान के विषय में गहनता से जानकारी दी गई। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शासन को दिये गये निर्देश के क्रम में नगर पालिका द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव आम्बेडकर जी की जयन्ती को 14 अप्रैल से 15 दिवसीय पखवाड़े के रूप में उत्साहवर्धक तरीके से उत्सव के रूप में भव्यतापूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

टैरिफ युद्ध ट्रम्प की नीयत में खोट

ट्रम्प ने 3 अप्रैल को जो टैरिफ युद्ध छेड़ा है उसके माध्यम से अमेरिका वैश्विक व्यवस्था से बाहर निकल रहा है जिसे अब वह पागलपन के रूप में देखता है। भले ही यह वही प्रणाली है जिसे अमेरिका ने बनाया और चलाया क्योंकि इसने वैश्वीकरण के आख्यान को तत्कालीन नए विकास मंत्र के रूप में देखा और आगे बढ़ाया था। ट्रम्प ने अब काल्पनिक रूप से गणना की गई संख्याओं का एक नया सेट रखा है जो निश्चित रूप से तनाव बढ़ाएगा। कुछ लोगों का मानना है कि आज हम जिस बदसूरत अमेरिका को देख रहे हैं, वह बदलाव का एक चरण है जिसके कारण दुनिया कठिन दौर में आ गई है क्योंकि अमेरिका ने खराब सोच, अनैतिक और संदिग्ध व्यावसायिक कौशल वाले एक गलत नेता को चुना है। अमेरिकी नीति में बनावटी बदलावों को किसी व्यक्ति के नखरे या वास्तव में एक निक्सनियन मैडमैन थ्योरी (मोटे तौर पर तर्कहीन रणनीति के रूप में) को देखने के लिए, अमेरिकी समाज में गहरी दरारों को याद करता है जो वैश्वीकरण की दीर्घकालीन मदहोशी से बढ़ते तनाव के साथ जुड़ा हुआ है। वैश्वीकरण के कई अर्थ और परिभाषाएं हैं लेकिन पिछले चार दशकों या उसके आसपास के लेंस से देखा जाए तो यह थॉमस फ्रीडमैन की पुस्तक फ्लैट वर्ल्ड की धारणाओं को एक वैश्वीकृत दुनिया के वादे के रूप में प्रस्तुत किया गया है जिसमें अमेरिका स्थित एकाउंटेंट जो एक रिमोट केंद्र से काम करने वाले भारतीय के हाथों वेतन में मामूली से अंतर के कारण अपनी नौकरी खो देता है। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पिछले महीने एक टेक समिट में 2016 में सिलिकॉन वैली में एक मल्टीबिलियन-डॉलर टेक कंपनी के सीईओ के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए यही सवाल उठाया था। वेंस ने पूछा- आय में हो रही हानि को भूल जाओ लेकिन उद्देश्य की भावना के नुकसान की भरपाई कैसे होगी, गरिमा की हानि की भरपाई कैसी होगी? फिर वेंस ने सीईओ से मिले जवाब को उद्धृत किया- डिजिटल, पूरी तरह से इमर्सिव गेमिंग्य! वेंस ने कहा कि बैठक में उनके साथ उनकी पत्नी थीं उसने टिप्पणी की, श्हमें यहां से निकलना होगा। ये लोग पागल हैं। ट्रम्प ने 3 अप्रैल को जो टैरिफ युद्ध छेड़ा है उसके माध्यम से अमेरिका वैश्विक व्यवस्था से बाहर निकल रहा है जिसे अब वह श्पागलपनश के रूप में देखता है। भले ही यह वही प्रणाली है जिसे अमेरिका ने बनाया और चलाया क्योंकि इसने वैश्वीकरण के आख्यान को तत्कालीन नए विकास मंत्र के रूप में देखा और आगे बढ़ाया था। ट्रम्प ने अब काल्पनिक रूप से गणना की गई संख्याओं का एक नया सेट रखा है जो निश्चित रूप से तनाव बढ़ाएगा, वैश्विक व्यापार को मार देगा और विश्व व्यापार संगठन के अंत का संकेत देगा। दर्द का असर विश्वव्यापी होगा लेकिन इसकी जड़ें अमेरिका के बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में हैं। बंद हो रहे कारखानों, छंटनी के बार-बार आने वाले दौर, बढ़ती उपभोक्तावादी संस्कृति, आक्रामक, यहां तक कि अनुचित दखलदांजी करने वाली मार्केटिंग प्रणाली, ट्रेड यूनियनों और सामान्य रूप से श्रमिकों की आवाज का कमजोर होना तथा अमेरिका के कॉर्पोरेट क्षेत्र की भारी शक्ति ने एक साथ योगदान दिया है जिसकी वजह से एक ऐसी स्थिति बन गयी है जिसे अब वैश्वीकरण और उसके सहयोगी आउटसोर्सिंग बूम की बीमारियों के लिए दोषी ठहराया जा रहा है। फिर भी ट्रम्पवाद यह नहीं देखेगा या नहीं देख सकता है कि वैश्वीकरण पूंजीवाद के विस्तार से अलग नहीं हुआ है और वास्तव में पूंजीवाद के विस्तार से ज्यादा कुछ नहीं है। आखिरकार यह एक ऐसी प्रणाली है जो सबसे कम मजदूरी के लिए जानी जाती है और अधिकतम लाभ की प्राप्ति की नीति के अनुसार चलती है। भले ही यह श्रमिकों के जीवन की कीमत पर हो। उदाहरण के लिए, चीन में कई लोगों ने एप्पल के लिए चलाए जा रहे आई-फोन असेंबली प्लांट्स में मजदूरी पर काम करते हुए आत्महत्या कर ली है। उनके काम की जो परिस्थितियां हैं वे अमेरिका में अपराध हैं। उपरोक्त उदाहरण आईसबर्ग का दिखाई देने वाला ऊपरी सिरा है। ऐसी कई ज्यादातियां है जिनसे दुनिया अनजान है।

राष्ट्र के सामने चुनौतियां और समाधान

देश का शासन संभालते हुए राष्ट्र पुर्निर्माण करने का काम सिर पर है। इस काम को कैसे किया जाए यह चुनौती आसान नहीं थी। एक ओर देश को भारतीय दृष्टि से अपनी नींव पर खड़ा करने की समझ थी, जिसके समर्थक गांधी और उनकी सोच पर विश्वास करने वाले लोग थे, तो दूसरी ओर अंग्रेजी सोच से प्रभावित नेहरू और उनके वैचारिक समर्थक थे। हालांकि गांधी ने इस बहस को सार्वजनिक करने के प्रयास किए किन्तु नेहरू ने इस बहस को यह कह कर टाल दिया कि इस बात का फैसला तो चुने हुए प्रतिनिधि ही करने के अधिकारी होंगे।

स्वतंत्रता आन्दोलन के समय से ही यह अनुभव किया जाने लगा था कि सदियों की गुलामी के चलते भारतीय समाज में अपनी आंतरिक इच्छा शक्ति, आत्म विश्वास, नवाचार की खोज करने की बौद्धिक क्षमता, आपसी विश्वास, की भारी कमी आ गई है। सदियों से दबे कुचले समाज को अपने शासकों के शोषण को झेलते हुए जैसे-तैसे दांव पेच से जीवनयापन करने के लिए समझौते करते हुए समय निकालने की आदत हो गई है। कभी धर्म बदल कर तो कभी शासकों के शोषण की कमी अपने से कमजोर वर्गों का शोषण करके पूरी करने के प्रयासों के आदी हो कर अपने झूठे अहंकार को संतुष्ट करने के प्रयासों के चलते खंडित समाज की रचना हो चुकी है। देश का शासन संभालते हुए राष्ट्र पुर्निर्माण करने का काम सिर पर है। इस काम को कैसे किया जाए यह चुनौती आसान नहीं थी। एक ओर देश को भारतीय दृष्टि से अपनी नींव पर खड़ा करने की समझ थी, जिसके समर्थक गांधी और उनकी सोच पर विश्वास करने वाले लोग थे, तो दूसरी ओर अंग्रेजी सोच से प्रभावित नेहरू और उनके वैचारिक समर्थक थे। हालांकि गांधी ने इस बहस को सार्वजनिक करने के प्रयास किए किन्तु नेहरू ने इस बहस को यह कह कर टाल दिया कि इस बात का फैसला तो चुने हुए प्रतिनिधि ही करने के अधिकारी होंगे। यह बहस इसलिए भी आगे न बढ़ सकी क्योंकि उस समय सबसे पहली प्राथमिकता स्वतंत्रता प्राप्त करना थी। इस बहस से यह खतरा था कि आपसी एकता के अभाव का संदेश जनमानस में जाता। दूसरी ओर सांप्रदायिक आधार पर द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थक देश की एकता को खतरा पेश कर रहे थे, जिनका नेतृत्व जिन्ना कर रहे थे। उनको संरक्षण देने का काम परोक्ष रूप से अंग्रेजी सरकार कर रही थी ताकि भारत को कमजोर करके किसी न किसी रूप में अपना प्रभुत्व बनाए रखा जा सके। खासकर सोवियत रूस के नजदीक अपनी सैनिक उपस्थिति भी उनका एक उद्देश्य था, जिसे कश्मीर समस्या के माध्यम से वे कुछ हद तक हल कर पाए। अंग्रेज और जिन्ना अपनी चाल में सफल भी हो गए किन्तु हम वहां भी गलती का शिकार हो गए। जब दो धर्मों के आधार पर देश बांट दिए गए तो बेहतर यही होता कि शांति पूर्ण तरीके से गैर मुस्लिम भारत में आ जाते और मुसलमान पकिस्तान चले जाते। किन्तु हिन्दू मुस्लिम आबादियों का आदान प्रदान भयंकर मार काट में बदल गया। अंग्रेज सेना जानबूझ कर मूकदर्शक बनी रही। आबादियों का पूर्ण प्रत्यर्पण भी न हो सका और आज दिन तक आपसी टकरावों की समस्या से देश को जूझना पड़ रहा है। हालांकि भारतीय नेतृत्व का उस समय का फैसला मानवतावादी था किन्तु सांप्रदायिक अहंकार में उसके महत्व को समझने में भारतीय राष्ट्र विफल रहा। वर्तमान में इस समस्या को ऐतिहासिक बोझ से बाहर निकल कर मानवतावाद से ही हल किया जा सकता है, जो दोतरफा ही होना चाहिए। मुसलमानों को भी यह समझना होगा कि हिन्दू बहुल देश में आप अपनी धार्मिक मान्यताओं को मानने में पूर्णतः स्वतंत्र हैं, किन्तु आप भी हिन्दू मान्यताओं के पालन में बाधक न बनें। यदि आप मूर्ति पूजा, भजन गाने, शंख, घंटे की आवाज, और नाचने गाने का बुरा मानने लगेंगे तो झगड़े कैसे रुकेंगे। हमें एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होने, मुबारक देने, की संस्कृति विकसित करनी होगी। रहीम, रसखान, खुसरो सरीखे अनेक उदाहरण मौजूद हैं जिनसे मिल-जुल कर रहना और एक दूसरे के विकास पर खुश होना सीखना होगा। गांधी जी की यह सोच बिलकुल सही थी कि भारत को भारतीय तरीके से सरकार बनाने के तरीके नए हालात में खोजने होंगे। उन्होंने ग्राम स्वराज्य का दर्शन दिया, जिसे वर्तमान वैश्विक सन्दर्भों में परिभाषित और विकसित किए जाने की जरूरत थी। किन्तु हमने पूर्ण पाश्चात्य तरीके को अपनाया। पंचायत, जिसको शासन का बुनियादी स्तंभ होना था उसे यूरोपियन स्थानीय स्वशासन की नकल बना कर छोड़ दिया। सौभाग्य से 73वें संविधान संशोधन से पंचायतों को संवैधानिक दर्ज़ा दिया गया किन्तु अभी तक भी वे शासकीय दिशा-निर्देशों की गुलाम ही हैं, क्योंकि वे जमीन से नहीं उगाई गईं। आरोपित की गई हैं। उन्हें अपने आत्मविश्वास को आधार बनाने में न जाने अभी कितना समय लगेगा। पाश्चात्य सोच में प्रशिक्षित राजनैतिक नेतृत्व और प्रशासन यह होने भी देगा या नहीं। धर्म निरपेक्षता दूसरी बड़ी चुनौती है। भारत के सन्दर्भ में धर्मनिरपेक्षता का अर्थ सर्व धर्म सम भाव ही हो सकता है। यहां धर्म मुक्त शासन संभव नहीं है। हालांकि, बाबा साहब आंबेडकर ने धर्मनिरपेक्ष शब्द संविधान में नहीं रखा था जो बाद में इमरजेंसी में इंदिरा जी के समय में डाला गया। किन्तु भारतीय धार्मिक संस्कार स्वभाव से ही धर्मनिरपेक्ष है, क्योंकि इसका उदय और विकास ही विविध तार्किकवाद संवाद से ही हुआ है। इसमें मतान्तर को आदर से देखने की परंपरा है। हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख,और विविध आदिवासी धार्मिक परंपराओं में तर्क को स्थान है और प्रकृति के प्रति श्रद्धा और संशोधन को मान्यता विद्यमान है, जो आज के पर्यावरण संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसलिए धर्मनिरपेक्षता के नाम पर धर्मांतरण की छूट देना भारतीय परंपरा को कमजोर करने वाला ही सिद्ध होगा, क्योंकि अब्रह्मिक धर्मों में अन्य धर्मों को आदर से देखने की परंपरा नहीं है। प्रकृति उनके लिए उपभोग की वस्तु है। उनके लिए अपने धर्म में धर्मांतरण करवाना पुण्य का काम है जबकि भारतीय परंपरा में अपने धर्म को छोड़ना और दुसरे के धर्म को छुड़वाना दोनों ही गलत हैं। हर धर्म में समय से कुछ कमियां आ जाती हैं, इसलिए स्वयं ही उनके संशोधन को तैयार रहना चाहिए। गांधी ने इस दिशा में जातिवादी भेदभाव को समाप्त करने के लिए खुले आम आवाज उठाई और जीवनपर्यन्त उसके लिए सच्चाई से लगे रहे। इस परंपरा को आगे बढ़ाने और विस्तारित करने की जरूरत है। बाबा साहेब ने संवैधानिक रूप से जातिवादी भेदभाव से लड़ने के उपकरण उपलब्ध करवाए। सामाजिक रूप से इस कार्य की महत्ता और जरूरत को एक सभ्य समाज के अंदर स्थापित करने का महती कार्य गांधीजी द्वारा शुरू किया गया। बाबा साहेब की भारतीय परंपरा के सकारात्मक पक्षों के प्रति आस्था इस बात से भी पता चलती है कि जब उन्हें लगा कि हिन्दू रहते उन्हें जातिवादी भेदभाव से छुटकारा नहीं मिल सकता तो उन्होंने भारतीय परंपरा से उपजे बौद्ध धर्म को अपनाने का निर्णय किया जिसके लिए भी उनको श्रद्धा से देखा जाना चाहिए। आजादी के बाद एक ओर देश में फैली अव्यवस्था को संभालने का काम था, दूसरी ओर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना था। देश की सीमाओं की रक्षा करनी थी, गरीबी बदहाली में फंस चुके करोड़ों देशवासियों को रोजी-रोटी की व्यवस्था करनी थी। इस मामले में गांधी जी की सोच थी कि ग्रामीण लघु कुटीर उद्योगों के माध्यम से आगे बढ़ना। किन्तु नेहरू के लिए पश्चिमी औद्योगीकरण ही निरापद था। हालांकि गांधी जी के नाम पर कुछ करते हुए दिखने के लिए खादी कमीशन जैसे दिखावे के कार्य तो जारी रहे किन्तु बुनुयादी तौर पर ग्रामीण लघु उद्योग और कुटीर उद्योगों को अर्थव्यवस्था का आधार बनाने का कार्य अधर में ही लटका रह गया। अगर इस काम को ईमानदारी से करना होता तो कुटीर उद्योगों को नई परिभाषा दी जाती, जिसका अर्थ होता जहां जरूरी हो वहां कुटीर व लघु उद्योगों के उपकरणों में सुधार करते हुए उत्पादन को इतना बढ़ाने की व्यवस्था करना ताकि सारे देश की जरूरतें पूरी की जा सकें और जिन कामों में ऐसा संभव न हो वहां बड़े उद्योगों को स्थान दिया जाए. किन्तु उसके लिए वांछित इच्छा शक्ति का आभाव बना रहा। धीरे-धीरे ग्रामीण उद्योग धंधे औद्योगिक उत्पादन से मुकाबला न कर पाने के चलते समाप्त होते गए और एक बड़ा उत्पादक वर्ग बेरोजगार हो गया। वादे तो यह किए गए थे कि औद्योगीकरण से नए रोजगार पैदा होंगे किन्तु वास्तविकता यह थी कि यदि 100 रोजगार छीने गए तो दस रोजगार ही नए पैदा हुए। जैसे-जैसे मशीनों से उत्पादन में स्वचालित मशीनों का प्रचलन बढ़ता गया, रोजगार के अवसर और भी कम होते गए। कृषि और ग्रामीण उद्योग धंधे भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहे हैं किन्तु 60 फीसद लोगों को रोजगार देने वाली खेती भी धीरे धीरे घाटे का सौदा होती चली गई। इससे ग्रामीणों में शहरों की ओर पलायन बढ़ता गया। शहर पलायन का बोझ उठाने में सक्षम नहीं बचे हैं और गांव में खेत काम करने वालों का इंतजार कर रहे हैं। शहर गैस चैंबर बन गए हैं तो गांव उजड़े चमन। बहुत से गांव में बूढ़ों और बच्चों के अलावा कोई नजर नहीं आता। गांधी मार्ग अभी भी रास्ता दिखा सकता है। गांव के उद्योग-धंधों को जिंदा करके गांव खुशहाल हो सकते हैं और शहर साफ सुथरे। खेती में छोटे किसानों को बैलों से खेती के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है, इससे उनकी उत्पादन लागत घटेगी और जमीन के लिए जैविक खाद भी उपलब्ध होगी। इसके लिए बैल पालकों को सब्सिडी दी जाए और जैविक खेती को वैज्ञानिक आधार पर सशक्त किया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में कौन-कौन से उद्योग कुटीर स्तर पर संभव हैं उनको नई तकनीकों से लैस करके गांव में खेती के साथ खाली समय के लिए उत्पादक विकल्प उपलब्ध करवाए जाने चाहिए। हम चाहे कहीं से भी सीख कर नए नए उत्पादक तरीके देश में लाएं, किन्तु उनको अपनी भारतीय समझ से उपयोग करें। भारतीयकरण का महत्व इस लिए है क्योंकि कोई भी देश अपनी संस्कृति के माध्यम से ही अपनी जनता और विश्व के साथ संवाद करता है और अपने प्रभाव क्षेत्र का निर्माण करता है। इतिहास में भी जब भारत वर्ष ने अपने ज्ञान और संस्कृति के साथ विश्व से संवाद किया तो भारत की सभ्यताऽसंस्कृति दुनिया के देशों में बिना किसी सैनिक शक्ति के फैली, चाहे मौर्यकाल में आर्य भट्ट के सिद्धांत हों जिनमें विश्व को ज्योतिर्विज्ञान और गणित का ज्ञान दिया हो या बौद्ध दार्शनिक प्रतिभा का विस्तार हो या गुप्तकालीन विद्वान ब्रह्मगुप्त द्वारा शून्य की खोज के साथ गणित के अंक प्रदान किए हों, भारत ज्ञान के बल पर और मसालों और कुटीर उत्पादन के बल पर ही वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा था। भारतीय संस्कृति व्यापार और मिशनरीयों द्वारा ही ज्यादातर दुनिया के हिस्सों में फैली। चाहे दक्षिण-पूर्व के देश हों या बगदाद के रास्ते अरब और यूरोप के देश हों सब भारतीय प्रतिभा के कायल और लाभार्थी रहे हैं। नालंदा, तक्षशिला, विक्रम शिला जैसे अनेक विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान के भंडार थे जहां पूरे विश्व से विद्यार्थी शिक्षा के लिए आते थे। अभी तक भी भारतीय ज्ञान के अपार भंडार प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में छुपे हैं जिनमें धर्म शास्त्र के अलावा दार्शनिक ज्ञान और विज्ञान संबंधित जानकारियां भी भरी पड़ी हैं। अपने उस खजाने को तलाशने की जरूरत है किन्तु खेद है कि कुछ दुराग्रही लोग यह साबित करने में लगे रहते हैं कि संस्कृत मृत भाषा है जिसे पढ़ना बंद कर देना चाहिए। ज्ञान के खोजी कभी पक्षपाती और निहित स्वार्थी नहीं होते उन्हें जहां भी सच्चा ज्ञान मिलता है वे उसे ग्रहण कर लेते हैं। भारत का उदय उसी ज्ञान अर्जन के युग में हुआ। अरब प्रभुत्व का युग जब आया तो उन्होंने भी बगदाद के रास्ते आये भारतीय ज्ञान को, यूरोप के यूनानी ज्ञान को ग्रहण किया और दुनिया में फैल गए। फिर यूरोप के लोगों ने भी ज्ञान के खोजी होने का मार्ग अपनाया और दुनिया में फैल गए। ये अनुभव हमें याद रखने चाहिए और शुद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर पूरे विश्व से ज्ञान लेने के लिए तैयार होना होगा। लेकिन हमारे पैर हमेशा अपनी जमीन पर होने चाहिए। **-कुलभूषण उपमन्यु**

मेक इन इंडिया से सुदृढ़ हुआ भारतीय औषधि विज्ञान

मुकुंद

आज दुनिया में भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र (औषधि विज्ञान) की छवि तेजी से बदल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के आह्वान से यह इंडस्ट्री पहले से कई गुना सुदृढ़ हुई है। यही नहीं भारत पिछले छह-सात वर्षों से यूनिसेफ का सबसे बड़ा वैक्सीन आपूर्तिकर्ता रहा है। भारत ने इस अवधि में यूनिसेफ की कुल खरीद में 55 प्रतिशत से 60 प्रतिशत योगदान दिया। आज का नया भारत क्रमशः डीपीटी, बीसीजी और खसरे के टीकों के लिए डब्ल्यूएचओ की मांग का 99 प्रतिशत, 52 प्रतिशत और 45 प्रतिशत पूरा करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के अनुरूप रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का औषध विभाग सस्ती दवाओं की कीमत, उपलब्धता, अनुसंधान, विकास और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करता है। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीबीआई) की वेबसाइट में 13 अप्रैल को इस आशय के आंकड़े साझा किए गए हैं। इनमें कहा गया है कि भारत को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाओं का विश?व का सबसे बड़ा प्रदाता बनाने का प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण शामिल है। सबसे बड़ा जोर मेक इन इंडिया पर है। भारतीय दवा उद्योग घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली, कम लागत वाली प्रभावी दवाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और स्वदेशी ब्रांडों के मजबूत नेटवर्क में इसके प्रभुत्व को दर्शाता है। इसमें चिकित्सा उपकरण उद्योग के कई क्षेत्र अत्यधिक पूंजी-प्रधान हैं। वह इसलिए कि इस क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों का निरंतर समावेशन किया जाता है। इसमें मदद के लिए औषध विभाग सरकारी अनुमोदन के माध्यम से एफडीआई प्रस्तावों पर एफडीआई नीति के अनुसार अनुमोदन या अस्वीकृति के लिए विचार करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक एफडीआई प्रवाह (फार्मास्युटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों दोनों में) 11,888 करोड़ रुपये रहा है । इसके अलावा, औषध विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ब्राउन फील्ड परियोजनाओं के लिए 7,246.40 करोड़ रुपये के 13 एफडीआई प्रस्तावों को मंजूरी दी। भारत सरकार की 2020 में शुरू की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने भी इसमें क्रांतिकारी पहल की है। पीएलआई का प्रमुख उद्देश्य घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और निर्यात बढ़ाना है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के दृष्टिकोण के अनुरूप यह योजना उत्पादन में प्रदर्शन के आधार पर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।फार्मास्यूटिकल्स के लिए पीएलआई योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 फरवरी 2021 को मंजूरी दी थी। इसका वित्तीय परिव्यय 15,000 करोड़ रुपये है। यह तीन श्रेणियों के तहत पहचाने गए उत्पादों के उत?पादन के लिए 55 चयनित आवेदकों को छह साल की अवधि के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है । इस योजना में कैंसर रोधी और ऑटो इम्यून जैसी दवाओं का उत्पादन शामिल है। पीएलआई के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लक्षित निवेश को पार करना है। प्रारंभिक प्रतिबद्धता 3,938.57 करोड़ रुपये आंकी गई थी। वास्तविक प्राप्त निवेश पहले ही 4,253.92 करोड़ रुपये (दिसंबर 2024 तक) तक हासिल हो चुका है। इसके अलावा मार्च 2020 में स्वीकृत बल्क ड्रग पार्क योजना (वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26) का उद्देश्य उत्पादन लागत को कम करने और बल्क ड्रग्स में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विश्वस्तरीय सामान्य बुनियादी ढांचे वाले पार्क स्थापित करना है। इस योजना के तहत गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के प्रस्तावों को मंजूरी दी दी जा चुकी है। वित्तीय सहायता प्रति पार्क 1,000 करोड़ रुपये या परियोजना लागत का 70 फीसद (पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के लिए 90 फीसद) तक सीमित है।इसका कुल परिव्यय 3,000 करोड़ रुपये है। और सबसे खास प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना है। इसका लक्ष्य पूरे देश में किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके तहत लोगों को समझाया जा रहा है कि इन दवाओं के उत्पादन में गुणवत्ता से कई समझौता नहीं किया जाता। यह धारणा गलत है कि महंगी दवा का मतलब बेहतर प्रभाव होता है। सरकारी अस्पतालों में बीमारी का प्रभावी विकल्प लिखने में जेनेरिक दवाओं को प्राथमिकता दी जाती है। अच्छी बात यह है कि आठ अप्रैल, 2025 तक देश भर में कुल 15,479 जन औषधि केंद्र हैं। करोड़ों लोग इनके माध्यम से सस्ती दवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

सेहत मंत्र

गर्मी के मौसम में इस तरह अपने प्रतिरक्षा तंत्र को बनाएं मजबूत

आमतौर पर लोग मानते हैं कि गर्मी के मौसम में कोल्ड व फ्लू का सामना नहीं करना पड़ता। लेकिन वास्तव में हकीकत इससे अलग है। मौसम में बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। जिसके कारण बहुत से वायरस आपको बीमार कर सकते हैं। लेकिन अगर आप चाहते हैं कि इस मौसम में भी बीमारियां आपके आसपास न फटकें तो इसके लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना होगा। तो चलिए जानते हैं कि इसे कैसे करें- मौसमी फल व सलाद का सेवनः गर्मी के मौसम में आपको कई तरह के फल मार्केट में मिलते हैं। इस मौसम में फलों व सलाद का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन्स, एंटी-ऑक्सीडेंट्स व अन्य पोषक तत्व बदलते मौसम में आपकी विभिन्न तरह की बीमारियों से रक्षा करते हैं। अवश्य धोएं हाथ : यह तो हम सभी जानते हैं कि हाथ धोना एक अच्छी आदत है। लेकिन गर्मी के मौसम में खुद को बीमारियों से बचाने के लिए हाथ धोना एक अच्छा विचार हो सकता है। भले ही आपके आसपास किसी व्यक्ति को फ्लू न हो लेकिन वातावरण में इसके वायरस हमेशा मौजूद रहते हैं। ऐसे में हाथ धोकर भोजन करने से उन फ्लू का आपके शरीर में जाने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। प्रोबियोटिक का सेवन : प्रोबियोटिक को लेकर अक्सर लोग असमंजस की स्थिति में रहते हैं। दरअसल, प्रोबियोटिक गुड बैक्टीरिया होते हैं, जो आपके पाचन तंत्र व प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाते हैं, जिसके कारण आपके बीमार होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। दरअसल, जब कुछ बैड बैक्टीरिया के कारण आपके पेट की प्रणाली का संतुलन बिगड़ जाता है, तो वह आपके इम्युन सिस्टम को विपरीत रूप से प्रभावित करता है। ऐसे में प्रोबियोटिक का सेवन उस संतुलन के बहाल करता है। विटामिन डी भी है जरूरीः गर्मी के मौसम में अक्सर लोग धूप से बचते हुए नजर आते हैं, लेकिन वास्तव में सर्दियों की तरह ही इस मौसम में भी आपके शरीर को धूप की आवश्यकता होती है।

धर्म मंत्र

श्रीराम कथा को सुन कर जन्मों-जन्मों के दुख व कष्ट दूर हो जाते हैं

विगत अंक में हम श्रवण कर पा रहे थे, कि सतीजी के मन में अगस्त्य मुनि जी के प्रति वह आदर भाव उत्पन्न नहीं हो पा रहा था, जो स्वयं भगवान शंकर के हृदय में था। इसके पीछे क्या कारण था? सतीजी तो भगवान शंकर जी की अनन्य भक्त व अनुगामिनी थी। फिर वह कैसे भगवान शंकर से विलग सोच रख रही थी। वास्तव में सतीजी भगवान शंकर के प्रति तभी तक भक्ति व सेवा का भाव रख पा रही थी, जब तक उन्होंने अपनी बुद्धि व तर्क-वितर्क का प्रयोग नहीं किया था। आज तक तो सतीजी ने, भगवान शंकर के प्रति केवल समर्पण ही सीखा था। और समर्पण की तो यह विशेषता है, कि उसमें तो बुद्धि की सुनी ही नहीं जाती। बुद्धि की सुनी जाती, तो सतीजी कभी भी अपने पिता के महलों को त्याग कर, भगवान शंकर के साथ कैलास पर रहने न आती। क्योंकि कहाँ तो महलों के सुंदर साज-सज्जा से भरपूर पलंग व आसन, और कहाँ कैलास की हाँड जमाने वाली ठंड। वहाँ भी बैठने को पलंग इत्यादि नहीं, अपितु सिला पर ही शिवजी के साथ मृगछाल पर बैठना पड़ रहा था। क्या ऐसे में बुद्धि आज्ञा देगी, कि भगवान शंकर को अपना जीवन साथी बनाने का निर्णय किया जाये? लेकिन सतीजी तब भी ऐसा कठिन निर्णय लेती हैं। क्योंकि उनको पता था, कि जीवन का सार तो ईश्वर ही हैं। लेकिन अगस्त्य मुनि के आश्रम में जाते ही, सतीजी के विचारों की तार शिवजी के विचारों से मेल नहीं खा रही थी। इसके पीछे क्या कारण था?

पर्यटन

वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी के लिए परफेक्ट है दुधवा नेशनल पार्क

अगर आप वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी करने का शौक रखते हैं, तो आपके लिए एक खास मौका है। 9 से 11 फरवरी को दुधवा नेशनल पार्क में बर्ड फ़ेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आप खूबसूरत रंग-बिरंगे पक्षियों की कई नस्लें देखने को मिलेगी। दुधवा नेशनल पार्क भारत- नेपाल सीमा के पास उत्तर प्रदेश राज्यं के तराई बेल्ट में स्थित है। इसे 1958 में वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के रूप में स्थोपित किया गया था और 1977 में यह एक नेशनल पार्क बन गया। दुधवा नेशनल पार्क में बाघ, तेन्दुआ, भालू, स्याही, फ्लाइंग स्क्वेरल हाथी, मगरमच्छ समेत 400 पक्षी प्रजातियां शामिल हैं। चीतल, सांभर, काकड़, बारहसिंहा जैसी हिरन प्रजातियां और रेप्टाइल्स (सरीसृप), एम्फीबियन व कई अलग-अलग तरह की तितलियां मौजूद हैं। भारतीय उपमहाद्वीप में पाए जाने वाले लगभग 1300 पक्षियों में, 450 से ज्यादा प्रजातियां अकेले दुधवा रिजर्व में देखी जा सकती हैं। इनमें हॉर्नबिल, रेड जंगल फ़ॉवल, पीटा फोवल, बंगाल फ्लोरिकन, मत्स्य पालन ईगल, बंगाल फ्लोरिकन, सर्प ईगल, ऑस्प्रे, स्वर्ग फ्लाईकचर, वुडपैकर्स, शामा, इंडियन पिटा, ओरिओल्स, एमेरल्ड कबव आदि शामिल हैं। सर्दी के मौसम में दुधवा नेशनल पार्क में विभिन्न प्रवासी पक्षियों को देखा जा सकता है। सर्दियों के मौसम में दुधवा के जानवरों की लाइफ स्टाइल भी बदल गई है। घने जंगलों के बीच रह रहे जानवर सर्दियों की धूप खाने बाहर निकल रहे हैं। दुधवा के नकहुआ नाले के बाहर तमाम मगमच्छ आराम फरमाते हुए देखे जा सकते हैं। इसी नाले के आसपास बारहसिंघों के झुंड भी निकल पड़ते हैं। सर्दियां आते ही जानवर अपने लिए गर्म आशियाना तलाश करने में दिन भर भटकते हैं। रात के वक्त इनको डिस्टर्ब करना खतरनाक है, इसलिए जंगल सफारी सिर्फ दिन के उजाले में ही हो सकती है।

कृतज्ञ जनमानस की संविधान निर्माता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिलेभर में आज संविधान निर्माता को पूर्ण श्रद्धा से याद किया गया। कृतज्ञ जनमानस द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती पर यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पुष्पांजलि समारोह में समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक असमानता जातिगत भेदभाव छुआछूत को मिटाने के लिए संघर्ष करते हुए महिलाओं वंचित वर्ग एवं मजदूरों के हक अधिकारों को दिलाने के लिए बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया ।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, डॉक्टर कुलदीप सिंह, अजय वर्मा बबलू ,जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार, महामंत्री सत्येंद्र भास्कर, उपाध्यक्ष हरे राम पटेल, मनीष बैसवार, आलोक श्रीवास्तव, सुशील सैनी, उमाकांत, शानू राठौर, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, फजल इनाम मदनी आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

जिलेभर में आज संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पूर्ण श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई।

सिद्धौरः नगर पंचायत समेत ग्रामीण क्षेत्रों में संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

सिद्धौर नगर पंचायत कार्यालय में नगरपंचायत अध्यक्ष रमंता रावत की अध्यक्षता में अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ लिपिक श्रीष मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा समेत नगरपंचायत कर्मी व सभासद गणों की उपस्थिति में संविधान निर्माता भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। तथा उनके बारे में विस्तार से बताया गया। *इसके अलावा अधिशाषी अधिकारी सिद्धौर श्री त्रिपाठी द्वारा संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।व मिष्ठान वितरित किया गया।

जैदपुर : संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा निकली ।शोभायात्रा मे ऊंट घोड़े और बैंड बजा के साथ निकाली गई ऊंट पर सवार बाबा साहब के चित्र पर लोगों ने पुष्प वर्षा की । शोभायात्रा मोहल्ला बड़ी बाजार सिनेमा हॉल मंगल ताल थाना चौराहा मुख्खिन बाध चौराहा छोटा इमामबाड़ा होते हुए चमरहिया पहुंची और शोभा यात्रा का समापन हुआ।

रामनगर : सुषमा देवी फाउंडेशन एवं कुमार हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में महादेवा स्थित हरीओम मेडिकल स्टोर के सामने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें 250 से अधिक मरीजों की जांच की गई।शिविर में ईसीजी ब्लड शुगर वायरल मार्कर टाइफाइड टेस्ट एवं रक्तचाप जैसी सेवाएं विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में निःशुल्क प्रदान की गईं।आयोजन में राम सुचित यादव अजय भास्कर गोविंद यादव

वंचितों महिलाओं के लिए संपूर्ण जीवन न्योछावर : गोप

और नंगू यादव का विशेष सहयोग रहा। नगर पंचायत कार्यालय रामनगर में चेयरमैन रामशरण पाठक की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।सभासद अवनीश मिश्रा के.डी.खान राजेश शुक्ला सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी जितेन्द्र कुमार एवं ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ।ग्राम पंचायत पिपरी महार में महादेवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ जिसमें अशोक शुक्ला मुख्य अतिथि रहे।

इस अवसर पर सतीश यादव सेवक गौतम व अनिरुद्ध अवस्थी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

बेलहराः भाजपा नेता व गौरा सैलक के प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह उर्फ नैन्टू सिंह ने अपने समर्थकों के साथ नेतपुरवा स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। क्षेत्र के बड़कापुरवा,सिंगहा,छेदा में भी अम्बेडकर जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई।

सिरौली गौसपुरः स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की।डूडी गांव में मखाना देवी के द्वारा भण्डारे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा, जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने किया। कार्यक्रम पूर्व मंत्री राकेश वर्मा भी शामिल हुए। बाबा साहेब की जीवनगाथा पर विशेष अभिभाषण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, सचिव, सफाईकर्मी, पंचायत सहायक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।ददरौली भवानीपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह, डॉ प्रेम कुमार, गुड्डू, संदीप, दिनेश राजेश, संस्कार कनौजिया, दयाराम और भाजपा जिला प्रतिनिधि प्रहलाद कुमार विमल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

एकता,अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति का विराट पथ संचलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।डॉक्टर आंबेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर आरएसएस के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में सोमवार को शहर के मुख्य मार्गो पर विराट पथ संचलन करके एकता,अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।हाथों में दंड एवम् दिलों में राष्ट्रभक्ति का भाव संजोए सैनिकों की भांति कदम से कदम मिलाते स्वयंसेवकों के पथ संचलन को देखने शहर की भीड़ उमड़ी।इस दौरान घोष दल की मधुर ध्वनि सभी को रोमांचित कर रही थी।पथ संचलन का सामाजिक संगठनों ने कई जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। जीआईसी ऑडिटोरियम में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए सह प्रान्त कार्यवाह डॉक्टर अविनाश ने कहा कि शक्ति के बिना शांति और सुरक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती और यह शक्ति लोकतंत्र और मजबूत संगठन के बिना असम्भव है। याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द को 'गर्व से कहो कि हम हिन्दू है' का नारा देना पड़ा।हिन्दू समाज की एकजुटता की कमी के चलते ही भारत को सैकड़ों वर्षों तक पराधीन रहना पड़ा। विश्वकल्याण के लिए उन्होंने हिंदुओ की एकता को जरूरी बताया। बताया कि पथ संचलन हमारी एकता को प्रदर्शित करने एवं सांस्कृतिक पुनरोत्थान के लिए एक साथ,एक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।कहा हम कभी सोने की चिड़िया कहे जाते थे,चक्रवर्ती सम्राट के शासन काल मे सूर्य कभी नही डूबता था।नालंदा,तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय शिक्षा क्षेत्र में विश्व को आइना दिखाते थे,मगर विदेशी आक्रांताओं ने धीरे धीरे हमारी प्राचीन सभ्यता को मिटाने का प्रयास

स्वयंसेवकों की कदम ताल को देखने उमड़ी भीड़

आंबेडकर जयंती पर दिया सामाजिक समरसता का संदेश

जगह जगह लोगो ने बरसाए पुष्प,किया भव्य स्वागत

किया।कहा अब भारत का स्व जागृत हो गया है। हिंदुओं में एकता की प्रबलता दिखने लगी है।स्पष्ट किया कि हिंदुओं की एकता किसी के विरोध में नहीं बल्कि भारत की एकता और अखंडता के लिए जरूरी है।उन्होंने स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण जैसे पंच परिवर्तन को आत्मसात करने की जरूरत बताया।सामाजिक समरसता पर बल दिया। राष्ट्र के उदय,उत्थान एवं कल्याण के लिए संकल्पित रहने की बात कही।उन्होंने भारतीय महापुरुषों की अनेकों वीर गाथा का वर्णन करके स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया।अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक रवि चंद्र किशोर गौतम ने की।इस अवसर पर सह विभाग प्रचारक अमरजीत,जिला संघ चालक आरएस गुप्ता,जिला कार्यवाह सुधीर, पारितोष, प्रभात ,अमितेश एवं सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

नगर के मुख्य मार्गो से गुजरा पथ संचलन

जीआईसी ऑडिटोरियम से शुरू हुआ पथसंचलन नाका चैराहा, धनोखर चौराहा ,घंटाघर पीरबटावन , छाया चौराहा, गुरुद्वारा होते हुए पुनः जीआईसी ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ।इस दौरान भारत माता के जयकारे गूंजते रहे।

मंत्री शर्मा ने किया खुनखुन जी ज्वेलर्स का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बनीकोडर बाराबंकी। सुमेरगंज कस्बा के प्रतिष्ठित व्यवसाई स्वामी दयाल कौशल के नवीन प्रतिष्ठान खुनखुन जी ज्वैलर्स का शुभारंभ सोमवार को प्रदेश के खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, दरियाबाद ब्लाक प्रमुख आकाश पांडे, प्रेस क्लब अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, अजय तिवारी, राकेश कुमार श्रीवास्तव, अमर बहादुर सिंह, शिव शंकर तिवारी, सूरज कुमार सिंह ,अवधेश वर्मा, दिनेश तिवारी, अरमान अंसारी, राम नारायण मिश्रा, कमलेश्वर तिवारी, कुलदीप जायसवाल, रिशु गुप्ता ,कमलेश्वर तिवारी,अवधेश वर्मा, विश्व हिंदू परिषद के विनय सिंह राजपूत, आकाश सिंह, रितेश कुमार, सतीश कौशल, दीपक कसौंधन, अखंड सिंह सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत दिवाकर बाबा ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया जबकि प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर जवाहरलाल ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्कूल कालेज और बाजारों पर विशेष नजर रखे , बेटियो की सुरक्षा में चूक बर्दाश्त नहीं : विकास चंद्र त्रिपाठी

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने एंटी रोमियो टीमों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, श्री विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में कुल 23 थानों पर नियुक्त एण्टीरोमियो टीम के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एण्टीरोमियों टीम को निर्धारित रूट चार्ट के माध्यम से बस, टैक्सी, ई-रिक्शा आदि परिवहन के साधनों में अश्लील गीत बजाने वालों की चेकिंग किये जाने, स्कूल , कालेज के बाहर छुट्टी के समय अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने, धार्मिक स्थलों/बैंक/बस स्टेशन/प्रमुख चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग किये जाने के सम्बन्ध मे विस्तृत रूप से निर्देशित किया गया। साथ ही नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण करने एवं महिला सम्बन्धी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अपने-अपने क्षेत्र के स्कूल/कालेजों व बीट में प्रतिदिन जाकर ग्रामीण महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने, महिला सुरक्षा से सम्बन्धित सभी योजनाओं और कानूनों के सम्बन्ध में महिलाओं और बालिकाओं के साथ नियमित संवाद स्थापित करने, महिला हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देने एवं अपराध पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता प्रदान करने हेतु निर्देश किया गया। इस अवसर पर प्रभारी थाना इञ्ज्ञ/ट्टख्ठ श्री बृजेश कुमार यादव आदि अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव व वैज्ञानिक दृष्टिकोण लाना चाहते थे बाबा साहेब : अरुण कुमार सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बराबंकी। शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर की 135वीं जयन्ती समारोह लोकसभागार कलेक्ट्रेट बाराबकी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर केडी शर्मा व विवेक शील यादव सहित कलेक्ट्रेट के कमर्चारियों ने बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। जयंती समारोह में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनीषी, चेतन विचारक, दूरदर्शी, दृढ़संकल्प के धनी सदी के महानायक बाबा साहब की जयंती पर उन्हें शतशत नमन करता हूँ। आज जब हम बाबा साहब को याद करते है तो हमें यह भी देखना चाहिए कि बाबा साहब के आदर्शों और उनकी शिक्षाओं को हम अपने जीवन और कार्यप्रणाली में उतार रहे है या नहीं। बाबा साहब ने विभिन्न विषयों में इतना ज्ञान अर्जित किया कि दुनिया में बाबा साहब के ज्ञान का लोहा माना जाने लगा। उनका विश्लेषण बहुत अच्छा था। बाबा साहब ने अवसर की समानता पर जोर दिया और समाज में वर्ग भेद मिटाने की बात कही। बाबा साहब ने अपने कठिनतम जीवन को अपनी प्रेरणाशक्ति बनाया कष्टों को उन्होंने अपनी ऊर्जा बनाकर पूरी दुनिया में एक आदर्श स्थापित किया। हम सब बाबा साहब के आदर्शों का पालन करे और लोगों की

कलेक्ट्रेट में समारोह पूर्वक मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

डीएम शशांक ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अंग्रेजी में एक कहावत है *विजडम इज सुपीरियर टू नॉलेज* अर्थात सिर्फ ज्ञान अर्जित करना ही उद्देश्य नहीं है, उस ज्ञान को उपयोग कर सकने की जो क्षमता होती है वो बेहतर होती है। बाबा साहब का दृष्टिकोण बहुत उच्च कोटि का था। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि उनके बनाये संविधान की वजह से ही हम लोग आज देश को इस स्वरूप में देखते हैं। हमें अपनी कार्यप्रणाली में उनके आदर्शों को उतारने की जरूरत है। इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सबके लिये आदर्श है। कठिन परिस्थितियों में उन्होंने अपनी पढ़ाई की और जीवन के लक्ष्य को प्राप्त किया। बाबा साहब का कहना था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। शिक्षा के माध्यम से बाबा साहब समाज में बदलाव और वैज्ञानिक दृष्टिकोण लाना चाहते थे। डिप्टीकलेक्टर श्री के डी शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब की गिनती दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विद्वानों में होती थी। ऐसी कठिन परिस्थितियों में बहुत कम लोग ऐसी उपलब्धियां हासिल कर पाते है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद दो मनीषियों की वजह से भारत की पहचान पूरी दुनिया में होती है एक बाबा साहब आंबेडकर जी और दूसरे महात्मा गांधी जी। डिप्टी कलेक्टर श्री विवेक शील यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक और कानूनविद थे। बाबा साहब का कहना था कि संविधान सिर्फ एक कानून का दस्तावेज ही नहीं है एक जीवन दृष्टि है। यह हमें प्रेरणा देता है और समाज में आगे बढ़ने की तथा सामाजिक बुराइयों व कुरीतियों से निपटने की शक्ति प्रदान करता हैं। कार्यक्रम में शिव कुमार, प्रशासनिक अधिकारी / संयोजक कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ बाराबंकी के दिशानिर्देशन में कार्यक्रम की सकुशल व्यवस्था महामंत्री मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी जनपद बाराबंकी मनीष शुक्ला द्वारा की गई। उक्त अवसर पर जगदीश प्रसाद, आर.ए महेन्द्र प्रताप शि.लि. नईम उस्मानी सा0लि0, इन्द्रमणिकान्त बैसवार, आपदा सहायक आदि कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन श्श्यामलाल जिलाध्यक्ष मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ जनपद बाराबंकी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। सिरौलीगौसपुर में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने तहसील परिसर में बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि की साथ ही एसडीएम द्वारा बाबा साहब के संघर्ष रूपी जीवन पर प्रकाश डाला गया ।

मंदबुद्धि बालक को पुलिस ने खोजा परिजनों को सुपुर्द

बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने परिजनों से बिछड़े एक मानसिक कमजोर बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द किया है। बालक जनपद सीतापुर से भटक कर बेलहरा आ पहुंचा था। बेलहरा चौकी प्रभारी अरविंद कुमार पटेल ने बताया कि रविवार की शाम वह अपने हमराहियों के साथ कस्बे के मौर्या मार्केट में गश्त कर रहे थे तभी उन्हें एक करीब दस वर्षीय बालक घूमता हुआ मिला जो मानसिक रूप से कमजोर लग रहा था। पुलिस द्वारा उसे चौकी लाया गया। नाम पता पूछने पर बालक कुछ नही बता पा रहा था। पहचान के लिए बालक की फ़ोटो शोसल मीडिया पर शेयर की गई। उसके बाद बालक की पहचान जनपद सीतापुर के महमूदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत उमरिया पैंतेपुर निवासी मुन्नू पुत्र असगर द्वारा अपने पुत्र कुर्बान के रूप में की गई जो अपने पिता के साथ पैंतेपुर बाजार आया था और वहीं से लापता हो गया था। परिजनों को चौकी बुलाकर बालक को उनके सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे को पाकर परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा उक्त पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

पंजाब किंग्स के सामने अब कोलकाता नाइट राइडर्स की कड़ी चुनौती

एजेंसी

मुल्लांपुर। पिछले मैच में अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी के कारण अपने बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में एक और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि 245 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अभिषेक की 55 गेंद पर खेली गई 141 रन की विस्फोटक पारी के कारण पंजाब किंग्स अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। पंजाब किंग्स की पारी में 36 गेंद पर 82 रन बनाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर के पास अभिषेक के सामने अपने गेंदबाजों की दुर्दशा को देखकर मुस्कुराने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। यह मैच हैदराबाद में खेला गया था जहां कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं माना जाता है। पंजाब अब अपना अगला मैच मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर खेलेगा जहां के विकेट को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल माना जाता है। यहां अभी तक दो मैच खेले गए हैं जिनमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 200 से अधिक रन का स्कोर बनाया था। ऐसे में पंजाब के टीम प्रबंधन को अब फैसला करना होगा कि वह किस तरह की परिस्थितियों में खेलना चाहते हैं। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का आत्मविश्वास निश्चित तौर पर डिग गया होगा। विशेष कर उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल का मनोबल जरूर प्रभावित हुआ होगा क्योंकि इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में 96 रन लुटा दिए थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर निश्चित तौर पर असमंजस की स्थिति में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार करवाता है तो फिर इसकी कोई गारंटी नहीं कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नारायण, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। एक ऐसा आंकड़ा जिस पर पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग गौर नहीं करना चाहेंगे, वह है उनकी गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट। उसका कोई भी गेंदबाज नौ रन प्रति ओवर से नीचे नहीं गया। आमतौर पर भरोसेमंद चहल ने पांच मैचों में प्रति ओवर 11.13 रन दिए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं। पंजाब अगर धीमा विकेट तैयार करवाता है तो उसका यह दांव भी उल्टा पड़ सकता है क्योंकि नाइट राइडर्स के पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण जैसे स्पिनर है जो अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने में माहिर हैं। नाइट राइडर्स एक ऐसी टीम है जो सपाट और धीमे विकेट दोनों पर अपना कमाल दिखा सकती है। उसने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान पर पटखनी दी थी जिससे निश्चित तौर पर टीम का मनोबल बढ़ा होगा। पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी काफी हद तक कप्तान अय्यर (250 रन) पर निर्भर है, जिन्होंने अब तक पांच मैचों में तीन अर्द्धशतक लगाए हैं।

आईपीएल 2025: धीमी ओवर गति के कारण अक्षर पटेल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को अपने ही घर अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के हाथों 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में दिल्ली की ओर से करुण नायर ने शानदार 89 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। वहीं, धीमे ओवर रेट के चलते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई इंडियंस ने तिलक वर्मा की अर्धशतकीय पारी और सूर्यकुमार यादव व नमन धीर की तेजतर्रार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में 205/5 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ही गेंद पर जैक फ्रेजर मैकगर्क बिना खाता खोले आउट हो गए। दिल्ली की ओर से करुण नायर ने तीन साल बाद आईपीएल में खेलते हुए 40 गेंदों पर 12 चौके और 5 छक्कों की मदद से 89 रन की धमाकेदार पारी खेली। इसके अलावा केवल अभिषेक पोरेल ने 33 रन बना सके। आखिरी ओवरों में दिल्ली ने तीन विकेट रन आउट से गंवाए, जिसने मैच का रुख पलट दिया और दिल्ली 19 ओवर में 193 रन पर सिमट गई। मुंबई ने 12 रन से मुकाबला अपने नाम किया। इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत ओवर रेट में पहली बार नियम का उल्लंघन किया। इस वजह से कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मैच के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में अक्षर पटेल ने हार की बड़ी वजह खराब शॉट चयन और मिडिल ऑर्डर के विफल रहने को बताया। उन्होंने कहा, ''हम मैच को अपने हाथ में ले आए थे। कुछ सॉफ्ट डिसमिसल और खराब शॉट्स ने हमें नुकसान पहुंचाया। हर बार लोअर ऑर्डर से उम्मीद नहीं कर सकते। हमें इस हार को भूलना होगा और आगे बेहतर खेल दिखाना होगा। इस हार के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स की चार मैचों की जीत की लय टूट गई और टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर खिसक गई। वहीं, मुंबई इंडियंस ने सीजन की अपनी दूसरी जीत दर्ज करते हुए सातवें पायदान पर जगह बना ली।

मेजर लीग सॉकर: इंटर मियामी ने शिकागो फायर के खिलाफ खेला गोल रहित ड्रॉ

एजेंसी

शिकागो। अमेरिकी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में रविवार को इंटर मियामी और शिकागो फायर के बीच मुकाबला बिना किसी गोल के ड्रॉ रहा। लियोनेल मेसी ने पूरे 90 मिनट मैदान पर बिताए और कई रोमांचक मौके बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मुकाबले में दोनों टीमों के गोलकीपर्स ने शानदार प्रदर्शन किया और पहली बार इस सीजन में क्लीन शीट हासिल की। इस मुकाबले में लियोनेल मेसी ने 64वें और 85वें मिनट में गोल करने की पूरी कोशिश की। पहले मेसी का शानदार शॉट शिकागो के गोलकीपर क्रिस ब्रैडी ने क्रॉसबार की मदद से बचाया, वहीं दूसरे मौके पर भी गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। मेसी ने लुइस सुआरेज को भी एक बेहतरीन पास दिया था, लेकिन वह ऑफसाइड करार दिया गया। कॉनकाकैफ चैंपियंस कप क्वार्टर फाइनल में एलएएफसी के खिलाफ जबरदस्त वापसी के बाद इंटर मियामी को एमएलएस में लगातार दूसरे मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। इस सीजन यह पहला मौका था जब इंटर मियामी किसी एमएलएस मुकाबले में गोल नहीं कर सका। शिकागो फायर के लिए यह इस सीजन का पहला क्लीन शीट था। टीम ने बीते तीन मैचों में दो ड्रॉ और एक हार झेली थी। इस मुकाबले में भी शिकागो ने आखिरी मिनटों में कुछ बेहतरीन मौके बनाए, लेकिन इंटर मियामी के गोलकीपर ऑस्कर उस्टारी ने शानदार बचाव कर टीम को हार से बचा लिया। पहले हाफ में मुकाबला धीमा रहा, लेकिन दूसरे हाफ के अंतिम मिनटों में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। शिकागो के जोनाथन बम्बा और मारन हाइले-सेलासी ने भी गोल करने की कोशिश की, लेकिन किस्मत और इंटर मियामी की डिफेंस ने उन्हें सफलता नहीं दी।

कार्लोस अल्कराज ने जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब

एजेंसी

मोनाको। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपना पहला मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। 21 वर्षीय अल्काराज ने यह मुकाबला 3-6, 6-1, 6-0 से अपने नाम किया। यह कार्लोस अल्कराज के करियर का छठा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब है। इसके साथ ही यूरोपीय क्ले-कोर्ट सीजन की शुरुआत उन्होंने जीत के साथ की है। अब अल्कराज फ्रेंच ओपन में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। मैच की शुरुआत में अल्कराज लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे और उन्होंने अपने शुरुआती दो सर्विस गेम गंवा दिए। पहले सेट में उन्होंने 14 अनफोर्स्ड एरर किए, जिसका फायदा उठाकर मुसेट्टी ने 6-3 से बढ़त बना ली। हालांकि, इसके बाद अल्कराज ने जबरदस्त वापसी की और दूसरा सेट 6-1 से अपने नाम किया। तीसरे और निर्णायक सेट में उन्होंने मुसेट्टी को पूरी तरह दबाव में रखते हुए 6-0 से मुकाबला समाप्त कर खिताब अपने नाम किया। मैच के दौरान लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे सेट में दाहिने पैर में परेशानी हुई, जिसके लिए उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया। हालांकि, वह कोर्ट पर लौटे, लेकिन ज्यादा संघर्ष नहीं कर पाए। जीत के बाद अल्कराज ने कहा, ''मैं इस तरह मैच नहीं जीतना चाहता था। लोरेंजो ने इस हफ्ते बेहद कठिन मुकाबले खेले। मैं उनके लिए दुख महसूस कर रहा हूं कि मुकाबला इस तरह खत्म हुआ। मैं मोंटे कार्लो का खिताब जीतकर बेहद खुश हूं। पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए कोर्ट के अंदर और बाहर दोनों ही जगह मुश्किल भरे रहे, लेकिन मेहनत का नतीजा देखकर अच्छा लग रहा है। इस जीत के साथ ही कार्लोस अल्कराज सोमवार को जारी होने वाली ताजा एटीपी रैंकिंग में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पीछे छोड़कर विश्व नंबर-2 बन जाएंगे। पिछले साल फ्रेंच ओपन के बाद से क्ले कोर्ट पर अल्कराज का यह 17वां जीत और कुल रिकॉर्ड 17-1 है। उन्हें इस दौरान एकमात्र हार पेरिस 2024 ओलंपिक के फाइनल में नोवाक जोकोविच के हाथों मिली थी।

लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना का चक्का फेंक में विश्व रिकॉर्ड

रमोना (अमेरिका)। लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चक्का फेंक में यहां अपने विश्व रिकॉर्ड को दो बार पीछे छोड़ा। उन्होंने ओक्लाहोमा थ्रोज़ सीरीज़ वर्ल्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता में 247 फीट, नौ इंच (75.56 मीटर) चक्का फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस स्टार खिलाड़ी में इससे पहले अपने शुरुआती प्रयास में 74.89 मीटर चक्का फेंककर अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था। पिछले साल इसी प्रतियोगिता में उन्होंने 1986 से चला आ रहा विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैट डेनी ने 74.78 मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर कुछ समय के लिए रिकॉर्ड अपने नाम किया लेकिन 22 वर्षीय अलेक्ना ने जल्द ही फिर से उसे अपने नाम कर दिया।

अब इंडिगो की उड़ानें नई दिल्ली के टर्मिनल 1 और टर्मिनल 3 से संचालित होगी

दिल्ली एयरपोर्ट पर 15 अप्रैल से टर्मिनल-2 से एयरलाइन कंपनी इंडिगो की उड़ानें बंद

एजेंसी

नई दिल्ली। एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को कहा कि वह 15 अप्रैल से दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्?ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर टर्मिनल-2 से संचालित होने वाली अपनी सभी उड़ानों को टर्मिनल-1 पर स्थानांतरित करेगी। इंडिगो ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि 15 अप्रैल से टर्मिनल 2 पर आने और वहां से प्रस्थान करने वाली उसकी सभी उड़ानें टर्मिनल 1 से संचालित होंगी। इस परिवर्तन के कार्यान्वयन के साथ इंडिगो अब इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 और टर्मिनल 3 से संचालित होगी। कंपनी ने बताया कि यह अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा, क्योंकि एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर रखरखाव का काम शुरू होने वाला है। एयरलाइन ने पुष्टि की है कि यह परिवर्तन परिचालन पुनर्गठन का हिस्सा है। इससे टर्मिनल-3 से संचालित होने वाली उड़ानें प्रभावित नहीं होंगी तथा वे बिना किसी परिवर्तन के अपने निर्धारित समय पर जारी रहेंगी। यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए एयरलाइन ने सभी प्रभावित यात्रियों और यात्रा भागीदारों को एसएमएस, फोन कॉल और ईमेल सूचनाओं के जरिए सूचित करना शुरू कर दिया है। इंडिगो ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे एयरपोर्ट पर जाने से पहले आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर अपना यात्री नाम रिकॉर्ड (पीएनआर) प्राप्त करके अपने टर्मिनल विवरण को सत्यापित करें।

द मास्टर्स 2025: रोरी मैकइलरॉय ने पूरा किया करियर ग्रैंड स्लैम, मिली ग्रीन जैकेट

एजेंसी

अगस्ता। अगस्ता नेशनल गोल्फ क्लब में रविवार को इतिहास रच दिया गया, जब रोरी मैकइलरॉय ने एक रोमांचक मुकाबले में जस्टिन रोज़ को प्लेऑफ में हराकर द मास्टर्स 2025 का खिताब जीत लिया। इसी के साथ मैकइलरॉय ने करियर ग्रैंड स्लैम भी पूरा कर लिया और वो गोल्फ इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए। पूरे टूर्नामेंट में बढ़त बनाए रखने वाले मैकइलरॉय ने आखिरी दिन शुरुआत में ही दो शॉट की बढ़त गंवा दी। इसके बाद बैक-नाइन पर तीन होल में चार शॉट की बढ़त भी हाथ से निकल गई। 13वें होल पर उनकी एक गलती ने मैच को पूरी तरह रोमांचक बना दिया, जब उनका शॉट रे क्रीक में चला गया और डबल बोगी करनी पड़ी। हालात मुश्किल होने के बाद भी मैकइलरॉय ने हार नहीं मानी। 15वें होल पर शानदार 7-आयरन से गेंद को 6 फीट तक पहुँचाया और बर्डी लगाकर बराबरी कर ली। इसके बाद 17वें होल पर 8-आयरन से बेहतरीन शॉट खेलते हुए 2 फीट तक गेंद पहुँचाई और बर्डी कर एक शॉट की बढ़त ले ली। जस्टिन रोज़ ने भी कमाल की वापसी की। शनिवार को 75 का स्कोर खेलने वाले रोज़ आखिरी दिन 10 बर्डी लगाकर खिताबी दौड़ में लौटे। 18वें होल पर 20 फीट की बर्डी पुट लगाकर मुकाबला प्लेऑफ में पहुँचाया। हालांकि प्लेऑफ में उनकी किस्मत ने फिर साथ नहीं दिया। प्लेऑफ में मैकइलरॉय ने तीसरे शॉट पर गेंद को 3 फीट तक पहुँचाया और बर्डी करते हुए खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद वो घुटनों के बल बैठ गए और खुशी के आँसू बहाए। इस खिताब के साथ उन्होंने 11 साल का मेजर टाइटल का सूखा खत्म किया और टाइगर वुड्स, जैक निकलॉस जैसे दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हो गए।

संक्षिप्त समाचार

भारतीय मूल के गोल्फर राय, थीगाला शीर्ष 30 में रहे, मैक्लेरॉय बने चैंपियन

ऑगस्टा। भारतीय मूल के गोल्फर आरोन राय, साहित थीगाला और अक्षय भाटिया का यहां ऑगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में प्रदर्शन साधारण रहा तथा इन तीन में से दो खिलाड़ियों ने शीर्ष 30 में जगह बनाई। किसी मास्टर्स टूर्नामेंट में पहली बार भाग ले रहे राय (70) चार दिनों में एक अंडर का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 27वें स्थान पर रहे जबकि थीगाला (71) चार दिनों में इवन पार पर रहे और संयुक्त 29वें पर रहे। भाटिया ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर किया और पूरे सप्ताह चार ओवर 292 का स्कोर बनाकर संयुक्त 42वें स्थान रहे। रोरी मैक्लेरॉय ने प्लेऑफ में जस्टिन रोज पर नाटकीय जीत के साथ अपने पांचवें मेजर खिताब के लिए 11 साल के इंतजार को समाप्त किया।

अमेरिका और जापान ने बिली जीन किंग कप के फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया

ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)। हेली बैपटिस्ट और बर्नार्डा पेरा ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मेजबान स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर अमेरिका को बिली जीन किंग कप (बीजेके) टेनिस टूर्नामेंट के फ़ाइनल्स में जगह दिलाई। ग्रुप सी के मैच में बैपटिस्ट ने रेनाटा जैमरिकोवा को 6-3, 6-4 से और पेरा ने रेबेका श्रामकोवा को 7-6 (2), 7-5 से हराया। अमेरिका इस ग्रुप में शीर्ष पर रहा। जापान ने भी फ़ाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ग्रुप ए में निर्णायक युगल मैच में एना शिबहारा और शुको आओयामा ने कनाडा की कायला क्रॉस और रेबेका मैरिनो को 6-3, 5-7, 6-2 से हराकर जापान को फ़ाइनल्स में जगह दिलाई। बीजेके कप फ़ाइनल्स सितंबर में चीन के शेनझेन में खेला जाएगा।

मुद्रा योजना के तहत 33 लाख करोड़ रुपये के गारंटी-मुक्त ऋण स्वीकृत,68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं: मंत्री

नागपुर (महाराष्ट्र)। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ लोगों को कारोबार शुरू करने के लिए 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले ऋण दिए गए हैं। इन लाभार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं हैं। वित्त राज्य मंत्री नागपुर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारियों के 77वें बैच को संबोधित करते हुए यह बात कही। आर्थिक वद्धि को लेकर देश के दृष्टिकोण पर उन्होंने कहा, '' पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने 52 करोड़ लोगों को 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले ऋण दिए हैं। ये ऋण 50,000 रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक के हैं। मंत्री ने कहा, '' आज लोग इन ऋण की मदद से नए-नए कारोबार शुरू कर रहे हैं और देश की आर्थिक वृद्धि में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन लाभार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं हैं और उन्होंने नए व्यवसाय शुरू किए हैं। चौधरी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में सरकार लगातार बुनियादी ढांचे के बजट में वृद्धि कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में काफी विकास हुआ है। आईआरएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में उनकी बेहद अहम भूमिका होगी।

सरकार 10,000 करोड़ रु के स्टार्टअप कोष का बड़ा हिस्सा नए युग की प्रौद्योगिकी को देगी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय स्टार्टअप के लिए 10,000 करोड़ रुपये की दूसरी 'फंड ऑफ फंड्स स्कीम' (एफएफएस) का बड़ा हिस्सा नए युग की प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा और 'मशीन बिल्डिंग' जैसे क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों को आवंटित करेगा। सरकार ने बजट में 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ एक नई एफएफएस की घोषणा की है। 2016 में भी सरकार ने इसी तरह की योजना शुरू की थी। अधिकारी ने कहा, '' हम 10,000 करोड़ रुपये के इस कोष का बड़ा हिस्सा नए युग की प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई और) 'मशीन बिल्डिंग' के लिए समर्पित करने जा रहे हैं। इससे पहले 2016 योजना उद्यम पूंजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई थी। इसका संचालन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा किया जाता है, जो भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में पंजीकृत एआईएफ को पूंजी प्रदान करता है, जो बदले में स्टार्टअप में निवेश करते हैं।

मार्च तिमाही में खाली घरों की संख्या चार प्रतिशत घटकर 5.6 लाख इकाई पर : एनारॉक

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के सात प्रमुख शहरों में मजबूत बिक्री के दम पर जनवरी- मार्च तिमाही के अंत में खाली पड़े घरों की संख्या सालाना आधार पर चार प्रतिशत की गिरावट के साथ करीब 5.6 लाख इकाई रह गई। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, मार्च, 2025 के अंत तक सात प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या घटकर 5,59,808 इकाई रह गई। यह आंकड़ा मार्च, 2024 के अंत तक 5,80,895 इकाई था। ये सात शहर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे हैं। आंकड़ों के अनुसार, 40 लाख रुपये से कम कीमत वाले खाली घरों की संख्या मार्च के अंत तक 19 प्रतिशत घटकर 1,12,744 इकाई रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,39,905 इकाई थी। वहीं 40-80 लाख रुपये की कीमत वाले बिना बिके मकान 1,57,741 इकाई रहे, जो मार्च, 2024 में 1,74,572 इकाई थे। 80 लाख रुपये से 1.5 करोड़ रुपये की श्रेणी के मकान की संख्या 1,75,293 इकाइयों से मामूली रूप से बढ़कर 1,76,130 इकाई हो गई। वहीं 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले खाली घरों की संख्या 91,125 इकाई से 24 प्रतिशत बढ़कर 1,13,193 इकाई हो गई। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, '' लक्जरी आवास पिछले दो से तीन वर्ष में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला खंड रहा है३इसकी प्रमुख वजह पिछले एक से दो वर्ष में महत्वपूर्ण आपूर्ति मानी जाती है। उन्होंने कहा कि किफायती आवास को वैश्विक महामारी के कारण सबसे अधिक नुकसान का सामना करना पड़ा है, क्योंकि शीर्ष सात शहरों में इस खंड में बिक्री व नई पेशकश में कमी आई है।

सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना सस्ता होकर 95,660 रुपये से लेकर 95,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,690 रुपये से लेकर 87,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आई कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है जबकि 22 कैरेट सोना 87,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

नेताओं ने अंबेडकर जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य गणमान्य हस्तियों ने सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, पीयूष गोयल, सांसद एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य नेताओं ने भी डॉ अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले श्री मोदी ने अपने पोस्ट पर कहा, मैं सभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। उन्होंने आगे कहा, उनकी प्रेरणा के कारण ही आज देश सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से लगा हुआ है। उनके सिद्धांत और आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को शक्ति और गति प्रदान करेंगे। चौदह अप्रैल को अंबेडकर जयंती भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक बी.आर. अंबेडकर की स्मृति में मनायी जाती है। बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर ने समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के खिलाफ सामाजिक और जातिगत भेदभाव को खत्म करने के लिए जीवन भर दृढ़ता से काम किया। एक साधारण शुरुआत से वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री बने। उन्हें 1990 में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में बाबा साहेब की जयंती पर उनको नमन करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में श्री खरगे, श्रीमती गांधी तथा श्री गांधी के साथ ही कई अन्य प्रमुख नेताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस नेताओं ने संविधान की शक्ति देकर करोड़ों भारतीयों को सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार देने वाले बाबा साहेब को संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर उनकी मूर्ति पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस दौरान वहां आयोजित विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्री गांधी ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा "भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी को उनकी जयंती पर सादर नमन। देश के लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए, हर भारतीय के समान अधिकारों के लिए, हर वर्ग की हिस्सेदारी के लिए उनका संघर्ष और योगदान, संविधान की रक्षा की लड़ाई में हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। इस बीच श्री खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर डॉ. अम्बेडकर के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा भाजपा कहती है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब को संविधान सभा का सदस्य तथा ड्राफ्टिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया। बाबा साहेब ने अपने मित्र को 18 जनवरी 1952 में लिखे पत्र में खुद लिखा था कि मुझे हराने में एस.ए. डांगे और सावरकर का हाथ था। ये दोनों चाहते थे कि बाबा साहेब हार जाएं और यही उनकी मंशा थी।

किसानों से डिजिटल आईडी बनवाने का आग्रह किया शिवराज ने

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से डिजीटल पहचान पत्र (आईडी) बनवाने का आग्रह करते हुए कहा है कि इससे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सरलता होगी और किसान आत्मनिर्भर बनेंगे।

श्री चौहान ने सोमवार को मध्यप्रदेश के विदिशा में किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम बनाना है। इस अवसर पर श्री चौहान ने डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत अपनी किसान आईडी बनवाई। श्री चौहान ने कहा कि इस महत्वपूर्ण मिशन के अंतर्गत सभी किसानों की एक डिजिटल पहचान होगी। उनको आईडी प्रदान की जाएगी और इसमें किसानों की खेती संबंधी और सभी जानकारियां एक ही स्थान पर होगी। इसमें जमीन, रकबा, परिवार और सदस्य, फसल, खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य, मिट्टी के तत्व, मृदा कार्ड, पशु धन और संपत्ति की जानकारी होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसका सबसे बड़ा लाभ ये है कि अभी हर योजना का लाभ लेने के लिए किसान को अलग-अलग जगह औपचारिकता पूरी करनी की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से सीधे खाते में पैसा आएगा। उन्होंने कहा कि खेती संबंधी और बाकी योजनाओं का लाभ भी किसानों तक ठीक ढंग से पहुंचे, इसलिए जरूरी है किसान आईडी बनवाएं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर किसान आईडी बनाने का अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि आईडी में दी गई जानकारी गोपनीय रहेगी और किसान के चाहने पर ही साझा की जाएगी। श्री चौहान ने बताया कि अब तक देश में 5.5 करोड़ से अधिक किसानों की आईडी बन चुकी है, जिसमें मध्य प्रदेश के 78 लाख किसान भी शामिल हैं। उन्होंने किसानों से एक जगह सारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान आईडी बनवाने की अपील की है।

लश्करे लूट की लम्पट छूट पर सर्जिकल स्ट्राइक है वक़्फ़ संशोधन एक्ट: नकवी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि लश्करे लूट की लम्पट छूट पर सर्जिकल स्ट्राइक है वक़्फ़ संशोधन एक्ट।

श्री नकवी ने आज यहां पत्रकारों द्वारा वक़्फ़ पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि 'चोट लश्करे तबाही पर चीख़ लश्करे तुष्टीकरण' की निकल रही है, जिनके लूट लाइसेंस की नाकेबंदी पर लूटसाहबों की लामबंदी इस बात का प्रमाण है कि वक़्फ़ सिस्टम की दाल में काला नहीं था बल्कि पूरी दाल ही काली हो गई थी। इस गन्दगी की सफाई में मुल्क और मज़हब की भलाई है। श्री नकवी ने कहा कि वक़्फ़ सुधार क़ानून, आस्था के संरक्षण और व्यवस्था के सुधार का है, ये क़ानून किसी मज़हब का नहीं मुल्क का है, इससे ना धर्म को नुक़सान है ना धार्मिक स्थल को। श्री नकवी ने कहा कि कुछ लोग भय-भ्रम के भंवरजाल से सीधे-साधे लोगों के कंधों पर बंदूक़ और कम्युनल कांस्प्रेसी का संदूक ले कर घूम रहें हैं। ऐसे भ्रम के गटर में भरोसे का शटर लगा कर साजिशी सिंडिकेट के साम्प्रदायिक संक्रमण का सफ़ाया करना होगा।

श्री नकवी ने कहा, वक़्फ़ सुधार कानून लूट की लंका में कानून का डंका, वक़्फ़ सिस्टम के कन्फ्यूजन, कंट्राडिक्शन, कनफ्लिक्ट को करेक्ट कर, सुधार और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। श्री नकवी ने कहा कि वक़्फ़ संशोधन पर बहस के दौरान संसद में तर्कों, तथ्यों की कंगाली से जूझ रहे लोग सड़क पर मवाली जैसे व्यवहार में जुटकर, संवैधानिक सुधार पर सांप्रदायिक वार कर रहे हैं।

जाति जनगणना कराने के साथ एसएसी एसटी उप-योजना फिर लागू करे सरकार : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में जाति जनगणना को आवश्यक बताते हुए सरकार से एससी और एसटी के हित में पांच मांगे स्वीकार करने का आग्रह करते हुए इन वर्गों के लिए उप योजना को फिर से लागू करने की मांग की है।

श्री खरगे ने डॉ अम्बेडकर जयंती पर सोमवार को यहां जारी बयान में कहा "संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी की जयंती आज है। आज के दिन मैं कॉंग्रेस पार्टी की तरफ़ से 5 बातें कहना चाहता हूँ। पहली बात मैं कहना चाहता हूँ कि जाति जनगणना जरूरी है। अभी केंद्र सरकार 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर अपनी योजनाएँ बना रही है। साल 2021 में होनेवाली जनगणना का अभी तक पता नहीं। हम मांग करते हैं कि जनगणना के साथ-साथ ये भी जरूरी है कि जाति जनगणना कराया जाए। क्योंकि इतने वर्षों के बाद ये नहीं मालूम है कि आज समाज के अलग-अलग वर्गों की वास्तविक हालत कैसी है। सामाजिक न्याय के पैमाने पर - शिक्षा, नौकरी, मकान, जमीन का मालिकाना हक़ आदि पर उन्होंने कितनी तरक्की की है। उन्होंने कहा "श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1976 में अनुसूचित जाति जन जाति सब प्लान लागू किया था ताकि इन समुदायों के साथ समुचित न्याय हो। दुर्भाग्य से 2015 में मोदी सरकार ने इसे ख़त्म कर दिया। हमारे कर्नाटक और तेलंगना राज्य सरकारों ने सब प्लान लागू करने का क़ानून बनाया है। हम भाजपा सरकार से माँग करते हैं कि अनुसूचित जाति जन जाति सब प्लान को केंद्र सरकार फिर से लागू करे। तमिलनाडु के सिवा कोई राज्य नहीं जहाँ आरक्षण सुरक्षित है। हम मांग करते हैं कि राज्यों के आरक्षण को नौवीं सूची में शामिल किया जाए जिससे 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाकर राज्यों के आरक्षण को सुरक्षित किया जा सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा साल 2006 में संशोधन हुआ अनुच्छेद 15 (5) में संविधान संशोधन कर एससी, एसटी, ओबीसी को निजी कालेजों में आरक्षण दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में यह क़ानून सही ठहराया। आज 55 प्रतिशत उच्च शिक्षण संस्थान निजी हाथों में है। हमारे बच्चे कैसे पढ़ेंगे। मोदी सरकार सो रही है। मैं माँग करता हूँ कि इसे क़ानूनी अधिकार बनाया जाय और इसे तत्काल लागू किया जाय। यही सबसे बड़ी श्रद्धांजलि बाबासाहेब को होगी। दो साल पहले जब महिला आरक्षण पारित हुआ तब कांग्रेस पार्टी की माँग थी यह अधिनियम फ़ौरन लागू हो और इसके साथ-साथ ही इसके अंदर एक तिहाई आरक्षण एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए सुनिश्चित हो।

विहिप प्रतिनिधिमंडल ने मुर्शिदाबाद के हिंदू पीड़ितों से की मुलाकात

नयी दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के हिंदू पीड़ितों से सोमवार को मुलाकात की और उन्हें सभी प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया।

विहिप के उत्तर बंगाल प्रांत के अध्यक्ष नारायण मंडल के नेतृत्व में विहिप उत्तर बंग प्रांत के प्रांतीय संगठन सचिव अनूप मंडल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल पलारपुर हाई स्कूल, पीएस बोस्नोब नगर, मालदा में एक अस्थायी आश्रय में रहने वाले मुर्शिदाबाद से पलायन कर आए हिंदुओं से मिला। विहिप के नेताओं को पीड़ितों ने निर्दोष हिंदुओं और उनकी संपत्तियों पर इस्लामी जिहादियों द्वारा क्रूर हमलों की भयानक घटनाओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि 500 से अधिक हिंदू परिवार अपने घरों से भाग गए थे और अपनी जान बचाने के लिए वहां सब कुछ छोड़ दिया था। विहिप ने हर संभव तरीके से उनकी मदद करने का आश्वासन दिया है।

धनखड़ ने अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान जनक डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री धनखड़ ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हमारे संविधान के प्रमुख निर्माता और सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के लिए एक अथक योद्धा के रूप में, डॉ. अम्बेडकर ने अपने विवेक, दृढ़ विश्वास और हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के माध्यम से भारतीय इतिहास की दिशा बदल दी। मैं भारत के सबसे महान राष्ट्र-निर्माताओं और समाज सुधारकों में से एक डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की जयंती पर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आइए हम स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक आदर्शों के प्रति खुद को फिर से समर्पित करके इस दिन को चिह्नित करें। डॉ. अंबेडकर की स्थायी विरासत हमें अधिक समावेशी, न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन करती रहे। श्री धनखड़ ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

पेज एक का शेष

कांग्रेस ने संविधान...

के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था, लेकिन कांग्रेस ने मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर संविधान की आत्मा को रौंदा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वक्फ कानून के जरिए गरीबों, दलितों और आदिवासियों की जमीनों को माफियाओं के हाथ सौंप दिया। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने वक्फ कानून में जरूरी संशोधन किए हैं। यह कदम मुस्लिम महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी था। विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ अंबेडकर के विचार ही उनके शासन का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने दलितों, वंचितों, पिछड़ों और गरीबों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है, जिससे स्वच्छता और गरिमा दोनों में सुधार हुआ है। बारह करोड़ से अधिक घरों में नल से शुद्ध जल पहुंचाया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि करोड़ों गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर दिए गए हैं और जनधन खातों, उज्ज्वला योजना तथा आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने उनके जीवन को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाया है। उन्होंने कहा, "बाबा साहेब कहते थे कि जो समाज शोषित है, पीड़ित है, उसे ऊपर उठाने का काम सरकार का होना चाहिए। हम उसी भावना के तहत कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री का स्वागत पारंपरिक हरियाणवी पगड़ी और गेहूं की बालियों से किया। उन्होंने कहा कि हिसार हवाईअड्डा राज्य के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर...

को आयोजित कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। मुख्यमंत्री ने स्मारिका का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा कि हर गरीब-वंचित को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए पीएम मोदी की प्रेरणा से सरकार ने जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम को अपने हाथ में लिया है। जीरो पॉवर्टी का मतलब कोई गरीब-वंचित न रह पाए। वह सभी प्रकार की सुविधाओं से युक्त हो। पिछले 8 वर्ष में मुसहर, थारू, वनटांगिया, कोल, बुक्सा, चेरो, गोड़, सहरिया को पूरी तरह से सेचुरेट करने का कार्य किया गया। हर जरुरतमंद को सुविधाओं का लाभ दिलाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में 14-15 लाख परिवारों को जोड़ेंगे। हर ग्राम पंचायत में 20-25 ऐसे परिवार होंगे, जिन्हें बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिली होंगी। डबल इंजन सरकार उन्हें वह सुविधा उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना इसलिए बाबा साहेब के नाम पर जानी जाएगी, क्योंकि देश में शैक्षणिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से समुन्नत करने का दर्शन उन्होंने ही दिया था। यूपी देश का पहला राज्य होगा, जो जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1891 में मध्य प्रदेश के महू में उनका जन्म हुआ। विलक्षण बुद्धि और कुछ करने की तमन्ना के भाव के कारण उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड की तरफ प्रस्थान का निश्चय किया। महाराजा बडोदरा ने छात्रवृत्ति दी, जिस पर वे वहां गए और दुनिया की उच्चतम शिक्षा की डिग्री हासिल कर वापस भारत आए। उनका एक ही संकल्प था कि कोटि-कोटि वंचितों-दलितों को उनका अधिकार दिलाना है। न सिर्फ देश, बल्कि नागरिकों की आजादी के लिए भी कार्य करना है। बाबा साहेब देश की आजादी के आंदोलन में कूद पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1946 में संविधान सभा का गठन हुआ। पहली संगठित सरकार के न्याय मंत्री और संविधान समिति के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। भारत का संविधान आज भी प्रत्येक नागरिकों को जोड़ने का सामर्थ्य रखता है जो लोग भारत की एकता के पक्षधर नहीं थे, वे हंसते थे कि भारत स्वतंत्र तो हो रहा है पर एकजुट नहीं रह पाएगा। उनकी मंशा धरी की धरी रह गई। उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक 140 करोड़ लोग एकता के सूत्र में बंधे हैं। संविधान के कारण भारत ने सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में आज भी अपनी धाक जमाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष में दो-तीन बार इस कार्यक्रम में आने का अवसर प्राप्त होता है। वर्ष 2017 में जब बाबा साहेब की जयंती पर मैंने निर्मल को फोन किया तो उन्होंने कहा कि हमें बहुत अच्छा लगेगा, क्योंकि पिछले मुख्यमंत्री नहीं आए थे। मैंने कहा कि मैं आऊंगा। उस समय घोषणा की गई कि गरीब जहां रहेगा, उसे वहीं जमीन का पट्टा और पक्का मकान उपलब्ध कराएंगे। यूपी ने अब तक एक करोड़ गरीब-दलित परिवारों को पीएम स्वामित्व योजना के तहत घरौनी उपलब्ध करा दी है। उसे कोई उजाड़ नहीं सकता है। अब तक 56 लाख गरीबों का आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश हमारे लिए सबक है। पीएम मोदी ने दलितों-वंचितों को सम्मान दिलाया। बाबा साहेब के पंचतीर्थों हों या बांग्लादेश-पाकिस्तान व अफगानिस्तान में पीड़ित-प्रताड़ित मानवता, उन्हें भारत में शरण दी। वहीं कुछ लोगों ने आंदोलन के जरिए व्यवस्था बिगाड़ने का कार्य किया। कांग्रेस व सपा ने बाबा साहेब के जीते जी उनका अपमान किया और कोशिश की कि न रहने के बाद भी उनके मूल्य-आदर्श स्थापित न हों। कांग्रेस ने दिल्ली में उनका स्मारक नहीं बनने दिया। सपा कहती थी कि बाबा साहेब का स्मारक बनेगा तो तोड़ेंगे, लेकिन आज बाबा साहेब को सम्मान मिल रहा है, उनके मूल्यों-आदर्शों के प्रति पूरा भारत सम्मान व कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हम सभी बाबा साहेब के मूल्यों के प्रति जागरूक हों। उन्होंने कहा था कि शिक्षित बनो, शिक्षित रहेंगे तो भटक नहीं पाएंगे। सरकार सुविधा दे रही है, उसका लाभ लेकर बच्चों को पढ़ाइए। उन्होंने संगठित होकर कार्य करने, वंचितों-दलितों की मदद, आर्थिक रूप से समुन्नत बनने को कहा और यह सब शिक्षा से ही संभव है। उस मार्ग का अनुसरण करेंगे तो आने वाली पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य दे पाएंगे। अन्याय-अत्याचार व भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए तैयार होने से ही हम बाबा साहेब के सच्चे अनुयायी कहलाएंगे। अतिथियों का स्वागत अंबेडकर महासभा के अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह सबसे पहले हजरतगंज स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधायक योगेश शुक्ल, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, पवन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

तहव्वुर राणा ने मुंबई ...

कराने का निर्देश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष सरकारी वकील नरेंद्र मान ने अदालत में एनआईए का प्रतिनिधित्व किया। सूत्रों के अनुसार, महत्वपूर्ण साक्ष्यों की कड़ियों को जोड़ने और 17 साल पहले के घटनाक्रमों को समझने के लिए, अधिकारी राणा को प्रमुख स्थानों पर ले जा सकते हैं, जिससे उन्हें अपराध स्थल का नाट्य रूपांतरण कर बड़े आतंकी गिरोह के बारे में गहरी जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई व्यवसायी राणा (64) मुंबई हमलों का मुख्य साजिशकर्ता और अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी है। राणा को प्रत्यर्पण संधि के तहत अमेरिका से भारत लाया गया है। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमला किया था, जिसमें करीब 166 लोग मारे गए थे।

लखनऊ और...

और प्रक्रिया का पालन अनिवार्य रहेगा।इंटरलॉकिंग, सीसी रोड और नालियों के निर्माण पर खास फोकस रहेगा। साथ ही आधुनिक निर्माण तकनीक के साथ सड़कें और जलनिकासी प्रणाली बनाई जाएंगी। इसके लिए त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की व्यवस्था की जा रही है। ये सभी निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे। लखनऊ के बक्शी का तालाब, मलिहाबाद, सरोजनीनगर और वाराणसी के पिंडरा, नारायणपुर, सारनाथ समेत कई क्षेत्रों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा वाराणसी में विकास खंड पिंडरा, नारायणपुर, सारनाथ, सरसौली वार्ड समेत विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण कार्य किए जाएंगे। जिससे लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

फॉरेंसिक विज्ञान के...

सबसे अच्छा दोष सिद्धि दर भारत का होगा जो इस समय 54 प्रतिशत है। गृह मंत्री ने कहा फॉरेंसिक विज्ञान के उपयोग से सभी चुनौतियों का समाधान ढूंढ कर समाज को अपराध रहित बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, हमने नए कानूनों में ई-डॉक्यूमेंट और ई-समन की व्याख्या की है। कानून द्वारा ई-डॉक्यूमेंट स्वीकार करने पर मोड ऑफ टेक्नॉलजी का भेद नहीं रह जाता, इसी तरह लोगों द्वारा ई-समन स्वीकार किए जाने पर मोड ऑफ टेक्नॉलजी का कोई भेद नहीं रह जाता। उन्होंने कहा कि हमने वारदात की जगह, अन्वेषण और मुकदमे की कार्यवाही, सभी चरणों में प्रौद्योगिकी को स्वीकार किया जा रहा है। सात साल से अधिक की सजा के प्रावधान वाले सभी अपराधों में फॉरेंसिक जाँच को अनिवार्य बनाया है। श्री शाह ने इस अवसर पर बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबासाहेब ने हमें जो संविधान दिया उसमें हर नागरिक के शरीर, संपत्ति और सम्मान की रक्षा की व्यवस्था मौजूद है और इन तीनों की रक्षा के साथ जुड़ी फौजदारी न्याय प्रणाली को पुख्ता करने में अब फॉरेंसिक विज्ञान अत्यंत उपयोगी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस, अभियोजन और न्यायिक तंत्र के लिए समय-सीमा तय कर निर्धारित अवधि में न्याय सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि इसके परिणाम भी मिलने लगे हैं। कुछ मामलों में बलात्कार के अपराधी को 23 दिन में सजा हो गई और 100 दिन के अंदर ट्रिपल मर्डर केस को सुलझा कर दोषी को सजा दे दी गई।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम न्याय प्रणाली को जन केंद्रित और वैज्ञानिक बनाने के लिए प्रयासरत हैं ताकि लोगों को समय पर न्याय मिले और न्याय मिलने की संतुष्टि भी हो। इसके लिए सरकार भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के रूप में तीन नए आपराधिक कानून लेकर आई है। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान का सहारा लिए बगैर समय पर न्याय दिलवाना और दोषसिद्धि की दर बढ़ाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के समय में अपराध का पूरा परिदृश्य बदल चुका है। पहले किसी भी अपराध का दायरा किसी जिले, राज्य या देश के किसी छोटे से हिस्से के न्यायिक क्षेत्र में होता था, लेकिन अब यह शहर, राज्य और देश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को भी लांघने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में फॉरेंसिक साइंस का महत्व बहुत बढ़ गया है। श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे और वह (शाह) गृह मंत्री थे, तब श्री मोदी ने 2009 में गुजरात फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय का जो पौधा लगाया था, आज वह राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के वटवृक्ष के रूप में दुनिया में अपनी तरह की पहली संस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए हर्ष का विषय है कि पहली अक्टूबर 2020 को जब एनएफएसयू की स्थापना हुई, उस वक्त मोदी प्रधानमंत्री और वह देश के गृह मंत्री थे।

श्री शाह ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की पहल से हमें न केवल प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होगा, बल्कि अनेक क्षेत्र में अनुसंधान के रास्ते भी खुलेंगे। उन्होंने कहा कि एनएफएसयू जटिल प्रकरणों फॉरेंसिक आकलन करने के लिए विश्वसनीय संस्थान के रूप में सामने आई है। साथ ही, देश की फॉरेंसिक लैब्स को आधुनिक तकनीक मुहैया कराने के मंच के रूप में भी विकसित हुई है। यूनिवर्सिटी में डिग्री, डिप्लोमा, पीएचडी, अनुसंधान सहित कई प्रकार के पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कई स्वदेशी तकनीक भी यूनिवर्सिटी ने अपनाई और विकसित की हैं और उनकी टूलकिट्स बनाकर देशभर की पुलिस को देने का काम किया है। गृह मंत्री ने कहा कि आज देश में अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (सीसीटीएनएस) के माध्यम से 100 प्रतिशत पुलिस स्टेशन कम्प्युटराइज हो चुके हैं। लगभग 14 करोड़ 19 लाख एफआईआर और उनसे जुड़े दस्तावेज लेगेसी डेटा के साथ ऑनलाइन उपलब्ध करा दिए गए हैं। 22 हजार अदालतों को ई-कोर्ट सुविधा से लैस किया गया। दो करोड़ 19 लाख का डेटा ई-प्रिज़न के माध्यम से उपलब्ध है। एक करोड़ 93 लाख केसों का अभियोजन डेटा, ई-प्रॉसिक्यूशन के माध्यम से उपलब्ध है। 39 लाख फॉरेंसिक साक्ष्य ई-फॉरेंसिक के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इससे 16 लाख अलर्ट जनरेट हो चुके हैं। उंगली-छाप पहचान की स्वचालित राष्ट्रीय प्रणाली (एनएएफआईएस में एक करोड़ 53 लाख आरोपियों के फिंगर प्रिन्ट उपलब्ध हैं जो हर पुलिस स्टेशन के साथ साझा किए गए हैं। मानव सस्करी में लगे अपराधियों का डेटा बेस तैयार है। यह सारा डेटा अभी अलग-अलग है, लेकिन गृह मंत्रालय अगले कुछ वर्षों में आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेन्स का उपयोग करके यह डेटा जांच से जुड़ी टीमों को सौंप देगा। उन्होंने कहा कि तब क्राइम रोकने की रणनीति बनानी बहुत सरल हो जाएगी और क्राइम कंट्रोल करने में भी बहुत फायदा होगा।

कभी कर्मचारियों को वेतन...

दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। राज्य ने अपनी सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) और प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने वित्तीय चुनौतियों का जिक्र करते हुए बताया कि 2017 में सरकार बनने के बाद किसानों की कर्ज माफी जैसे प्रस्तावों के लिए धन की कमी थी। उस समय बैंकों का सहयोग नहीं मिलता था और कर्मचारियों के वेतन के लिए भी संसाधन नहीं थे। लेकिन, सरकार ने बजट में 36 हजार करोड़ रुपये की रिसाव को चिह्नित कर उसे समाप्त किया, जिससे आज उत्तर प्रदेश राजस्व अधिशेष (रेवेन्यू सरप्लस) वाला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में अराजकता, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार के कारण लोग अपनी पहचान छिपाने को मजबूर थे। उन्होंने महाकुंभ के उदाहरण से समझाया कि 2017 से पहले कुंभ में गंदगी और अव्यवस्था थी, लेकिन इस बार स्वच्छता और सुव्यवस्था ने सबका ध्यान खींचा। आज पूरे राज्य में कानून का शासन (रूल ऑफ लॉ) स्थापित है। अनावश्यक लाउडस्पीकरों को हटाया गया, सड़कों पर धार्मिक आयोजन को नियंत्रित किया गया और बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। मुख्यमंत्री ने एक उदाहरण साझा किया कि 2017 में मुंबई में एक उद्यमी ने उनसे सुरक्षा की गारंटी मांगी थी। उस उद्यमी ने बाद में 4 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया और 2023 में उत्तर प्रदेश को निवेश का 'ड्रीम डेस्टिनेशन' बताया। फिक्की अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुई महाकुंभ और अयोध्या के कायाकल्प को प्रदेश में आए ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बताया। हर्षवर्धन ने कहा कि क़ानून-व्यवस्था से लेकर विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट तक, कारोबार में सुगमता से लेकर सेक्टोरल पॉलिसियों तक, यह प्रगति अभूतपूर्व है। उन्होंने ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राज्य की महत्वाकांक्षा को साहसी और समय के अनुरूप बताया। फिक्की उत्तर प्रदेश स्टेट काउंसिल के चेयरमैन मनोज गुप्ता ने औद्योगिक माहौल को और बेहतर बनाने के लिए दो सुझाव दिए, जलमार्गों के उपयोग को सक्रिय करना और औद्योगिक भूमि को फ्री-होल्ड में बदलना। उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश एक भू-आवरोधित (लैंडलॉक्ड) राज्य है, जिससे उद्यमियों पर माल ढुलाई का खर्च ज़्यादा आता है। वाराणसी-हल्दिया जलमार्ग जैसी परियोजनाएँ परिवहन लागत को 90% तक कम कर सकती हैं।

सुशासन की पहली...

निस्तारित किया जा रहा है। इससे सरकार के साथ कर्मचारियों को भी राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि मुझे नवनिर्मित भवन से कार्मिकों को समय पर न्याय मिलने के साथ शासन के अनावश्यक बोझ को भी कम करने में मदद मिलेगी।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लोगो' एवं 'शुभंकर' का हुआ अनावरण

- बिहार में पहली बार होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स का पटना में 4 मई को प्रधानमंत्री करेंगे शुभारंभ
- आयोजन बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देगा व युवा प्रतिभाओं को करेगा प्रोत्साहित: नीतीश कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार 2025 के आधिकारिक 'लोगो' तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'शुभंकर' का अनावरण रिमोट के माध्यम से किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक खेल सॉन्ग लॉन्च किया और खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आज मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का बिहार में आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 मई को खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का पटना में उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन के माध्यम से राज्य में खेलों की बुनियादी संरचना को और मजबूत करने तथा युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार का लोगो और केन्द्रीय श्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'शुभंकर' का रिमोट के माध्यमसे अनावरण किया। इस मौके पर एक खेल सॉन्ग भी लॉन्च किया गया। दरअसल, बिहार राज्य में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजन हो रहा है। यह खेल 4 मई से 15 मई तक बिहार के पांच जिले पटना, नालंदा (राजगीर), गया, भागलपुर और बेगूसराय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें 28 खेलों के लिए देशभर से 8 हजार 500 खिलाड़ी और 1500 टेक्निकल स्टाफ सहित कुल 10 हजार लोग भाग लेंगे। बिहार के 38 जिलों से होकर गुजरेगी यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रामुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा रथ को रवाना किया। कार्यक्रम में खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेंदर ने मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजन से संबंधित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा 15 अप्रैल से 2 मई के बीच बिहार के 38 जिलों से होकर गुजरेगी। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का 'लोगो' बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और खेल भावना का प्रतीक है। इसका नारंगी और हरा रंग उत्साह और प्रकृति का मेल दर्शाता है।

राज्यपाल–मुख्यमंत्री ने अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के समीप आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व डॉ भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी,अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

नगर भाजपा इकाई ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फारबिसगंज/अररिया। फारबिसगंज नगर भाजपा इकाई के द्वारा सोमवार को नगर अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद मिंटू की अध्यक्षता में स्थानीय अम्बेडकर चौक पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकत्र्ताओ के द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी के अलावे भाजपा मनोज झा, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवानी सिंह, नीलिमा साह, पूर्व मुख्यपार्षद गुंजन सिंह, संदीप कुमार, शिवराम शर्मा, आयुष कुमार कालू, अभिषेक सिंह, करण सिंह, बिपुल सिंह, किशन शर्मा आदि ने अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रेरणा स्थल पर डॉ आंबेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

- कहा, वंचित, पीड़ित और जरूरतमंद को सम्मान, अवसर और अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध दिल्ली सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा, ' भारत रत्न, संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के महान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर उनकी पावन स्मृति को कोटिशः नमन। बाबा साहेब ने हमें केवल संविधान नहीं दिया, बल्कि समता, समरसता और अधिकारों पर आधारित एक न्यायपूर्ण व समावेशी भारत की राह दिखाई। उनका संदेश स्पष्ट है–जब तक अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को न्याय नहीं मिलता, तब तक हमारा विकास अधूरा है। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में बाबा साहेब के विचारों, स्थलों और स्मृतियों को सम्मान देने के लिए जो कार्य हुए हैं, वे प्रेरणादायक हैं। उनका यह संकल्प कि आंबेडकर जी की विरासत केवल एक वर्ग नहीं, पूरे राष्ट्र की धरोहर है, वास्तव में ऐतिहासिक है। दिल्ली सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए प्रत्येक वंचित, पीड़ित और जरूरतमंद को सम्मान, अवसर और अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने एक्स लिखा कि समाज के वंचित और शोषित वर्ग के सशक्तीकरण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूज्य ल्लबाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जन्म जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

केंद्र ने बिहार के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए

पटना। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत बिहार की प्रतीक्षा सूची समाप्त हो गई। केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त आवासों का आवंटन कर दिया है। इन अतिरिक्त आवासों के आवंटन से राज्य में पीएम आवास योजना की 2018 से चली आ रही प्रतीक्षा सूची तकरीबन समाप्त हो गई है। सूची में मौजूद लगभग सभी लाभार्थियों को आवास मिलने का रास्त साफ हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। केंद्रीय कृषि एवं किसान और ग्रामीण विकासमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कुमार को पत्र लिखकर पूरी स्थिति से अवगत करा दिया है।पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की 9 अगस्त 2024 को हुई बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवास की जरूरतों को पूरा करने के लिए 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण से संबंधित योजना को मंजूरी प्रदान करते हुए इस योजना का विस्तार आगामी 5 वर्षों 2029 तक करने की सहमति दी गई।

मुठभेड़ के बाद दो बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने द्वारका जिले के छावला इलाके में बीती देर रात मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। पकड़े गए बदमाशों की पहचान राज नगर पार्ट 2 पालम निवासी कैलाश उर्फ भोला (20) और सुल्तानपुरी निवासी दीपक उर्फ हड्डी (21) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक बीती देर रात क्राइम ब्रांच आरके पुरम की टीम को छावला इलाके में कुछ बदमाशों के आने की सूचना मिली थी। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाया। अंधेरे में बदमाश जैसे ही आए तो उन्हें सरेंडर करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने पुलिस टीम पर गोली चला दी। बदमाशों की तरफ से फायरिंग शुरू होने के बाद जवाबी कार्रवाई में क्राइम ब्रांच की टीम ने भी फायरिंग की। इस घटना में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पैर में गोली लगने के बाद बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

दलित समाज ने अंबेडकर जयंती पर यूसीसी लागू करने पर मुख्यमंत्री का किया नागरिक अभिनंदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। प्रदेश में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू किए जाने पर दलित संगठनों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। अंबेडकर जयंती के मौके पर हरिद्वार के भेल स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित आभार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का आभार जताया गया। डॉ बीआर अंबेडकर महामंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार किया जा रहा है। संविधान के जिस अनुच्छेद के तहत बाबा साहब ने यूसीसी लागू करने का प्रावधान किया था, उसी के तहत उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू कर दी गई है। वहीं पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून को लेकर हो रही हिंसा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन माफियाओं ने भूमियों पर कब्जा किया था अब उन जमीनों के कब्जा मुक्त होने का समय आ गया है। इसलिए हिंसा की जा रही है। देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का का उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने पर दलित समाज ने जोरदार नागरिक अभिनंदन किया, जिसमें बड़ी तादाद में दलित समाज के लोग उमड़े।

'पंजाब में 50 बम' बयान को लेकर बाजवा के खिलाफ मामला दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष परताप सिंह बाजवा के खिलाफ उनके कथित बयान कि पंजाब में 50 बम आ चुके हैं जिनमें 18 का धमाकों के लिए इस्तेमाल किया जा चुका है, 32 बाकी हैं, को लेकर एक मामला पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार श्री बाजवा के खिलाफ रविवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (2), 197(1) डी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी और सोमवार को दोपहर 12 बजे उन्हें पूछताछ के लिए मोहाली स्थित साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में पेश होने को कहा गया था। श्री बाजवा हालांकि पेश नहीं हुए और उनके करीबी सूत्रों ने बताया कि उनके वकील ने समय मांगा है और श्री बाजवा मंगलवार को पुलिस के समक्ष पेश हो सकते हैं। इस बीच, पंजाब कांग्रेस ने इस प्राथमिकी को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के खिलाफ चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस भवन में मंगलवार को विरोध प्रदर्शन की घोषणा की। श्री बाजवा के बयान की मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आलोचना करते हुए उन पर दहशत फैलाने का आरोप लगाया था और उनके स्रोत के बारे में जानना चाहा था। उन्होंने सवाल किया था कि जब प्रदेश की और राष्ट्रीय खुफिया एजंसियों के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं, तो क्या श्री बाजवा को पाकिस्तान से सीधे यह जानकारी मिली है। पंजाब पुलिस की काउन्टर इंटेलिजेंस के दो वरिष्ठ अधिकारी रविवार को ही श्री बाजवा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर पूछताछ के लिए पहुंचे थे और आरोप लगाया था कि श्री बाजवा पुलिस से सहयोग नहीं कर रहे।

2 मई को बाबा तुंगनाथ और 21 मई को मद्महेश्वर के खुलेंगे कपाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। पंचकेदारों में शामिल प्रतिष्ठित द्वितीय केदार श्रीमद्महेश्वर मंदिर के कपाट 21 मई को कर्क लग्न में पूर्वाह्न शुभ मुहूर्त पर विधिविधान से खोले जाएंगे। इसी तरह तृतीय केदार बाबा तुंगनाथ के कपाट 2 मई को मिथुन लग्न में भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। पौराणिक परंपराओं के अनुसार पंच केदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में मंदिर समिति के आचार्य वेदपाठियों ने पंचाग गणना पश्चात मद्महेश्वर धाम के कपाट खुलने की तिथि की घोषणा की। श्री तुंगनाथ के शीतकालीन प्रवास मर्करेटेश्वर मंदिर मक्कूमठ में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य पुजारी विजय भारत मैठाणी ने कपाट खुलने की तिथि पूजा-अर्चना और पंचांग गणना के पश्चात तय की। इस संबंध में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि कपाट खुलने की तिथि तय होने के बाद रावल निवास सभागार में मंदिर समिति कर्मियों की यात्रा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से मद्महेश्वर की चल विग्रह डोली 18 मई को ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में विराजमान होगी। प्रथम पड़ाव राकेश्वरी मंदिर रांसी प्रवास को 19 मई को पहुंचेगी। 20 मई द्वितीय पड़ाव गौंडार प्रवास करेगी और 21 मई सुबह को श्री मद्महेश्वर मंदिर पहुंचेगी। बुइसके बाद श्रीमद्महेश्वर मंदिर के कपाट 21 मई दिन बुधवार को कर्क लग्न में पूर्वाह्न शुभ मुहूर्त 11.30 बजे विधिविधान से खोले जाएंगे। इसके अलावा तृतीय केदार बाबा तुंगनाथ की चल विग्रह डोली 30 अप्रैल को मर्करेटेश्वर मंदिर मक्कूमठ स्थित भूतनाथ मंदिर पहुंचेगी। इस दिन 30 अप्रैल को भूतनाथ मंदिर में प्रवास रहेगा। 1 मई को तुंगनाथ जी की चल विग्रह डोली भूतनाथ मंदिर से चोपता प्रवास के लिए पहुंचेगी। 2 मई सुबह भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह डोली चोपता से तुंगनाथ पहुंचेगी और 2 मई को मिथुन लग्न में पूर्वाह्न 10.15 बजे तुंगनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खुलेंगे।

पैरोल लेकर फरार हुए कैदी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में पैरोल लेकर फरार हुए भारतीय सेना के भूतपूर्व सिपाही अनिल कुमार तिवारी को 20 साल के बाद गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने सोमवार को बताया कि अनिल के खिलाफ दिल्ली कैंट थाने में 14 मई 1989 में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने 31 मई को आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे दोषी ठहराया और आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके बाद 2005 में आरोपित को दो सप्ताह की पैरोल मिली। पैरोल मिलने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। तब से पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच ने फरार कैदियों को पकड़ने का अभियान चला रखा है। इसी क्रम में आरोपित अनिल के बारे में पुलिस टीम को सूचना कि वहप्रयागराज उप्र में देखा गया है। सूचना को पुख्ता कर क्राइम ब्रांच की दो टीमों को प्रयागराज भेजा गया। वहां जांच करने पर पता चला कि आरोपित अपने गांवमध्य प्रदेश भाग गया है। पुलिस की एक टीम को मध्य प्रदेश भेजा गया, जहां गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि 1981 में मध्य प्रदेश निवासी एक लड़की से उसने शादी की।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063